हिन्दी दैनिक

जन-जन की वाणी...

# सोन वर्षा वाणी

औरंगाबाद, आरा एवं रांची से प्रकाशित

शुक्ल पक्ष प्रतिपदा विक्रम संवत 2080 • औरंगाबाद • रविवार • 10 मार्च 2024 • वर्ष 26 • अंक 90 • पृष्ठ 12 मूल्य ₹ 2.00

झारखण्ड सरकार GOVERNMENT OF JHARKHAND



शिशु देखभाल अवकाश योजना लागू होने के बाद मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन को धन्यवाद ज्ञापित करते अधिकारीगण

## झारखण्ड सरकार का प्रयास

# मिले बच्चों को मां का दुलार ...

वर्षों से ममता मांग रही थी अवकाश ....
झारखंड सरकार ने ममत्व को समझा और दिया उपहार .. अब झारखण्ड सरकार में कार्यरत नौकरीपेशा महिलाएं ले सकेंगी
**730 दिनों का मातृत्व अवकाश..**

### शिशु देखभाल अवकाश योजना

महिलाकर्मियों को अपने नाबालिग बच्चों की देखभाल के लिए पूरे कार्यकाल में दो वर्षों की छूट दी जाएगी। इस योजना का लाभ तलाकशुदा और एकल पुरुषों को भी मिलेगा। महिलाकर्मियों को नाबालिग बच्चों की देखरेख के लिए मिलेगी 730 दिनों की छुट्टी।

### सरकार के महिला सशक्तिकरण के लिए चलायी जा रही योजनायें

- सर्वजन पेंशन योजना अंतर्गत राज्य की सभी महिलाओं को 50 वर्ष की उम्र के बाद पेंशन का लाभ।
- सावित्री बाई फुले किशोरी समृद्धि योजना अंतर्गत 8 लाख से अधिक बेटियों को आर्थिक सहायता
- राज्य विधवा पुनर्विवाह प्रोत्साहन योजना अंतर्गत पुनर्विवाह हेतु विधवा महिलाओं को ₹2 लाख की प्रोत्साहन राशि
- 30 हज़ार से अधिक माताओं - बहनों को फूलो-झानो आशीर्वाद अभियान के तहत जोड़ा गया।
- सखी मंडल से जुड़ी लाखों माताओं-बहनों को विगत 4 वर्षों में ₹9 हजार करोड़ से अधिक राशि बैंक क्रेडिट
- पलाश ब्रांड बना लाखों महिलाओं के आजीविका संवर्धन में सहायक



**श्री चम्पाई सोरेन**
माननीय मुख्यमंत्री, झारखण्ड

PR No. 322032 / IPRD / 2023-24 सूचना एवं जनसंपर्क विभाग, झारखण्ड सरकार

## संक्षिप्त समाचार

### गली में सोलिंग व ढक्कन युक्त नाली निर्माण होने से ग्रामीणों में छाई खुशी



**नारदीगंज।** प्रखंड के हंडिया पंचायत के दलेलपुर गांव के टोला नंदग्राम में फेवर ब्लॉक सोलिंग व ढक्कनयुक्त नाली निर्माण होने से ग्रामीणों में खुशी की लहर दौड़ पड़ी।यह टोला वार्ड 13 में है।ग्रामीण अलखदेव यादव,शर्मिला देवी,संतोष कुमार, रविन्द्र यादव,समुंद्री देवी समेत अन्य ग्रामीणों ने कहा हमारे टोला में सोलिंग व ढक्कन युक्त नाली का निर्माण का कार्य दो पहले पूरा हुआ है,यह रास्ता काफी कीचड़मय था,गली में नाली बहता था,जिससे आवागमन में परेशानी होती थी, लेकिन यह कार्य हो जाने से काफी राहत मिली है। यह कार्य अलखदेव यादव के घर से नदी तक हुआ है। मुखिया अजय पंडित ने कहा 15वीं मद की राशि से निर्माण हुआ है,जिसका प्राक्कलित राशि तीन लाख 69 हजार 200 रुपये हैं। ग्रामीणों की परेशानियों को देखते हुए यह कार्य पूरा किया गया है।

### कुख्यात की पत्नी और भतीजा हथियार के साथ गिरफ्तार

**नवादा।** नगर थाने की पुलिस ने कुख्यात रोह थाना क्षेत्र के महकार गांव के विनय उर्फ छोटू यादव की पत्नी व उसके भतीजे को देसी रिवॉल्वर (सिक्सर) और 2 कारतूस (7.65) के साथ गिरफ्तार कर लिया। कार्रवाई नगर थाना क्षेत्र के मंगर बिगहा मोहल्ले में हुई। गिरफ्तार आरोपितों में विनय यादव उर्फ छोटू यादव की पत्नी सोनी देवी और उपेन्द्र यादव का बेटा गुड्डू कुमार शामिल है। दोनों जिले के रोह थाने के महकार गांव के रहने वाले हैं। गुड्डू कुमार कुख्यात छोटू यादव का भतीजा है। दोनों पर रोह प्रखंड की प्रमुख रिंकू देवी की हत्या करने की नियत से घर में घुसने का आरोप है। बताया जाता है कि रोह प्रमुख रिंकू देवी अपने किराये के आवास नगर थाना क्षेत्र के मंगरबिगहा में रहती है। उनके पति सुनील कुमार की हत्या 20/10/20 को विनय यादव ने कर दी थी। उक्त मामले में रिंकू देवी के बयान पर रोह थाना कांड संख्या 164/20 में विनय आरोपी है। बकौल रिंकू उक्त मामले में समझौता के लिये दबाव बनाने व नहीं मानने पर हत्या की नियत से अचानक दोनों घर में घुस गये। शोर मचाने पर मुहल्ले वाले के सहयोग से शस्त्र- कारतूस के साथ दोनों को पकड़ 112 के हवाले कर दिया गया।

### बाबा महादेव पर जलाभिषेक करने की लगी रही तांता

**नारदीगंज।** महाशिवरात्रि के दूसरे दिन शनिवार को धनियावां पहाड़ी स्थित ऐतिहासिक व द्वापरकालीन शिव-पार्वती मंदिर में जलाभिषेक करने के लिए श्रद्धालुओं की तांता लगा रहा । पूजा अर्चना करने के लिए लोग कतारबद्ध रहें । आसपास गांव के महिलाएं व पुरूषों ने बाबा के दरबार में पहुंचे और जलाभिषेक के उपरांत वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ विधिवत हवन, पूजा अर्चना की । तत्पश्चात व्रतधारियों ने दही , चुड़ा और बेर का ग्रहण कर पारण किया । श्रद्धालुओं ने परिवार की सुख-समृद्धि की कामना की । इस अवसर पर मंदिर परिसर में मेला का आयोजन हुआ । आयोजित मेला में लोग गोलगप्पे , चाट पकौड़ी और साथ ही झूला का आंनद लिया। इसके अलावा नारदीगंज बाजार , कोशला , हंडिया, पड़रिया, परमा, मसौढा, ओड़ो गांव में ब्राह्मण टोला स्थित आभालिंगम महादेव मंदिर, कहुआरा , रामे , वनगंगा समेत विभिन्न गांवों में स्थित शिवालय में बाबा भोलेनाथ का जलाभिषेक कर मन्नतें मांगी ।

### छात्रों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा देने का है लक्ष्य-प्राचार्य

**नारदीगंज।** उच्चतर माध्यमिक विद्यालय हडिया में अध्ययनरत एक से कक्षा तीन तक के छात्र छात्राओं के बीच एफएलएन केएसटी कीट का वितरण हुआ ।यह कार्यक्रम बिहार शिक्षा परियोजना के द्वारा किया गया । इस योजना के तहत बच्चों के बीच पाठ्य सामग्री का वितरण हुआ,जिसमे स्कूल बैग के अलावा पानी का बोतल,स्लेट, पेंटिंग व अन्य सामग्री पेन्सिल एवम् कलम समेत अन्य चीज़ का वितरण किया गया।ताकि इसके माध्यम से छात्रों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा देने के लक्ष्य की प्राप्त किया जा सके।उपस्थित छात्र छात्राओं को संबोधित करते हुए प्राचार्य मनोज कुमार झा ने कहा कि छात्रों को पोशाक के साथ स्कूल बैग की कमी महसूस की जा रही थी।जिस बिहार शिक्षा परियोजना ने पूरा कर दिया। इसीलिए विद्यालय परिवार की ओर से शिक्षा परियोजना की बधाई दी गयी। छात्र व छात्राएं समाग्री पाकर गदगद हो गए। मौके पर शिक्षिका रजनी कुमारी, सोनम भारती, पूजा वर्मा, निर्मला शर्मा, दिला किशोर, कुंदन, रूपक, पंकज समेत अन्य मौजूद रहे।

### 80 हजार 153 रुपये हुए राजस्व की वसूली

**नारदीगंज।** बिजली बिल सुधार व बिजली बिल जमा करने के लिए शिविर शनिवार को आयोजित हुआ। कार्यक्रम का आयोजन नारदीगंज स्थित पावरग्रिड परिसर में किया गया। बिजली विभाग के जेई नवीन कुमार सिंह व बिजली विभाग के अधिकारी नेहा कुमारी के देखरेख में शिविर आयोजित हुआ। इस शिविर में प्रखंड के विभिन्न गांवों के 14 बिजली उपभोक्ताओं ने बिजली बिल सुधारने के लिए आवेदन जमा किये। वही 10 उपभोक्ताओं ने बिजली बिल जमा किये। बिजली विभाग के जेई ने बताया आयोजित शिविर में 14 उपभोक्ताओं ने बिजली बिल सुधारने के लिए आवेदन जमा किये थे,जिसमे छह उपभोक्ताओं का बिजली बिल सुधार किया गया, शेष उपभोक्ताओं को हिसुआ में निष्पादित किया जाएगा।उन्होंने कहा 10 उपभोक्ताओं ने 80 हजार 153 रुपये राजस्व जमा किये हैं। इस दौरान जेएलएम बिपिन कुमार ,अनन्त कुमार के अलावा उपभोक्ता समुंद्री देवी,उपेन्द्र कुमार,राजेन्द्र कुमार समेत अन्य शामिल हुए।

### थाना परिसर में जनता दरबार का हुआ आयोजन,दो मामले का हुआ निष्पादन

**बछवाड़ा(बेगूसराय)।** बछवाड़ा थाना परिसर में शनिवार को विभिन्न पंचायतों के भूमि विवाद सम्बंधित मामले को लेकर जनता दरबार का आयोजन किया गया । जनता दरबार में विभिन्न पंचायतों के कुल दो नये आवेदन प्राप्त हुए जबकि पुर्व से ग्यारह लंबित आवेदन था । कुल तेरह आवेदन में से दो आवेदन का निष्पादन किया गया । जनता दरबार के दौरान थानाध्यक्ष अमित कुमार कांत,अंचलाधिकारी प्रीतम गौतम, राजस्व कर्मचारी सुशील कुमार समेत अरविंद कुमार के द्वारा दोनो पक्ष के लोगों से भूमि सम्बन्धित विवाद के कागजात जमा कराते हुए दोनो पक्ष के लोगो को अपना अपना पक्ष रखने का मौका दिया गया । दोनों पक्ष की बात सुनने के बाद दो आवेदन का निष्पादन किया गया । वही अन्य ग्यारह आवेदन कर्ता आवेदक को भूमि संम्बन्धित साक्ष्य के साथ अगले शनिवार को उपस्थित होकर अपना अपना पक्ष रखने को कहा गया । जनता दरबार के दौरान मौके पर विभिन्न पंचायत के दर्जनों की संख्या में महिला, पुरूष आवेदक मौजूद थे ।

### मारपीट मामले के तीन आरोपी को पुलिस ने किया गिरफ्तार, भेजा जेल

**बछवाड़ा ( बेगूसराय)।** बछवाड़ा थाना क्षेत्र के रानी दो पंचायत के रानी डोभियाटोल गांव में छापेमारी कर बछवाड़ा थाना पुलिस ने मारपीट मामले के तीन आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है । मामले को लेकर थानाध्यक्ष बछवाड़ा अमित कुमार कांत ने बताया कि रानी दो पंचायत के रानी डोभियाटोल गांव निवासी नंदलाल यादव के पुत्र दयानंद कुमार,स्वर्गीय दिनेश यादव के पुत्र पप्पू कुमार व नागेंद्र यादव उर्फ रामचंद्र यादव के पुत्र रामा कुमार उर्फ रामानंद कुमार को गिरफ्तार किया गया है। गिरफ्तार व्यक्ति बछवाड़ा थाना का नामजद प्राथमिकी अभियुक्त है । उक्त व्यक्ति के विरुद्ध बछवाड़ा थाना में अपने ही ग्रामीण व ग्रामीण के यहां आए बारात के साथ मारपीट करने का मामला दर्ज है । गिरफ्तार व्यक्ति को पूछताछ के उपरांत न्यायिक हिरासत बेगूसराय भेज दिया गया है ।

# नरहट में हुआ नारी शक्ति फिटनेस दौड़ प्रतियोगिता का आयोजन

निज संवाददाता। **नरहट**



शनिवार को नरहट में नेहरू युवा केंद्र एवं खेल मंत्रालय भारत सरकार के सौजन्य से नारी शक्ति फिटनेस दौड़ प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। यह आयोजन डॉ० अम्बेडकर युवा क्लब एवं नरहट के निजी कम्पटीशन कोचिंग सेंटर के सहयोग से की गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता मुकेश संगम ने किया। कार्यक्रम की शुरुआत कोचिंग के शिक्षक लव कुमार और समाजसेवी विकास कुमार वंदन के द्वारा डीप प्रज्वलीत व हरी झंडी दिखाकर की गई। लव कुमार ने नारी शक्तिपर बल देते हुए कहा की महिलाएं एवं बेटियां हर एक क्षेत्र में बेहतर कर रही और मै शुभकामनाएँ देता हुँ, की आप सब भी पढ़ाई के साथ खेल में भी बेहतर करें। खेल से शारीरिक विकास के साथ साथ मानसिक विकास भी होता है। कार्यक्रम के पहले चरण में वर्ग आठवीं के बच्चों से दौड़ करवाया गया, जिसमें रौशनी कुमारी ने प्रथम स्थान प्राप्त की वहीँ वैष्णवी कुमारी दूसरी स्थान और शिवांगी सहाय ने तृतीय स्थान प्राप्त की। कार्यक्रम की अगली कड़ी में सीनियर विधार्थिओं ने इस दौड़ प्रतियोगिता में भाग लिया, जिसमें प्रथम स्थान मोनिषा कुमारी, द्वितीय स्थान स्मिता कुमारी एवं तीसरा स्थान सपना कुमारी ने प्राप्त की। कार्यक्रम को आगे बढ़ाते हुए समीर राज वर्मा के निर्देशानुसार वन टू खेल का भी आयोजन किया गया जिसमे,पुष्पा कुमारी प्रथम स्थान,द्वितीय स्थान राधिका कुमारी ने प्राप्त की वहीँ नंदनी कुमारी ने तृतीय स्थान प्राप्त की।सभी प्रतिभागीओं को नेशनल कबड्डी प्लेयर इंदु कुमारी के द्वारा सम्मानित किया गया । कार्यक्रम में मुकेश संगम, समीर राज वर्मा, गोलू कुमार, टिंकू कुमार, मंटू कुमार इत्यादि लोगों का अहम् योगदान रहा। कार्यकम को लेकर काफी उत्साह देखा गया।

## राष्ट्रीय लोक अदालत में सुलहनीय वादों का हुआ निवटारा



निज संवाददाता। **नवादा**

आशुतोष कुमार वर्मा जिला पदाधिकारी नवादा, श्री अम्बरीष राहुल पुलिस अधीक्षक नवादा एवं श्री सुभाष चन्द्र शर्मा प्रभारी जिला जज ने आज सिविल कोर्ट में संयुक्त रूप से दीप प्रज्जवलित कर राष्ट्रीय लोक अदालत का उद्घाटन किये। जिला जज के द्वारा सुलहनीय सभी वादों को यथाशीघ्र निष्पादन करने के लिए 16 बेंचों का गठन किया गया था। राष्ट्रीय लोक अदालत में सुलहनीय मामलों के आधार पर वादों का निष्पादन किया गया। राष्ट्रीय लोक अदालत में सभी प्रकार के सुलहनीय अपराधिक वादों, बैंक ऋण, बीमावाद, बिजलीवाद, जलवाद, विवाह संबंधी वाद, राजस्ववाद, श्रमवाद, भरण पोषण वाद आदि मामलों का निष्पादन आपसी सुलह के आधार पर ऑन स्पॉट निष्पादन किया गया। आज राष्ट्रीय लोक अदालत में कुल 1401 मामले आये जिसमें कोर्ट का मामला 454 और बैंक, इलेक्ट्रिसीटी, बीएसएन से संबंधित 947 मामले आये। आज सुबह से ही राष्ट्रीय लोक अदालत परिसर में काफी संख्या में लोग वादों के निष्पादन के लिए उपस्थित थे। जिला जज के द्वारा राष्ट्रीय लोक अदालत को सुव्यवस्थित ढ़ंग से संचालित करने के लिए व्यापक व्यवस्था की गयी थी। आज सभी जज अपने-अपने प्रतिनियुक्ति स्थल पर सुलहनीय वादों का लागातार निवारण करने में सक्रिय रहे।

## 209 गर्भवती महिलाओं का किया गया जांच,परिवार नियोजन सम्बन्धी दी गई जानकारी

निज संवाददाता। **रजौली**



अनुमंडलीय अस्पताल में शनिवार को स्वास्थ्य परिवार कल्याण मंत्रालय भारत सरकार के द्वारा प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान चलाया गया।इस दौरान परिवार नियोजन संबंधित जानकारियां भी दी गई।अनुमंडलीय अस्पताल के प्रभारी उपाधीक्षक डॉ दिलीप कुमार के नेतृत्व में अनुमंडलीय अस्पताल में 209 गर्भवती महिलाओं की जांच की गई।चिकित्सकों की जांच टीम ने अस्पताल में चल रहे प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान शिविर के दौरान जांच दूर-दराज के गांवों से आई गर्भवती महिलाओं का जांच कर रहन-सहन की जानकारी देते हुए,उनके खान पान पर विशेष ध्यान रखने का दिशा निर्देश दिया।साथ ही अस्पताल प्रबंधक विकास कुमार के द्वारा सभी गर्भवती महिलाओं को बन्द पैकेट में बालूशाही,लिट्टी,मूंगदाल,अंगूर व केला आदि नाश्ता के रूप में दिया गया।प्रभारी उपाधिक्षक ने बताया कि प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान प्रत्येक माह के 9 तारीख को चलाया जाता है।उन्होंने यह भी कहा कि अभियान के तहत गर्भवती महिलाओं की संपूर्ण जांच व रहन सहन के बारे में बताया जाता है।महिलाओं को आयरन की गोलियां देकर उचित खान पान के बारे में बताया जाता है।अस्पताल में चलाए जा रहे प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान के दौरान लगभग 209 महिलाएं अस्पताल पहुंच कर स्वास्थ्य लाभ उठाई।साथ ही ब्लड के विभिन्न प्रकार की जांच किया गया एवं सभी महिलाओं के स्वास्थ्य जांच कर उचित दवाईयां दी गई।सरकार के द्वारा चलाए जा रहे योजनाओं का लाभ के बारे में संपूर्ण जानकारी दी गई।प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान शिविर के दौरान अनुमंडलीय अस्पताल के जांच टीम में डॉ अनुज कुमार प्रसाद एवं स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ स्नेहल,लैब टेक्नीशियन राकेश कुमार,परिवार नियोजन परामर्शदाता राकेश कुमार,जीएनएम अनिल पासवान,आशा खेस,पुनिता कुमारी,अर्चना कुमारी,ज्योति कुमारी के अलावे दर्जनों जीएनएम व एएनएम छात्राएं मौजूद थी।

## जनता दरबार में पहुंचे दो नए मामले,पांच पुराने मामलों में दो का निष्पादन,सीओ

निज संवाददाता। **रजौली**



थाना परिसर में अंचलाधिकारी मो गुफरान मजहरी एवं थानाध्यक्ष सह इंस्पेक्टर राजेश कुमार के नेतृत्व में जनता दरबार का आयोजन शनिवार को किया गया।थाने में लगाए गए जनता दरबार में थाना क्षेत्र के नगर पंचायत एवं बहादुरपुर ग्राम पंचायत के अलावे अन्य से दो नए जमीन सम्बन्धी मामले पहुंचे थे एवं पांच मामला पूर्व का था।अंचलाधिकारी ने बताया कि पुलिस व प्रशासन की संयुक्त अध्यक्षता में प्रत्येक शनिवार को थाना परिसर में भूमि विवाद निवारण सह शनिवारीय बैठक का आयोजन किया जाता है।जिसमें रैयती जमीन से सम्बंधित विवादों का निपटारा ऑन द स्पॉट किया जाता है।उन्होंने कहा कि इस बार जनता दरबार में रजौली अंचल क्षेत्र के पांच पुराने एवं दो नए मामले आए थे।उन्होंने कहा कि पुराने दो मामलों का निपटारा ऑन द स्पॉट किया गया।जबकि दो नए एवं तीन पुराने मामले में द्वितीय पक्ष अनुपस्थित रहने के कारण उन्हें नोटिस किया गया है।जिसका निपटारा अगले शनिवार को लगने वाले जनता दरबार में किया जाना सुनिश्चित किया गया है।अंचलाधिकारी ने आम लोगों से अपील किया कि वे जमीन सम्बन्धी विवादों को आपस मे झगड़ा न करें।बल्कि वे थाना परिसर में लगने वाले जनता दरबार में आएं।जनता दरबार में दोनों पक्षों की मौजूदगी में ऑन द स्पॉट निपटारा किया जाएगा।इस दौरान राजस्व कर्मचारी अजीत कुमार एवं क्लर्क शिवशंकर कुमार,पीटीसी मनीष कुमार के अलावे दर्जनों ग्रामीण एवं पुलिस जवान व चौकीदार मौजूद थे।

### आपसी रंजिश में जमकर हुई लुट एवं मारपीट

निज संवाददाता। **छौराही बेगूसराय**

छोराही थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत नारायण पीपल से दबंग के द्वारा मारपीट एवं लूट का मामला प्रकाश में आया है जो दिल दहलाने वाला है। पिरित स्वर्गीय तेज नारायण यादव का पुत्र सिकंदर यादव ने बताया कि मैं गरही बहियार में गाली गलौज करते वकील यादव पिता रामनारायण यादव और पत्नी अंजू देवी दोनों गाली गलौज करते मेरे करीब पहुंच गया हाथ में डंडा लिए वकील यादव बोल हरामजादे बोलने की कोशिश करेगा तो सर कलम कर दूंगा। मैं गली का विरोध किया अकेले का फायदा उठाकर उसकी पत्नी मेरे कमर में लपट गई और वकील ज्यादा हाथ में डंडे लिए बेरहमी से पीटने लगा जिससे मेरा सिर फट गया मेरे जेब में नगद 2000 था वह भी वकील यादव लूट लिया। आने जाने वाले राहगीरों के द्वारा मेरी जान बची जाने के वक्त मुझे बोला पुलिस को सूचना दिया तो पूरे परिवार को जान से मार दूंगा। थाना अध्यक्ष पवन कुमार सिंह ने बताया कि आवेदन मिला है मामले की तफसीश कर कार्रवाई की जाएगी।

## चापाकल मरम्मति दल को डीएम ने हरी झंडी दिखाकर किया रवाना

निज संवाददाता। **नवादा**

आगामी भीषण गर्मी की संभावना को ध्यान में रखते हुए नवादा जिलान्तर्गत खराब पड़े चापाकलों की मरम्मति हेतु आज जिला पदाधिकारी, नवादा श्री आशुतोष कुमार वर्मा द्वारा चलंत चापाकल मरम्मति दल को सभी 14 प्रखंडों के लिए हरी झंडी दिखा कर रवाना किया गया। सभी प्रखण्डों में मरम्मति दल कार्यरत रहेगा, जिसके लिए रोस्टर तैयार कर कार्यालय आदेश निर्गत किया गया है। जिलाधिकारी ने कहा कि आगामी गर्मी के मौसम में पीक टाईम में भीषण गर्मी पड़ने की संभावना रहती है। भू-गर्भ जल-स्तर भी नीचे चला जाता है। पेयजल की समस्या भी आ सकती है। इन सबके मद्देनजर पहले से ही तैयारी शुरू कर दी गयी है ताकि आम जनता को कोई समस्या न हो। कुल 14 चलंत चापाकल मरम्मति दलों को आज रवाना किया गया जो सभी 187 पंचायतों में घूम-घूमकर खराब चापाकलों को ठीक करेगा। उन्होंने कहा कि पंचायतों के जन-प्रतिनिधियों से भी आग्रह किया गया है कि खराब चापाकलों की सूची उपलब्ध कराया जाए ताकि मरम्मति दल द्वारा इसे भी ठीक किया जाए। आम जनता भी टॉल-फ्री नं एवं नियत्रंण कक्षों पर सूचना प्रदान कर सकती है। प्राप्त सूचना के आलोक में खराब चापाकलों को तुरत ठीक किया जाएगा। नवादा जिला में कुल चापाकल की संख्या-32109 है, पीएचईडी के अधीन चापाकलों की कुल संख्या 22880 है। अन्य विभागों के द्वारा चापाकलों की संख्या-9229 है। विभाग के द्वारा दिनांक 06.10.2023 से अबतक मरम्मति किये गए चापाकलों की संख्या-3620 अदद है। वित्तीय वर्ष 2023-24 में नये निर्माण कराये गए चापाकलों का लक्ष्य 228 है जिसमें उपब्धि 209 अदद शेष का कार्य प्रगति पर है। पीएचईडी नवादा में कुल 16 वाटर टैंकर उपलब्ध है, जिसे आवश्यकता होने पर चलाया जाता है। सभी प्रखंड विकास पदाधिकारियों को भी निदेशित किया गया है कि जन-प्रतिनिधियों से संपर्क कर खराब चापाकलों की सूची प्राप्त कर मरम्मति कराएं। जिला प्रशासन का प्रयास है कि जिला में एक भी चापाकल खराब नहीं रहे। चापाकल मरम्मति दल द्वारा प्रखंडों के सभी पंचायतों में घूम-घूमकर खराब चापाकलों की मरम्मति की जायगी। पेयजल की समस्या को दूर करने के लिए कार्यपालक अभियंता लोक स्वास्थ्य प्रमंडल, नवादा के कार्यालय में जिला नियंत्रण कक्ष की स्थापना की गई है, जिसका दूरभाष नम्बर-06324-210036 है। इसके अतिरिक्त प्रखंड स्तर पर कनीय अभियंता/सहायक अभियंता के मोबाईल नम्बर पर भी सम्पर्क किया जा सकता है। आज के इस अवसर पर श्री राजीव कुमार गोपनीय प्रभारी, श्री दिनेश कुमार जिला शिक्षा पदाधिकारी, श्री अरूण प्रकाश कार्यपालक अभियंता, लोक स्वास्थ्य प्रमंडल नवादा, कनीय अभियंता श्री प्यारे लाल मंडल, श्री शिव कुमार, श्री चंदन कुमार, श्री पिंरस कुमार, सुश्री ज्यात्सना सिंह के साथ अन्य कर्मी आदि उपस्थित थे।

### ग्रामदेवता स्थान किउल में 18 मार्च को होगी वार्षिक ग्रामीण पूजा सह उज्जीयैनी महोत्सव

निज संवाददाता। **बरौनी / बेगूसराय**

बीहट नगर परिषद अंतर्गत किउल गढ़हरा वार्ड-19 स्थित ग्रामदेवता स्थान में प्राचीन समय से हो रहे वार्षिक ग्रामीण पूजन सह उज्जीयैनी महोत्सव का तिथि ग्रामीणों के द्वारा तय किया गया। वहीं वार्षिक पूजा को नए रूप देने के लिए ग्रमीणों ने अलग-अलग रूप से अपना- अपना सहयोग देना शुरू कर दिए। वहीं पूजा समिति के आयोजक प्रकाश सिंह ने बताया कि हर साल की भाँति इस साल भी वार्षिक पूजा 18 मार्च सोमवार को विद्वान पंडितों के द्वारा वैदिक मंत्रोचारण के साथ किया जाएगा। उन्होंने बताया कि ये पूजा कई वर्षों से पूर्वजों के द्वारा होते आ रहा है, इस पूजा में हर वर्ष गाँव में खुशहाली, हरिहाली और गाँव के हर परिवार में सुख शांति के लिए देवताओं को स्मरण किया जाता है। मालूम हो कि वार्षिक पूजा पहले बहुत ही सूक्ष्म रूप से किया जाता था, लेकिन, अब धीरे-धीरे ग्रामीणों की जागरूकता से पूजा का वृहत रूप होना शुरू हो गया है। विदित है कि राजाराय स्थान का प्राचीन इतिहास यह है कि कील गाँव के ही पूर्वजों में ऐसे भी एक व्यक्ति हो गये हैं, जिनकी स्मृति में पूज्यभाव के साथ स्थापित राजाराय स्थान आज भी गाँव के सभी प्रकार के धार्मिक कृत्यों का केन्द्र बन गया है। एक समय में किउल गाँव के रत्न रैवत सिंह थे। जिन्होंने किउल गाँव के सभी सामाजिक-धार्मिक अनुष्ठानों में वे सदैव आगे रहकर अपनी सार्थक भूमिका निभाते रहते थे। गाँव के बुजुर्गों के अनुसार कहा जाता है कि जबतक स्व. रैबत सिंह बचे, तब तक राजाराय स्थान की पूजा-अर्चना के साथ उसके वार्षिक समारोह में आगे बढ़कर हिस्सा लेते थे। उनके अलविदा हो जाने के बाद भी ग्रामीणों की अथक प्रयास से वार्षिक पूजन होते आ रहा है। कहा जाता है कि स्व. सिंह अपने समय में गाँव के प्रकाश स्तम्भ कहलाते थे।उनके याद में हर वर्ष हर परिवार के सुख शांति के लिए देवी देवताओं को स्मरण किया जाता है।

## सोने चेन के लिए पति ने पत्नी को जलाकर मौत की नींद सुला दी

निज संवाददाता। **बेगूसराय**



बलिया थाना क्षेत्र के पोखरिया पंचायत अंतर्गत फुलवरिया गांव स्थित वार्ड 7 में शुक्रवार को दहेज की में सोने की चेन नहीं देने से नाराज पति द्वारा अपने गर्भवती पत्नी को तेल छिड़ककर जलाकर मारने के प्रयास का मामला सामने आया है। जो इलाज के क्रम में बीती रात में इसकी मौत हो गई है। झुलसी महिला की पहचान थाना क्षेत्र के पोखरिया पंचायत के फुलवरिया गांव स्थित वार्ड संख्या 7 निवासी दीपक कुमार यादव की 23 वर्षीय पत्नी ट्विंकल कुमारी के रूप में कराई गई है। घटना के संबंध में पीडित महिला के परिजन से बताया कि 3 साल पहले अपने समर्थ के अनुसार बाइक सहित अन्य दान दहेज देकर ट्विंकल की शादी दीपक के साथ किया था। पाले दीपक के द्वारा बार-बार दहेज में सोने की चैन का डिमांड करता था। दहेज में सोने का देत मांगने के लिए बराबर दबाव बनाया जा रहा था। जिसको लेकर ससुराल वाले परेशान थे। हम लोगों ने बाद में देने की बात कही थी। इसी बीच शुक्रवार की दोपहर शरीर पर तेल छिड़ककर आग लगा कर जान से मारने का प्रयास किया गया। जहाँ सदर अस्पताल में इलाज के क्रम में महिला की मौत हो गई है। पड़ोसियों की सूचना पर पहुंचकर पीडित का सदर अस्पताल इलाज सदर मैं इलाज करवा रहे रहे हैं। थे। चिकित्सक का कहना है कि स्थिति गंभीर है, इलाज कर इस संबंध में आरोपी पति दीपक कुमार यादव का कहना है कि हम लोगों के द्वारा घटना को अंजाम नहीं दिया गया है। घर में गैस सिलेंडर पर खाना बना रही थी। इसी दौरान गैस सिलैंडर लीक होने से आग लग गई कि के लिए आग लगाकर जान से मारने के प्रयास का मामला सामने आते ही नगर थाना की पुलिस ने झुलनी महिला का बयान दर्ज कर आगे की कार्रवाई के लिए बलिया थाना की मेजा है।

## थाना क्षेत्र में पकड़े गए विभिन्न नौ कांडों के 247 लीटर शराब को कराया गया विनष्टीकरण

निज संवाददाता। **रजौली**



थाना क्षेत्र में पुलिसिया कार्रवाई में पकड़े गए देशी एवं विदेशी शराब को शनिवार की दोपहर दंडाधिकारी की मौजूदगी में जमीनदोज करते हुए विनष्टीकरण किया गया।दंडाधिकारी सह अंचलाधिकारी मो गुफरान मजहरी एवं थानाध्यक्ष सह इंस्पेक्टर राजेश कुमार के नेतृत्व में विभिन्न मामलों में जब्त किए गए देसी महुआ शराब व विदेशी शराब का विनष्टीकरण थाना परिसर में कराया गया है।दंडाधिकारी सह अंचलाधिकारी मो गुफरान मजहरी ने जानकारी देते हुए कहा कि रजौली थाना क्षेत्र के अलग-अलग जगहों से थाना काण्ड संख्या 262/23, 330/23,450/23,513/23,599/23,624/23,627/23,10/24 एवं 25/24 में जब्त 226 लीटर देशी महुआ शराब एवं 21.375 लीटर विदेशी शराब को पुलिस बलों के सहयोग से जमीन दोज करते हुए विनष्टीकरण की गई है।बताते चलें कि थानाध्यक्ष सह इंस्पेक्टर राजेश कुमार के नेतृत्व में रजौली थाना क्षेत्र में रोड एंड रेड के तहत कार्रवाई कर शराब माफियाओं पर नकेल कशा जा रहा है। इनके निर्देशानुसार शराब की जब्ती व कारोबारियों की धड़-पकड़ लगातार जारी है।इस मौके पर अपर थानाध्यक्ष सह एसआई अजय कुमार,मालखाना प्रभारी एएसआई बीरेंद्र पासवान के अलावे चौकीदार मौजूद रहे।

हिन्दी दैनिक
जन-जन की वाणी...
# सोन वर्षा वाणी
औरंगाबाद, आरा एवं रांची से प्रकाशित
शुक्ल पक्ष प्रतिपदा विक्रम संवत 2080
• औरंगाबाद • रविवार • 10 मार्च 2024 • वर्ष 26 • अंक 90 • पृष्ठ 12
मूल्य ₹ 2.00

झारखण्ड सरकार
GOVERNMENT OF JHARKHAND



झारखण्ड राज्य राजमार्ग प्राधिकार द्वारा जामताड़ा जिला में
**वीरग्राम-बरबेंदिया पुल (4-Lane PSC Bridge)**

## निर्माण कार्य का शिलान्यास

दिनांक: 10 मार्च 2024 | समय: अपराह्न 12:30 बजे
स्थान: वीरग्राम फुटबॉल मैदान, जामताड़ा

मुख्य अतिथि
**श्री चम्पाई सोरेन**
माननीय मुख्यमंत्री, झारखण्ड

गरिमामय उपस्थिति
**श्री शिबू सोरेन**
माननीय सांसद (राज्य सभा)

**श्री आलमगीर आलम**
माननीय मंत्री, संसदीय कार्य, ग्रामीण विकास, ग्रामीण कार्य एवं पंचायती राज विभाग, झारखण्ड

**श्री सत्यानंद भोक्ता**
माननीय मंत्री, श्रम, नियोजन, प्रशिक्षण एवं कौशल विकास एवं उद्योग विभाग, झारखण्ड

**श्री बसंत सोरेन**
माननीय मंत्री, पथ निर्माण, भवन निर्माण एवं जल संसाधन विभाग, झारखण्ड

₹263.88 करोड़ परियोजना की लागत

सेतु की लंबाई 1584 मीटर | पहुंच पथ की लंबाई 1400 मीटर
कुल लंबाई 2984 मीटर

## गिरिडीह जिलान्तर्गत पीरटांड मेगा लिफ्ट सिंचाई योजना का शिलान्यास

दिनांक: 10 मार्च 2024 | समय: 2.00 बजे अपराह्न
स्थान: मधुबन संक्रांति मेला मैदान, पीरटांड, गिरिडीह

मुख्य अतिथि
**श्री चम्पाई सोरेन**
माननीय मुख्यमंत्री, झारखण्ड


विशिष्ट अतिथि
**श्री बसंत सोरेन**
माननीय मंत्री, पथ निर्माण, भवन निर्माण एवं जल संसाधन विभाग, झारखण्ड

**श्रीमती बेबी देवी**
माननीय मंत्री, महिला बाल विकास एवं सामाजिक सुरक्षा विभाग, झारखण्ड

**श्री हफीजुल हसन**
माननीय मंत्री, अल्पसंख्यक कल्याण विभाग, निबंधन विभाग तथा पर्यटन, कला-संस्कृति, खेलकूद एवं युवा कार्य विभाग, झारखण्ड

**श्री चन्द्रप्रकाश चौधरी**
माननीय सांसद, गिरिडीह

**श्री सुदिव्य कुमार**
माननीय विधायक, गिरिडीह



योजना की विवरणी
**₹639.20** करोड़ से होगा निर्माण | **8,531** हेक्टर भूमि होगी सिंचित

गिरिडीह जिला के पीरटांड प्रखण्ड के 17 पंचायत की 1,09,515 आबादी को लाभ होगा

योजना का कार्य 3 (तीन) वर्ष में पूर्ण करने का लक्ष्य

कुम्हरलालो, भरती चलकरी, चिरकी, मधुबन, बाँध, चिलगा, पालगंज, नावाडीह, विशनपुर, खरपोका, सिमराकोड़ी, हरलाडीह, मंडरो, खुखरा, तुइओ, बंदगाँव एवं कुडको पंचायत के लोगों को होगा लाभ

दामोदर-बराकर बेसिन अंतर्गत कुम्हरलालो पंचायत अंतर्गत दुधनिया ग्राम के समीप बराकर नदी पर एक वीयर/बराज का निर्माण किया जाएगा एवं पम्प मोटर से जल पाईपलाईन के माध्यम से चिन्हित क्षेत्र में चकवार सिंचाई सुविधा उपलब्ध कराया जाएगा

PR No. 322035 / IPRD / 2023-24
सूचना एवं जनसंपर्क विभाग, झारखण्ड सरकार

## संक्षिप्त समाचार

### 13-20 मार्च तक होगी बीसीए सेमेस्टर की परीक्षा

**आरा।** वीर कुंवर सिंह विश्वविद्यालय ने बीसीए सेमेस्टर वन सत्र, 2023-26 की परीक्षा के लिए प्रोग्राम जारी कर दिया है। यह परीक्षा 13 से 20 मार्च तक होगी। परीक्षा के लिए चार केंद्र बनाए गए है। परीक्षा नियंत्रक डॉ अनवर इमाम ने बताया कि एक पाली में सुबह 10 बजे से दोपहर एक बजे तक परीक्षा होगी। भोजपुर जिले के सभी कॉलेजों की परीक्षा जेजे कॉलेज आरा, बक्सर जिले के सभी कॉलेजों की परीक्षा एलबीटी कॉलेज बक्सर, कैमूर जिले के सभी कॉलेजों की परीक्षा एमडीआरपीडीएम कॉलेजों भभुआ और रोहतास जिले के सभी कॉलेजों की परीक्षा रोहतास महिला कॉलेज सासाराम में होगी।

### जगदीशपुर ने बिहिया को 6 विकेट से हराकर जीता कप

**आरा।** आरा भोजपुर जिला क्रिकेट लीग के जूनियर डिवीजन में शुक्रवार को अरुण क्रिकेट क्लब जगदीशपुर बनाम बिहिया क्रिकेट अकादमी ग्रीन के बीच महाराजा कॉलेज में मैच खेला गया। टॉस जीत कर पहले बल्लेबाजी करते हुए बिहिया क्रिकेट अकादमी की टीम ने 28 ओवर में 126 रन बनाकर आउट हो गई। अतिरिक्त रनों की संख्या 19 रही। मृत्युंजय ने सर्वाधिक 37 रन, अंकित सिंह ने 29 रन बनाये। अर्जुन ने 15 रन और रूपम ने 13 रनों का योगदान दिया। जगदीशपुर की तरफ से गेंदबाजी करते हुए मृत्युंजय ने सर्वाधिक पांच विकेट, सुनील ने दो विकेट, नीलेश ने एक विकेट, मयंक ने एक विकेट प्राप्त किया। 126 रन के मामूली लक्ष्य का पीछा करने उतरी जगदीशपुर की टीम ने चार विकेट खोकर जीत के लक्ष्य को प्राप्त कर लिया। मृत्युंजय कुमार ने सर्वाधिक नाबाद 45 रन, आशीष रंजन ने 33 रन, मुकेश ने 25 रन का योगदान दिया। जगदीशपुर ने यह मैच मात्र 15 ओवर में ही जीत लिया और बिहिया की टीम को 6 विकेट से हराया। आज के मैच के "मैन ऑफ द मैच" मृत्युंजय कुमार रहे।

### धरहरा के गज्जू लाला शिव मंदिर से निकली शिव बारात

**आरा।** गज्जू लाला शिव मंदिर, धरहरा हनुमान टोला से शुक्रवार को महाशिवरात्रि पर शिव बारात निकाला गया। शिव बारात के दौरान महिलाओं ने बारात में दूल्हा बने भगवान शिव का रामगढ़िया मोड़ पर परिछावन किया। शिव बारात धरहरा से निकलकर वली गंज, रामगढ़िया, अबर पुल होकर सिद्धनाथ मंदिर में पहुंचकर समापन हुआ। शिव बारात में बराती बने श्रद्धालु नाचते-गाते भगवान का जयकारा लगाते जा रहे थे। इस दौरान कलाकारों ने भोले नाथ का तांडव नृत्य भी किया।

### L&T कर्मियों के साथ मारपीट का आरोप, मजदूर नेता गिरफ्तार



**बक्सर।** चौसा में निर्माणाधीन 1320 मेगावाट थर्मल पॉवर का कार्य एक बार फिर बाधित हो गया है। पुलिस ने प्लांट के अंदर मजदूर नेता गोलू यादव को कंपनी के अधिकारियों और कर्मियो के साथ मारपीट की शिकायत पर गिरफ्तार कर लिया है। जिसके बाद आक्रोशित मजदूरों ने प्लांट और एल एन टी के कार्यालय के पास हंगामा करते हुए रोड़ेबाजी की। जिसकी सूचना पर बक्सर सदर डीएसपी दो थानों की पुलिस के साथ पहुंचे और शांति व्यवस्था को कायम कराया। मिली जानकारी के अनुसार शुक्रवार को थर्मल प्लांट निर्माण के सहायक कंपनी एलएनटी के अंतर्गत कार्य कर रही पावर मैक कंपनी द्वारा आठ घंटे मजदूरी के बदले बारह घण्टे कार्य लिए जाने के विरोध में मजदूरों ने एलएंडटी कंपनी के खिलाफ स्ट्राइक कर दिया। उनका कहना था कि जितने देर काम कराने पर उतने समय की मजदूरी दिया जाएं। वहीं नहीं देने पर हमलोग कार्य नहीं करेंगे। वहीं पिछले कार्य का भुगतान किया जाएं। इसमें मजदूरों में मजदूर नेता गोलू यादव भी शामिल था। मजदूरों ने बताया कि शुक्रवार की दोपहर में कंपनी के कुछ गुर्गो ने मजदूर नेता के साथ मारपीट की थी। जिसके बाद हंगामे की खबर पर पहुंची पुलिस मजदूर नेता को उठाकर ले गई। जिसे लेकर मजदूर उग्र हो गए और एलएंडटी कार्यालय के गेट पर हंगामा करते हुए रोड़ेबाजी कर दी। वहीं, कुछ देर बाद मजदूर मुख्य गेट के पास पहुंचे। वहां भी रोड़ेबाजी करते गेट तोड़ने का प्रयास किया। खबर की जानकारी पर डीएसपी व राजपुर व मुफस्सिल थाने के अधिकारी भारी पुलिस बल के साथ पहुंचे। तब तक मजदूर धीरे-धीरे खिसक गए, जिससे मामला शांत हुआ। बक्सर डीएसपी धीरज कुमार ने बताया कि यूपी राज्य के मागरखाई गांव के निवासी गोलू यादव को जेल भेजा गया है। कंपनी ने पूर्व में भी गोलू पर केस दर्ज कराया था। जिसके खिलाफ आज भी आवेदन दी गई है। जिसे लेकर मजदूर नेता को गिरफ्तार किया गया है।

### वोट प्रतिशत बढ़ाने को लेकर महिलाओं को किया गया जागरूक, बक्सर DM ने गुब्बारा छोड़ सबको महिला दिवस की दी बधाई



**बक्सर।** बक्सर के नगर भवन में अन्तर्राष्ट्रीय महिला दिवस कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें जिला पदाधिकारी महोदय के द्वारा द्वीप प्रज्जवलित कर कार्यक्रम का उद्घाटन विधिवत रूप से किया गया। कार्यक्रम की विधिवत शुरुआत के उपरांत सांस्कृति कार्यक्रम के दौरान स्थानीय कलाकारों ने महिलाओं को झुमाने का कार्य किया। इस द्वारा डीएम जिला प्रशासन द्वारा महिला मतदाता वोट प्रतिशत बढ़ाने को लेकर महिलाओं को जागरूक करते हुए आसमान में गुब्बारा छोड़ सबको बधाई दिया गया। अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर जिला प्रशासन द्वारा महिला हॉकी मैच के साथ ही नगर भवन में सांस्कृतिक कार्यक्रम का भी आयोजन किया गया। जहां गुरुकुल डांस एकेडमी,द्वारा डांस कार्यक्रम ,वहीं सुकृति मिश्रा शास्त्रीय एवं उपशास्त्रीय गायन,एवं प्रतिक्षा ओझा होली नृत्य, सरस्वती संगीतायन, बक्सर के द्वारा अपनी प्रस्तृति दी गई। इस अवसर पर विभिन्न विभागों यथा- आंगनबाड़ी सेविका, आशा, जीविका दीदी, महिला बी.एल.ओ. महिला शिक्षिका, महिला स्वच्छताग्राही एवं महिला कर्मचारी में बेहतर कार्य करने वाली महिलाओं का प्रशस्ति पत्र एवं मोमेंटो देकर सम्मानित किया गया। बक्सर डीएम अंशुल अग्रवाल ने कहा कि आज अंतराष्ट्रीय महिला दिवस बक्सर प्रशासन की तरफ से मनाया जा रहा है। जहां समाज के निर्माण में योगदान देने वाली महिलाओं को आज सम्मानित किया गया है। जिसके साथ ही डीएम ने इस अवसर पर मातृ शक्ति का वंदन और नमन भी किया गया। एडीएम अनुपमा कुमारी ने बताया गया की महिला सशक्त है। जहां काफी बड़े पैमाने पर महिलाओं को जागरूक करने के लिए जिला प्रशासन द्वारा यह कार्यक्रम किया गया है।

# सरकारी अस्पताल के 150 डाटा ऑपरेटर्स हड़ताल पर, OPD ठप

## टंकण परीक्षा का कर रहे हैं विरोध, कहा- 3 साल से नौकरी कर रहे थे, परीक्षा की तैयारी नहीं

निज संवाददाता। आरा



भोजपुर जिले के 14 प्रखंडों के सरकारी अस्पताल में कार्यरत डाटा एंट्री ऑपरेटर टंकण परीक्षा का विरोध कर रहे हैं। डाटा ऑपरेटरों का आरोप है कि उन्हें एजेंसी की ओर से मानसिक और आर्थिक तनाव दिया जा रहा है। जिले के 14 प्रखंडों के करीब 150 की संख्या में कार्यरत डाटा एंट्री ऑपरेटर (स्वास्थ्य विभाग) हैं। इन्हें 2021 में उर्मिला इन्टरनेशनल सर्विसेज प्राईवेट लिमिटेड पटना बिहार के द्वारा आउटसोंसिंग के तहत नियुक्त किया गया था। अब उनकी 26 मार्च को सेवा समाप्त हो रही है। फिर 27 मार्च से फिर से इसी एजेंसी को बिहार सरकार के द्वारा सेवा विस्तार किया गया है। इसके तहत अब 27 मार्च को टंकण परीक्षा की तारीख तय की गई है, जहां इसमें असफल होने पर डाटा ऑपरेटर्स अपनी सेवा नहीं दे पाएंगे। हड़ताल के दौरान डाटा एंट्री ऑपरेटरों ने आरा सदर अस्पताल के OPD के काउंटर को बंद कर दिया है। अस्पतालों में मरीजों की लंबी कतारें लग गई। वहीं हड़ताल पर बैठे लगभग 150 आउटसोर्सिंग पर कार्यरत डाटा ऑपरेटर उर्मिला इन्टरनेशनल सर्विसेज प्राईवेट लिमिटेड के द्वारा टंकण परीक्षा लिए जाने का विरोध कर रहे हैं। यह राज्यव्यापी विरोध चल रहा है। शनिवार सुबह से सभी जिलों में आउटसोर्सिंग पर कार्यरत डाटा ऑपरेटर हड़ताल पर चले गए हैं।

**टंकण परीक्षा को निरस्त किया जाए : डाटा एंट्री ऑपरेटर्स:** डाटा ऑपरेटर रवि कुमार ने बताया कि हमलोग लगभग साढ़े तीन साल से काम कर रहे हैं। साढ़े तीन साल काम करने के बाद फिर से परीक्षा और टाइपिंग की मांग की जा रही है। रवि का कहना है कि जो लड़का तीन-साढ़े तीन साल से नौकरी कर रहा है, न की परीक्षा और टाइपिंग की तैयारी। डाटा एंट्री ऑपरेटर्स की मांग है कि टंकण परीक्षा को निरस्त किया जाए। डाटा ऑपरेटर शर्मा पूजा ने बताया कि डाटा एंट्री ऑपरेटर के पद लिए पहले ही एग्जाम लेकर नियुक्त किया गया है। अब 27 मार्च को एग्जाम लेने के लिए फिर से बोला जा रहा है, यह गलत है। हमारी यह मांग है कि कंपनी के द्वारा जिस परीक्षा की चर्चा की जा रही है, उस एग्जाम को नहीं लिया जाए। अगर हमारे काम में कोई दिक्कत है, तो हमारे प्रभारी इसकी सूचना देंगे।

# युवाओं के लिए सुनहरा अवसर

## ITI और नॉन ITI पद के लिए 220 सीटों पर होगी डायरेक्ट बहाली, रोजगार मेले का होगा आयोजन



निज संवाददाता। आरा

भोजपुर जिले के बेरोजगार युवाओं के लिए सुनहरा अवसर है । औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान,आरा में 09 मार्च दिन शनिवार सुबह 10 बजे से शाम 5 बजे तक औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान,आरा कार्यालय परिसर में जॉब मेला का आयोजन किया जाएगा । यह जानकारी औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान के प्राचार्य ने दी है । जॉब कैम्प में बेरोजगार युवाओं को रोजगार मिलेगा । इस कैम्प में निजी क्षेत्र की कंपनी Trauvogel India, Pvt.Ltd में अभ्यर्थियों के योग्यतानुसार कैंपस में चयन करेगी। कैंपस चयन के बाद कंपनी द्वारा इस कैम्प में 18 वर्ष से 28 वर्ष तक के पुरुष एवं महिला बेराजगारों को ITI एवं Non ITI पद के लिए कुल 220 होनहार युवाओं को रोजगार मिलेगा । इसमें भाग लेने वाले अभ्यर्थियों को निबंधन प्रमाण पत्र,पासपोर्ट साइज का फोटो,बायोडाटा (रिज्यूम) और सभी पत्र की मूल कॉपी जरूरी है ।

# अज्ञात शव के मामले में हत्या का मामला दर्ज

## खाने–पीने के दौरान हत्या की आशंका, मौके से ट्रेटा पैक शराब एवं सिगरेट के डिब्बा हुआ बरामद

निज संवाददाता। आरा



भोजपुर जिले के मुफस्सिल थाना अंतर्गत धमार गांव के बीच सड़क किनारे लिसोड़ा बगीचा के पास युवक की हत्या कर शव को फेंके जाने के मामले में चौकीदार गणेश के बयान पर अज्ञात के विरुद्ध प्राथमिक कराई गई है। मामले में दूसरे दिन भी पुलिस को कोई सफलता नहीं मिल सकी है। मारे गए युवक की पहचान अभी तक नहीं हो सकी है। युवक की हत्या चाकू से गला रेत कर की गई है। मृतक के शरीर पर गला आधा रेता हुआ,दाएं गाल ललाट एवं पेट पर चाकू से कटा हुआ निशान पाया गया है। इसके अलावा घटनास्थल से गमछा खून लगा,चाकू,ब्लूटूथ शराब का टेट्रा पैक फ्रूटी शराब एवं सिगरेट का डिब्बा बरामद किया गया है। शुरुआती जांच में घटना स्थल से फ्रुटी व सिगरेट के डिब्बे को देखकर खाने-पीने के दौरान उपजे विवाद में 30 वर्षीय युवक की गलत कर हत्या किए जाने की संभावना जताई जा रही है। पुलिस चौकी पहचान करने के मामले की छानबीन में जुट गई है। घटना बुधवार की रात की है। गुरुवार की सुबह शव मिला था। घटनास्थल के आसपास सड़क पर काफी खून गिरा हुआ था। वही, पुलिस का कहना है कि पहचान होने बाद ही मामला स्पष्ट हो पाएगा।

# बक्सर लोकसभा सीट पर सभी पार्टियां कर रही दावा,16 में 11 बार ब्राम्हण उम्मीदवारों को मिली जीत

## 5 बार कांग्रेस तो 6 बार जीती भाजपा

निज संवाददाता। बक्सर

बक्सर में लोकसभा चुनाव को लेकर विभिन्न पार्टियों के नेताओं का दौरा तेज हो गया है। जहां पक्ष विपक्ष एक दूसरे पर सियासी हमला तेज कर दिए है। हालांकि बक्सर लोक सभा सीट से अभी तक किसी पार्टी ने अपने उम्मीदवार की घोषणा नहीं की है। लेकिन पार्टी के विभिन्न पार्टी के नेता ने बक्सर लोक सभा में इस बार बम्पर वोट से जीत का दावा जरूर कर रहे है। जिले के स्थानीय सांसद एक तरफ जहां शिलान्यास और उद्घाटन का कार्य लगातार करे है तो वही विपक्ष इस उद्घाटन और शिलान्यास को फेंक बता स्थानीय सांसद पर बक्सर के विकास न करने को लेकर लगातार हमलावर है। बता दें अगर बक्सर लोक सभा चुनाव का इतिहास देखा जाए तो इस सीट पर अधिकतर ब्राह्मण उम्मीदवार ही जीते है।

**सीट को लेकर नहीं किया क्लियर:** केंद्रीय मंत्री अश्विनी चौबे ने बताया कि हमारा सीट शेयरिंग का कार्य सैद्धांतिक रूप से हो चुका है। लेकिन उसकी अभी व्यावहारिक रूप में मूर्त देने का कार्य किया जा रहा है। हालांकि उन्होंने यह स्पष्ट नहीं किया की इस बार कहां से सीट क्लियर हुआ हुआ है।

**गठबंधन से कांग्रेस को सीट देने की मांग की:** कांग्रेस के विधायक संजय तिवारी ने बताया कि बक्सर कांग्रेस की परंपरागत का गढ़ रहा है। यहां से पांच बार कांग्रेस को जीत मिली है। वहीं एक बार जगतानन्द सिंह राजद के से चुनाव जीते थे। वहीं चार बार हारे है। जिसके कारण भारतीय जनता पार्टी अपना परचम लहराने में कामयाब हो गई है। वहीं इस बार हम अपने नेतृत्व से आग्रह कर रहे है की यह कांग्रेस की परंपरागत सीट रही है। अगर यह सीट कांग्रेस को दिया जाएगा तो जीत इस बार कांग्रेस के झोली में जाएगा।



**11 बार ब्राह्मण उम्मीदवारों को मिली जीत:** आंकड़ों की बात की जाए तो बक्सर लोक सभा में दबदबा तीन जातियों का रहा है। हालांकि यह सीट परंपरागत तौर पर ब्राह्मण बहुल मानी जाती है। जिसके पीछे तर्क यह है कि बक्सर लोकसभा क्षेत्र 1957 में अपने अस्तित्व में आया था। तब से यहां 16 बार चुनाव हुआ जिसमें 11 ब्राह्मण उम्मीदवारों की जीत हुई है। वहीं इसमें दो बार भाजपा से अश्विनी चौबे, चार बार भाजपा के लालमुनि चौबे, दो बार कांग्रेस के केके तिवारी, एक बार रामानंद तिवारी और दो बार अनंत प्रसाद शर्मा जीते हैं। ब्राह्मण कैंडिडेट चार बार दूसरे नंबर पर रहे हैं। जिनमें 2009 में लालमुनि चौबे, 1999-शिवानंद तिवारी, 1977 में अनंत प्रसाद शर्मा, 1957 में हरगोविंद मिश्रा शामिल हैं।

# अब बक्सर से डायरेक्ट जाएं टाटा, आरा की जगह बक्सर से खुलेगी टाटा एक्स

## केंद्रीय मंत्री अश्विनी बोले- 10 साल के प्रयास के बाद अरमान पूरा

निज संवाददाता। बक्सर




पहली बार टाटा से बक्सर पहुंची टाटा एक्सप्रेस ट्रेन बक्सर स्टेशन पर रुकी। शुक्रवार की रात मौजूद बक्सर के सांसद सह केंद्रीय मंत्री ने लाल लाइट दिखा ठहराव कराया। अब टाटा-आरा एक्सप्रेस आरा के बजाय बक्सर से खुलेगी। टाटा आरा एक्सप्रेस सुबह के 08:15 में टाटा से खुलकर रात के 20:30 में आरा पहुंचेगी। आरा से यह ट्रेन 20:40 में खुलकर 22:50 में बक्सर पहुंचेगी। वहीं यह ट्रेन डाउन में सुबह के 03:30 में बक्सर से खुलकर 05:00 आरा होते हुए शाम 17:20 को टाटा पहुंचेगी। ट्रेनों के एक्सटेंशन पर यत्रियों ने बक्सर सांसद अश्विनी चौबे और जमशेदपुर सांसद विद्युत वरण महतो दोनों को धन्यवाद दिया है। वहीं, सांसद अश्विनी कुमार चौबे ने रेलवे सेवा को मजबूती प्रदान करने और आधुनिक सेवाएं प्रदान करने के लिए बक्सर वासियों की तरफ से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व रेलमंत्री अश्विनी वैष्णव का आभार व्यक्त किया है।

**यूपी के लोगों को भी होगा फायदा:** चौबे ने कहा की ये बहुत बड़ा संदेश है। लौह नगरी में काम करने वाले विशेषकर बक्सर, भोजपुर, शाहाबाद के अलावा, उत्तरप्रदेश के बलिया, गाजीपुर, मऊ के लोग बड़ी संख्या में टाटा में काम करते हैं। जिसके दृष्टिकोण से पिछले 10 साल से लगातार प्रयास के बाद यह अरमान आज पूरा हुआ है। ये बहुत खुशी की बात है कि हमारे यात्री थे उनको बहुत असुविधा होती थी। पटना में उतरने के बाद उनको घंटों इंतजार करना पड़ता था। अब ये ट्रेन डायरेक्ट उनको यहां लेकर आएगी। जिनको जाना होगा यहीं से बैठेंगे और सीधे टाटा चले जाएंगे। प्रधानमंत्री और रेल मंत्रालय के सहयोग से संभव हो पाया।

# पटना से लखनऊ के बीच हुआ वंदे भारत का ट्रायल

निज संवाददाता। बक्सर

बक्सर स्टेशन पर पहुंची वंदे भारत ट्रेन को देखकर बक्सर वासियों में काफी खुशी देखी गई। पटना से लखनऊ के बीच सेमी हाईस्पीड ट्रेन वंदे भारत एक्सप्रेस को चलाया जाएगा। जिसके पहले शुक्रवार को ट्रायल रन किया गया। केंद्रीय मंत्री अश्विनी चौबे ने जानकारी कहा कि 12 मार्च को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ट्रेन को हरी झंडी दिखाएंगे, जिसके बाद नियमित रूप से संचालन होगा। इस ट्रेन का अयोध्या में भी ठहराव होगा। जिसे बक्सर से अयोध्या, आयोध्या से बक्सर आने में लोगों को सुविधा होगी। सेमी हाईस्पीड ट्रेन वंदे भारत एक्सप्रेस के रैक तैयार करने के बाद एक के बाद एक पटरी पर उतारी जा रही है। इसी क्रम में अब लखनऊ से पटना के बीच वंदे भारत एक्सप्रेस चलाई जाएगी। यह ट्रेन पूर्व मध्य रेलवे जोन को मिली है, जो पटना से शुरू होकर लखनऊ आएगी। शुक्रवार को इसका ट्रायल रन किया गया। ट्रेन पटना स्टेशन से रवाना हुई। इसके बाद दानापुर, आरा, बक्सर दीनदयाल उपाध्याय स्टेशन, वाराणसी और अयोध्या होते हुए लखनऊ पहुंची।

# निर्माणाधीन थर्मल पावर के मुख्य गेट को फिर किया जाम

निज संवाददाता। बक्सर



बक्सर के चौसा में निर्माणाधीन थर्मल पावर के मुख्य गेट को एक बार फिर किसानों ने जाम कर दिया है। तीन बार आश्वासन के बाद भी किसानों को मुआवजा नहीं मिला है। किसानों के विरोध की सूचना पर 6 थाने की पुलिस और अधिकारी मौके पर पहुंचे हुए हैं। किसानों ने कहा कि जब तक एसजेवीएम के सीएमडी और ऊर्जा मंत्रालय से कोई नहीं आएगा।गेट अनिश्चितकालीन तक जाम रहेगा। किसान अभी भी गेट जाम कर जमे है। किसानों ने कहा कि इस बार की लड़ाई आर या पार की है। खेतिहर मजदूर मोर्चा के बैनर तले बैठे किसान रामप्रवेश यादव ने कहा की स्थानीय सांसद सह केंद्रीय राज्य मंत्री ने 24 फरवरी की बैठक में आश्वासन दिया था कि 2 मार्च को समहरणालय परिसर में आरएनआर पॉलिसी के तहत किसान मजदूरों का जो मुआवजा बनता है उसे बांटा जाएगा। 26 तारीख को हमलोगों की जो मीटिंग हुई थी उसमे भी बक्सर के एसडीएम, डीएसपी और कम्पनी के अधिकारी ने इस बात को दोहराया था, लेकिन 2 मार्च बीतने पर जब एसडीएम धीरेंद्र मिश्रा से बात की गई तो बोले की 4 मार्च को आएंगे। चार मार्च बिता तो बोला गया कि 6 मार्च को आएंगे मंत्री, लेकिन आज 9 मार्च है, लेकिन कोई मुआवजा नहीं बांटा गया।

### कॉलेजों के कर्मचारियों को सिखाया जाएगा शुद्ध डाटा भरने का तरीका

**आरा।** आरा मानव संसाधन विकास विकास मंत्रालय, (एमएचआरडी) नई दिल्ली ने सर्वे ऑफ हायर एजुकेशन (एआईएसएचई) शैक्षणिक सत्र, 2022-23 का डाटा विश्वविद्यालयों से मांगा है। इसके लिए एआईएसएचई का पोर्टल खोल दिया गया है। इस कड़ी में वीर कुंवर सिंह विश्वविद्यालय ने सभी अंगीभूत कॉलेज, संबद्ध कॉलेज एवं बीएड कॉलेजों को ऑल इंडिया सर्वे ऑफ हायर एजुकेशन का डाटा अपलोड करने के लिए पत्र जारी किया है।

**गोड्डा–गोमती नगर–गोड्डा एक्सप्रेस का पोड़ैयाहाट स्टेशन पर ठहराव**

यात्रियों की सुविधा के लिए, **15089/15090 गोड्डा – गोमती नगर – गोड्डा एक्सप्रेस** प्रायोगिक आधार पर मालदा मंडल के तहत **पोड़ैयाहाट (पीवाईएचटी)** स्टेशन पर निम्नानुसार रुकेगी:

| ट्रेन नं. एवं नाम | पोड़ैयाहाट में समयसूची | | पोड़ैयाहाट में ठहराव (प्रभावी तिथि) |
|---|---|---|---|
| | आ. | प्र. | |
| 15089 गोड्डा – गोमती नगर एक्सप्रेस (यात्रा शुरू होने की प्रभावी तिथि 09.03.2024) | 14.34 | 14.36 | 09.03.2024 |
| 15090 गोमती नगर – गोड्डा एक्सप्रेस (यात्रा शुरू होने की प्रभावी तिथि 15.03.2024) | 10.45 | 10.47 | 16.03.2024 |

मुख्य यात्री परिवहन प्रबंधक

पूर्व रेलवे

हमें यहाँ देखें : @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

**पूर्व मध्य रेल**

**ई–निविदा सूचना**

मुख्य परियोजना प्रबंधक (गतिशक्ति)/पूर्व मध्य रेल/धनबाद द्वारा निम्नलिखित कार्य के निष्पादन के लिए ई–निविदा आमंत्रित की जाती है। दिनांक : 07.03.24. ई–निविदा संख्या : 40-GS-DHN-2023-24. 1. कार्य का नाम, स्थान तथा समापन अवधि : पूर्व मध्य रेलवे, धनबाद मंडल के हजारीबाग टाउन स्टेशन पर कोच रखरखाव डिपो के अंतर्गत कवर्ड शेड, कोचिंग सिक लाइन पिट, कैटवॉक के साथ वॉशिंग पिट, सर्विस बिल्डिंग, इलेक्ट्रिक सब–स्टेशन, बाउंड्री वॉल, नाली के साथ–साथ विद्युतीकरण और बिजली रोशनी से संबंधित समग्र कार्य का प्रावधान और निर्माण (पेज–1) के संबंध में। सिविल और इलेक्ट्रिकल (जी) 24 (चौबीस) महीने। 2. कार्य की लगभग लागत (रूपये में) : ₹13,79,24,885.73, 3. ब्याने की राशि (रूपये में) : ब्याने की राशि (रूपये में) http://www.ireps.gov.in पोर्टल पर दिखाये राशि के अनुसार लागु। 4. निविदा बंद होने एवं खुलने की तारीख एवं समय : ई–निविदा बंद होने की तारीख 01.04.2024 को 17.00 बजे तक ई–निविदा खुलने की तारीख 02.04.2024 को 12.00 बजे से। 5. वेबसाईट का विवरण : http://www.ireps.gov.in ई–निविदा के तहत मैनुअल प्रस्ताव स्वीकार नहीं की जायेगी। नोट : (i) हिन्दी और अंग्रेजी भाषा में सूचना में अंतर होने पर अंग्रेजी भाषा में सूचना ही मान्य होगी। (ii) प्रत्याशित निविदादाताओं को यह सलाह दी जाती है कि इस ई–निविदा की जारी होने की कोई भी परिवर्तन और शुद्धि पत्र की ओर ध्यान देने के लिए निविदा बंद होने की अंतिम तिथि से कम से कम पंद्रह दिन पहले वेबसाइट http://www.ireps.gov.in अवलोकन करें।

मुख्य परियोजना प्रबंधक (गतिशक्ति)/पूमरे/धनबाद

पीआर/02489/डीएचएन/अभि./टी/23–24/44

Page 11



हिन्दी दैनिक

जन-जन की वाणी...

# सोन वर्षा वाणी

औरंगाबाद, आरा एवं रांची से प्रकाशित

Page 10



देश

इंडिया वर्सेस इंग्लैंड : जेम्स एंडरसन ने बनाया वर्ल्ड रिकॉर्ड, टेस्ट क्रिकेट में 700 विकेट लेने...

हाउस ऑफ़ हिमालयाज ब्रांड के अन्तर्गत जो भी उत्पाद रखे जायें, उनकी गुणवत्ता...


शुक्ल पक्ष प्रतिपदा विक्रम संवत 2080

• औरंगाबाद • रविवार • 10 मार्च 2024 • वर्ष 26 • अंक 90 • पृष्ठ 12

मूल्य ₹ 2.00

## सोना चांदी

| सोना | चांदी |
|---|---|
| 10 ग्राम 24 कैरेट | 1 किलो चांदी |
| ₹ 66, 270 | ₹75,700 |



## आज का इतिहास

- 1872 : भारत के स्वतंत्रता आंदोलन के एक नेता मौलाना उबैदुल्लाह सिंधी का जन्म हुआ। उन्होंने रेशमी आंदोलन चलाया था किन्तु यह आंदोलन विफल हो गया।
- 1885: भारत ने बेंशन एंड हेजेज क्रिकेट विश्वकप जीता।

## न्यूज बाइट्स

### 68वीं जूनियर राष्ट्रीय बॉल बैडमिंटन 10 मार्च से शुरू

**पटना (नि.सं.)।** सफल आयोजन के लिए समिति की बैठक बिहार बॉल बैडमिंटन संघ के अध्यक्ष सह विधान परिषद प्रो. नवल किशोर यादव के अध्यक्षता में हुई। उन्होंने आयोजन स्थल का भी भ्रमण किया। प्रो. नवल किशोर यादव ने कहा कि मेरे भारतीय बॉल बैडमिंटन महासंघ के अध्यक्ष बनने के बाद बिहार में पहली बार राष्ट्रीय बॉल बैडमिंटन चैंपियनशिप का आयोजन किया जा रहा है। जिसको ऐतिहासिक और सफल बनाने के लिए कोई कोर कसर नहीं छोड़ा जाएगा। चैंपियनशिप के लिए स्थल निरीक्षण के दौरान बिहार बॉल बैडमिंटन संघ की उपाध्यक्ष सह भाजपा प्रवक्ता प्रो. सुहेली मेहता और प्रसिद्ध नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉ. सुनील कुमार सिंह ने संयुक्त रूप से बताया कि खिलाड़ियों और पदाधिकारियों को ठहरने, भोजन, परिवहन, चिकित्सा और साज-सज्जा की व्यवस्था को दुरुस्त किया गया है।

### कोलकाता में 15 मार्च से अंडरवॉटर ईस्ट-वेस्ट मेट्रो सेवा की होगी शुरुआत

**कोलकाता (प। बंगाल) ।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मार्च की शुरुआत में ही भारत की पहली अंडरवॉटर ईस्ट-वेस्ट मेट्रो का उद्घाटन किया था। और तब से लोग इंतजार कर रहे थे कि वह मेट्रो की यात्रा का लुत्फ कब उठा सकेंगे।अब लोगों का इंतजार खत्म हो गया है। इसी महीने 15 मार्च से गंगा के नीचे मेट्रो चलेगी। एस्प्लेनेड से हावड़ा मैदान ही नहीं, रूबी-न्यू गरिया, जोका-माझेरहाट की सेवाएं भी उसी दिन से शुरू हो रही हैं। कोलकाता मेट्रो की ओर से दी गई जानकारी के मुताबिक दिन की पहली मेट्रो सुबह 7 बजे हावड़ा और एस्प्लेनेड स्टेशनों से रवाना होगी।

### खुदाबख्श ओरिएंटल पब्लिक लाइब्रेरी बोर्ड की बैठक की गई आयोजित

**पटना (नि.सं.) ।** राज्यपाल राजेन्द्र विश्वनाथ आर्लेकर की अध्यक्षता में राजभवन के सभागार में खुदाबख्श ओरिएंटल पब्लिक लाइब्रेरी बोर्ड की आहूत बैठक में अनेक महत्वपूर्ण निर्णय लिये गये। बैठक में राज्यपाल ने इस लाइब्रेरी को लोकप्रिय बनाने हेतु जन सहभागिता बढ़ाने का निदेश देते हुए कहा कि इसके लिए पुस्तक प्रदर्शनी, टॉक शो, स्कूली बच्चों के लिए पेंटिंग प्रतियोगिता आदि का आयोजन कराया जाना चाहिए। केन्द्रीय संस्कृति मंत्रालय के अपर सचिव द्वारा इस कार्य में सहयोग करने का आश्वासन दिया गया। बैठक में खुदाबख्श ओरिएंटल पब्लिक लाइब्रेरी पर आधारित लघु फिल्म का भी प्रदर्शन किया गया। बैठक में केन्द्रीय संस्कृति मंत्रालय की अपर सचिव श्रीमती रंजना चोपड़ा, राज्यपाल के प्रधान सचिव श्री रॉबर्ट एल॰ चोंग्थू, खुदाबख्श ओरिएंटल पब्लिक लाइब्रेरी बोर्ड के निदेशक व सदस्यगण, राज्यपाल सचिवालय के पदाधिकारीगण तथा अन्य लोग उपस्थित थे।

पटना के ओबीसी महासम्मेलन में गृहमंत्री एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह की हुंकार

# भू- माफिया और बालू माफिया पर नकेल कसने के लिए बनेगी कमिटी, उसी रिपोर्ट के आधार पर जायेंगे जेल

निज संवाददाता | पटना



गृहमंत्री एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने भाजपा की ओर से पटना जिले के पाटलिपुत्र संसदीय क्षेत्र के पालीगंज में पिछड़ा-अति पिछड़ा सम्मेलन को संबोधित किया। सभा को संबोधित करते हुए अमित शाह ने कहा कि पालीगंज की धरती वीरों की भूमि है। अमित शाह ने ऐलान किया कि भू- माफिया, बालू माफिया एवं गरीबों का शोषण करने वाले को उलटा लटकाकर सीधा कर देंगे। एक कमिटी बनेगी, उस रिपोर्ट के आधार पर भू-माफिया को जेल में डालेंगे।

अमित शाह ने लालू-राबड़ी के साथ-साथ कांग्रेस राज में हुए घोटालों का जिक्र किया और कहा कि ये लोग घोटालेबाज हैं। मोदी के 23 साल से मुख्यमंत्री एवं प्रधानमंत्री हैं पर हमारे नेता पर कोई 25 पैसे का भी घोटाले का आरोप नहीं लगा सकता है।

अमित शाह ने कहा कि कांग्रेस और लालू प्रसाद यादव इतने सालों तक सत्ता में रहे। इन्होंने कभी भी कर्पूरी ठाकुर का सम्मान करने का काम नहीं किया। बिहार के अति पिछड़ा वर्ग से आने वाले बिहार के जननायक कर्पूरी ठाकुर को भारत रत्न देने का काम हमारे प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने किया। कांग्रेस ने हमेशा अपने परिवार का सम्मान किया। लालू ने भी पूरा जीवन पिछड़ों के नाम पर परिवार के लिए ही काम किया है।

मैं आपको बताना चाहता हूं, कांग्रेस की सोनिया गांधी का एकमात्र लक्ष्य है राहुल गांधी को प्रधानमंत्री बनाना है और लालू का एकमात्र लक्ष्य है बेटे को मुख्यमंत्री बनना। मुझे बताओ क्या ऐसे लोग आपके बेटे-बेटियों का भला कर सकते हैं? आपका कोई भला करेगा तो सिर्फ नरेंद्र मोदी ही करेंगे।

बता दें कि प्रधानमंत्री के बिहार दौरे के बाद से ही महागठबंधन और एनडीए के बीच 'मोदी का परिवार', परिवारवाद और भ्रष्टाचार पर सियासी जंग छिड़ी हुई है। अपने बिहार दौरे में पीएम मोदी ने तेजस्वी और लालू यादव परिवारवाद को लेकर तीखे तंज कसे थे। इसके बाद गांधी मैदान में आयोजित जनविश्वास रैली में लालू यादव ने मोदी के परिवार और उनके हिंदू होने पर सवाल उठा दिया। इसके बाद भाजपा ने 'मोदी का परिवार'नाम से कैंपेन शुरू कर दिया।

### जनता से मांगी बिहार की सभी 40 सीटें

पालीगंज की जनसभा में अमित शाह ने लोगों से आवाह्न किया कि 2024 में 40 की 40 सीटें मोदी की झोली में डालना है। क्या आप डालोगे? कहा अभी-अभी मोदी आए थे, दो लाख करोड़ से ज्यादा की विकास की योजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास किया था। मैं आज मोदी को बिहार की जनता की ओर से विशेष बात के लिए धन्यवाद करता हूं।

### गरीबों की जमीन कब्जा करने वालों का इलाज करेंगे सम्राट

जनसभा को संबोधित करते हुए डिप्टी सीएम सम्राट चौधरी ने कहा कि बीजेपी ही एक ऐसी पार्टी है जो सब दिन अति पिछड़े लोगों की लड़ाई लड़ने का काम किया है। कर्पूरी ठाकुर जब बिहार के मुख्यमंत्री बने तो कैलाशपति मिश्र ने उनको समर्थन देकर बिहार का मुख्यमंत्री बनाया और पहली बार अति पिछड़ा वर्ग को आरक्षण देने का काम किया। जब इस देश में मंडल कमीशन आया तब भी भारतीय जनता पार्टी के 84 सांसदों ने इसको समर्थन दिया। भाजपा का स्पष्ट मानना है हम मंडल के साथ भी हैं और कमंडल के साथ भी बीजेपी खड़ी है।

### कश्मीर और अनुच्छेद 370 का किया जिक्र

गृह मंत्री अमित शाह ने अपने संबोधन में कश्मीर और अनुच्छेद 370 का भी जिक्र किया। उन्होंने लालू यादव और कांग्रेस पर ही दशकों तक 370 लागू रखे रहने का ठिकरा फोड़ा। गृह मंत्री ने कहा कि आपने जिताया तो मोदी जी ने कश्मीर को हमेसा के लिए भारत में मिला लिया।

# पीएम ने 17500 करोड़ रुपये से अधिक कई विकास परियोजनाओं का किया उद्घाटन

एजेंसी | नई दिल्ली



प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शनिवार को असम के जोरहाट में 17,500 करोड़ रुपये से अधिक की कई विकास परियोजनाओं आधारशिला रखी और इनका उद्घाटन करते हुए उन्हें राष्ट्र को समर्पित किया। आज की विकास परियोजनाओं में स्वास्थ्य, तेल और गैस, रेल और आवास के क्षेत्र शामिल हैं। सभा को संबोधित करते हुए, प्रधानमंत्री ने इस अवसर पर उपस्थित विशाल भीड़ के लिए आभार व्यक्त किया और राज्य के 200 विभिन्न स्थानों से 2 लाख लोगों के शामिल होने की भी सराहना की। श्री मोदी ने कोलाघाट के लोगों द्वारा हजारों दीये जलाने का भी उल्लेख किया और कहा कि लोगों का प्यार और स्नेह उनकी सबसे बड़ी संपत्ति है। उन्होंने आज स्वास्थ्य, आवास और पेट्रोलियम क्षेत्रों से संबंधित लगभग 17,500 करोड़ रुपये की विकास परियोजनाओं का शिलान्यास करते हुए उन्हें राष्ट्र को समर्पित करके असम के विकास को गति देने की पुष्टि की। काजीरंगा राष्ट्रीय उद्यान की अपनी यात्रा के बारे में बात करते हुए, प्रधानमंत्री ने इसे एक अद्वितीय राष्ट्रीय उद्यान और बाघ अभयारण्य कहा और यूनेस्को विश्व धरोहर स्थल की जैव विविधता और अनोखे ईकोसिस्टम के आकर्षण को रेखांकित किया। उन्होंने कहा कि 70 फीसदी एक सींग वाले गैंडे काजीरंगा में हैं। उन्होंने दलदली हिरण, बाघ, हाथी और जंगली भैंसे जैसे वन्यजीवों को खोजने के अनुभव के बारे में भी बात की। प्रधानमंत्री ने बताया कि कैसे लापरवाही और आपराधिक सहयोग के कारण गैंडा लुप्त होने की कगार पर है और उन्होंने 2013 में एक ही वर्ष में 27 गैंडों के शिकार को याद किया। सरकार के प्रयासों से 2022 में गैंडों के शिकार की संख्या शून्य हो गई। काजीरंगा के स्वर्ण जयंती वर्ष पर असम के लोगों को बधाई देते हुए, प्रधानमंत्री ने नागरिकों से राष्ट्रीय उद्यान का दौरा करने का आह्वान किया। प्रधानमंत्री ने आज वीर लाचितबोरफुकन की भव्य प्रतिमा के अनावरण का जिक्र किया।

# बिहार एमएलसी चुनाव के लिए बीजेपी ने जारी की सूची

निज संवाददाता | पटना

बिहार एमएलसी चुनाव के लिए बीजेपी ने शनिवार को अपने तीन उम्मीदवार घोषित कर दिए हैं। पूर्व मंत्री मंगल पांडेय, लाल मोहन गुप्ता और अनामिका सिंह को बीजेपी ने प्रत्याशी बनाया है। मंगल पांडेय की गिनती बिहार भाजपा के दिग्गज नेता के रूप में होती है। पार्टी में ब्राह्मण चेहरा हैं। बिहार सरकार के कई विभागों में मंत्री रह चुके हैं। स्वास्थ्य जैसे अहम विभाग का जिम्मा भी संभाल चुके हैं। बिहार भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष रह चुके हैं। फिलहाल पश्चिम बंगाल के प्रदेश प्रभारी के पद पर हैं। हिमाचल प्रदेश के भी प्रभारी रह चुके हैं। अनामिका सिंह की गिनती भाजपा के पुराने और वफादार सिपाही के रूप में होती है। भाजपा के संगठन से जुड़ी रही हैं। पहली बार इन्हें एमएलसी का प्रत्याशी बनाया गया है। अनामिका बीजेपी की प्रदेश महिला मोर्चा की अध्यक्ष रह चुकी हैं। फिलहाल प्रदेश भाजपा की प्रवक्ता हैं। राजपूत जाति से आती हैं। पटना के सगुना मोड़ में इनका अपना हॉस्पिटल भी है।

लाल मोहन गुप्ता की गिनती भी संगठन के पुराने और वफादार सिपाही के रूप में होती हैं। मुंगेर में पार्टी के पूर्व जिला अध्यक्ष भी रह चुके हैं। ये ईबीसी (तांती वर्ग) से आते हैं। लाल मोहन गुप्ता की गिनती भाजपा के एक समान और सरल कार्यकर्ता के रूप में होती है। आजीवन बीजेपी से ही जुड़े रहे हैं। संघ से भी इनके बेहतर संबंध हैं। इन्होंने शादी नहीं की है। कुल 4 सीटों में बीजेपी की तरफ से एक सीट अपने सहयोगी हम को दिया गया है।

# चुनाव आयुक्त अरुण गोयल का इस्तीफा

- चुनाव आयुक्त का इस्तीफा ऐसे वक्त आया है कि जबकि कुछ ही हफ्तों में देश में लोकसभा चुनाव होने वाले हैं। ऐसे में यह कदम चौंकाने वाला है।

एजेंसी | नई दिल्ली



चुनाव आयुक्त अरुण गोयल ने शनिवार को अपने पद से इस्तीफा दे दिया। चुनाव आयुक्त का इस्तीफा ऐसे वक्त आया है कि जबकि कुछ ही हफ्तों में देश में लोकसभा चुनाव होने वाले हैं। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने उनका इस्तीफा स्वीकार भी कर लिया है। शनिवार को जारी गजट अधिसूचना में कहा गया कि मुख्य चुनाव आयुक्त और अन्य चुनाव आयुक्त (नियुक्ति, सेवा की शर्तें और कार्यालय की अवधि) अधिनियम, 2023 की धारा 11 के खंड (1) के अनुसरण में, राष्ट्रपति को 09 मार्च, 2024 से प्रभावी श्री अरुण गोयल, चुनाव आयुक्त द्वारा दिए गए इस्तीफे को स्वीकार करते हुए खुशी हो रही है। बता दें है कि चुनाव आयोग जल्द ही चुनाव की तारीखों का ऐलान करने वाला है। गौरतलब है कि अरुण गोयल के इस कदम के बाद अब चुनाव आयोग में 2 रिक्तियां हो गई हैं। चुनाव आयोग में कमिश्नर के अब दो पद खाली हो गए हैं। अरुण गोयल ने 21 नवंबर 2022 को चुनाव आयुक्त का प्रभार ग्रहण किया था। 1985 बैच के आईएएस अधिकारी अरुण गोयल ने अरुण गोयल पहले सचिव, भारी उद्योग मंत्रालय, भारत सरकार के रूप में काम कर चुके हैं।

# नये वाहनों में हाई सिक्योरिटी रजिस्ट्रेशन प्लेट लगाना अनिवार्य, 745 वाहन चालकों पर हुई कार्रवाई



निज संवाददाता | पटना

बिहार में हाई सिक्योरिटी रजिस्ट्रेशन प्लेट (एचएसआरपी) के बिना वाहन चलाने और वाहन नंबर प्लेट से छेड़छाड़ कर बॉस, पापा इत्यादि जैसे शब्द बना कर गाड़ी चलाने वाले वाहन मालिकों के खिलाफ शनिवार को राज्य के सभी जिलों में विशेष जांच अभियान चलाया गया। इस दौरान 745 वाहन मालिकों व चालकों का ऑन स्पॉट चालान काटा गया। अभियान परिवहन सचिव संजय कुमार अग्रवाल के दिशा- निर्देश राज्य भर में जिला परिवहन पदाधिकारी, एमवीआइ और इएसआइ द्वारा चलाया गया। परिवहन सचिव ने बताया कि वाहनों के नंबर प्लेट या बॉडी पर जाति, धर्म, प्रोफेशन, नाम, प्रतीक, फोटो या अन्य किसी चीज को लिख कर वाहन चलाने से अन्य वाहन चालकों का ध्यान बंटता है और दुर्घटना भी होती है। मोटर वाहन अधिनियम के तहत नंबर प्लेट के लिए एक निश्चित मानक निर्धारित किया गया है। दरअसल दोपहिया व चारपहिया वाहनों पर रजिस्ट्रेशन नंबर को छेड़छाड़ करते हुए कुछ वाहन मालिक नंबर प्लेट पर 8055 को बदल कर बॉस और 4141 को बदल कर पाप लिखते हैं। केंद्रीय मोटरवाहन नियमावली के नियम 50 व 51 के तहत नंबर प्लेट के लिए मानक निर्धारित किये गये हैं। इसका उल्लंघन किये जाने पर मोटरयान अधिनियम की धारा 177 और 179 के तहत 2500 रुपए जुर्माने का प्रावधान है। नए वाहनों में डीलर प्वाइंट से ही एचएसआरपी लगे आते हैं।

### स्टाइलिश नंबर प्लेट वाले वाहनों पर हुइ कार्रवाई

परिवहन सचिव ने कहा कि जिलों द्वारा चलाये गये विशेष जांच अभियान में कई ऐसे दोपहिया, तिपहिया और चारपहिया वाहनों पर कार्रवाई हुई है। जिसके नंबर प्लेट पर स्टाइलिश तरीके से शब्दों को प्रदर्शित किया गया था। जिलों में यह अभियान अब नियमित चलाया जायेगा। उन्होंने कहा कि वाहन मालिकों से ऐसी अपेक्षा की जाती है कि अभी अपनी गाड़ी में बिना हाई सिक्योरिटी रजिस्ट्रेशन प्लेट (एचएसआरपी) ही लगाएं और मोटरवाहन अधिनियम के नियमों का पालन करें।

# प्रदेश के 39 हजार मतदान केंद्रों से होगी लाइव वेब कास्टिंग

- राज्य में 78 हजार से अधिक मतदान केंद्र हैं, जहां लोकसभा चुनाव में मतदान की व्यवस्था होगी

निज संवाददाता | पटना

राज्य में 78 हजार से अधिक मतदान केंद्र हैं, जहां लोकसभा चुनाव में मतदान की व्यवस्था होगी, इसमें 39 हजार ऐसे मतदान केंद्र हैं, जहां से इस बार मतदान प्रक्रिया की लाइव वेब कास्टिंग होगी। केंद्रों पर गड़बड़ी की आशंका को देखते हुए यह व्यवस्था की गई है। भारत निर्वाचन आयोग ने राज्य के अधिक से अधिक मतदान केंद्रों पर लाइव वेब कास्टिंग की व्यवस्था करने का निर्देश दिया है। इस बाबत मतदान केंद्रों पर कैमरा लगाने वाली कंपनियों के लिए निविदा भी आमंत्रित कर दी गई है। निर्वाचन आयोग के तकनीकी अधिकारियों का कहना है कि आगामी लोकसभा चुनाव में होने वाली व्यवस्था पहले की तुलना में काफी बेहतर होगी। इस बार 50 फीसदी मतदान केदों से लाइव प्रसारण की व्यवस्था की जाएगी। इससे पहले केवल मतदान केंद्रों से वीडियो ही दिखायी जाती थी, लेकिन इस बार वीडियो के साथ ऑडियो भी सुनने की व्यवस्था होगी। इसके लिए कमरे में एक चिप लगायी जाएगी तथा नये सॉफ्टवेयर के जरिये वीडियो और ऑडियो दोनों सुनाई देगा। 2019 में सूबे के एक मतदान केंद्र पर प्रत्याशी की ओर से की गई गड़बड़ी की शिकायत की जांच लाइव वेब कास्टिंग कैमरे के वीडियो से की गई थी, लेकिन ऑडियो नहीं होने के कारण जांच अधिकारियों को काफी परेशानी हुई थी। जांच के दौरान वीडियो से यह स्पष्ट नहीं हो पा रहा था कि मतदान केंद्र के अंदर कौन क्या कह रहा है? इसलिए निर्वाचन आयोग ने अब दोनों तरह की व्यवस्था करने को कहा है ताकि राज्य और जिला मुख्यालय से निगरानी के दौरान देखा जा सके कि मतदान केंद्र पर क्या चल रहा है? निर्वाचन अधिकारियों के साथ-साथ आम मतदाताओं की क्या गतिविधियां हैं इसकी जानकारी मिल सकेगी। नई तकनीक पर आधारित कैमरे की विशेषता होगी कि उसे सामान्य बिजली के प्लक में कनेक्शन दिया जा सकता है तथा बिजली नहीं रहने के बाद भी कमरे में लगी बैटरी के बैकअप से रिकॉर्डिंग या ऑडियो को प्रसारित किया जा सकेगा। प्रत्येक मतदान केंद्र पर दो कैमरे लगाए जाएंगे एक कैमरा मतदान हॉल में तथा दूसरा बाहर की गतिविधियों को देखने के लिए लगाया जाएगा।

### सर्विस वोटरों के लिए लगेगा कैंप

राज्य में सर्विस वोटरों के लिए इस बार नई व्यवस्था की गई है। पीठासीन पदाधिकारी, मतदान अधिकारी या मतदान प्रक्रिया में भाग लेने वाले अन्य कर्मचारियों के लिए इस बार कैंप का आयोजन किया जाएगा, जहां वे मतदान कर सकेंगे। यह काम संबंधित जिलों में मतदान की तिथि के पहले लगाया जाएगा, ताकि वहां सर्विस वोटर बैलेट पेपर के माध्यम से मतदान का प्रयोग कर सकें। यह सुविधा केवल सर्विस वोटरों के लिए होगी। मतदान करने के बाद वे अपने अपने क्षेत्र में चुनावी ड्यूटी पर चले जाएंगे।

### पहले पांच प्रतिशत मतदान केंद्रों पर थी व्यवस्था

लाइव वेब कास्टिंग करने की व्यवस्था पहले प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र के पांच प्रतिशत मतदान केंद्रों पर ही रहती थी, लेकिन भारत निर्वाचन आयोग ने इसकी संख्या बढ़ाने का निर्देश दिया तथा नई तकनीक पर आधारित व्यवस्था करने को कहा है। लाइव वेबकास्टिंग की सुविधा वैसे मतदान केंद्रों पर की जाती थी, जिसे संवेदनशील माना जाता था, लेकिन कालान्तर में सामान्य मतदान केंद्रों पर भी शिकायत मिलने लगी इसलिए लाइव वेब कास्टिंग की सुविधा वाले मतदान केंद्रों की संख्या बढ़ानी पड़ी।

## बिहार के इंजीनियरिंग कॉलेजों में आईआईटी की तर्ज पर होगी प्लेसमेंट

**पटना (नि.सं.)।** बिहार में सरकारी तकनीकी संस्थानों से इंजीनियरिंग की डिग्री लेने वाले नौजवानों को मई-जून में नौकरी देने आइटी सेक्टर की नामचीन कंपनियां आएंगी। पिछले वर्ष इंफोसिस, टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज (टीसीएस), विप्रो, टेक महिन्द्रा और एचसीएल जैसी आइटी सेवा देने वाली दो दर्जन कंपनियों ने 5505 फ्रेशर इंजीनियरों को नौकरी दी थी। विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग के एक अधिकारी ने बताया कि टेक्नोलॉजी सेक्टर की कंपनियों ने इंजीनियरिंग में ग्रेजुएशन की डिग्री प्राप्त छात्रों को जॉब ऑफर देने की स्वीकृति दी है, जिसकी प्लेसमेंट टीम इस साल कॉलेजों के कैम्पस में आने वाली है। एनर्जी, आइटी, इलेक्ट्रानिक और ऑटोमोबाइल सेक्टर की दर्जन भर कंपनियों ने प्लेसमेंट के लिए आने की स्वीकृति दी है। तकनीकी संस्थानों में स्किल डेवपलमेंट प्रोग्राम भी विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग के मुताबिक, सभी तकनीकी शिक्षण संस्थानों में स्किल डेवलपमेंट प्रोग्राम भी अनिवार्य रूप से चलाने का निर्देश दिया गया है।




# राजभवन की रोक के बाद शिक्षा विभाग की बैठक में नहीं पहुंचे वीसी

- केके पाठक ने इस बैठक को रद्द कर 15 मार्च को फिर से मीटिंग बुला ली है।

निज संवाददाता | पटना



बिहार में विश्वविद्यालयों के क्षेत्राधिकार के मुद्दे पर राजभवन और शिक्षा विभाग के बीच टकराव थमने का नाम नहीं ले रहा है। शिक्षा विभाग के अपर मुख्य सचिव केके पाठक ने राज्य के सभी कुलपतियों की शनिवार को बैठक बुलाई। हालांकि, राज्यपाल राजेंद्र विश्वनाथ आर्लेकर की ओर से यूनिवर्सिटी के पदाधिकारियों के इस बैठक में शामिल होने पर रोक लगा दी। इस कारण कोई भी वीसी बुधवार को केके पाठक की बैठक में नहीं पहुंचे। इसके बाद विभाग ने यह बैठक रद्द कर दी। हालांकि, केके पाठक अपने रुख पर अड़े हुए हैं, उन्होंने फिर से 15 मार्च को यह बैठक बुला दी है। माना जा रहा है कि अगर अगली बैठक से भी कुलपति नहीं आते हैं तो उनके खिलाफ विभाग कड़ा एक्शन ले सकता है। दरअसल, यूनिवर्सिटी के मुद्दे पर शिक्षा विभाग और राजभवन के बीच लंबे समय से टकराव हो रहा है। पिछले महीने विभाग ने लंबित परिक्षाओं को लेकर सभी विश्विविद्यायों के कुलपति, कुलसचिव और परीक्षा नियंत्रकों की बैठक बुलाई थी। मगर राजभवन की ओर से वीसी एवं अन्य पदाधिकारियों को इस बैठक में जाने की अनुमति नहीं मिली। 28 फरवरी को हुई इस मीटिंग में एक भी वीसी शामिल नहीं हुए। इसके बाद शिक्षा विभाग के एसीएस केके पाठक ने उन्हें कारण बताओ नोटिस भेज दिया और उनकी सैलरी रोक दी। इसके बाद विभाग ने 2 फरवरी को सभी वीसी का ट्रेनिंग प्रोग्राम भी आयोजित किया। इसमें भी विश्वविद्यालयों के पदाधिकारियों के जाने पर राजभवन ने रोक लगा दी। नतीजतन एक भी वीसी या पदाधिकारी ने इस ट्रेनिंग में हिस्सा नहीं लिया, इसके बाद विभाग ने यह कार्यक्रम रद्द कर दिया।

घर लौटने के दौरान हुआ हादसा, सभी घायलों का चल रहा इलाज

# दो बाइक की टक्कर में दो युवक की मौत, अन्य चार लोग घायल



निज संवाददाता

**मधेपुरा।** मधेपुरा के कुमारखंड-मुरलीगंज NH-91 पर शनिवार को रहठा शिव मंदिर के पास दो बाइकों की टक्कर में 2 लोगों की मौके पर ही मौत हो गई। वहीं दोनों बाइक पर सवार अन्य चार लोग घायल हो गए। घायलों में दो महिलाएं भी शामिल है। मृतक की पहचान अररिया जिले के खुटहा रजक निवासी मुकेश कुमार और कुमारखंड थाना क्षेत्र के चंडी स्थान लक्ष्मीपुर निवासी मो. वसीम (30) के रूप में हुई है। वहीं घायलों की पहचान कुमारखंड थाना क्षेत्र के करारिया पुरैनी निवासी गुरुदेव मंडल की बेटी बेबी कुमारी (25) और नंदनी कुमारी (17) तथा सिंहेश्वर थाना क्षेत्र के पटोरी निवासी मो. रुस्तम के बेटे शहनवाज (15) एवं सरफराज (12) के रूप में हुई हैं। घटना को लेकर बताया जा रहा है कि खुटहा रजक निवासी मुकेश कुमार बाइक पर अपनी पत्नी और साली के साथ कुमारखंड बाजार की ओर जा रहे थे। वहीं लक्ष्मीपुर चंडी स्थान निवासी मो. वसीम अपनी बाइक से सिंहेश्वर थाना क्षेत्र के पटोरी निवासी मो. रुस्तम के बेटे शहनवाज (15) और सरफराज (12) को पीछे बैठाकर कुमारखंड से मीरगंज की ओर जा रहे थे। इसी दौरान रहठा शिव मंदिर के पास दोनों बाइकों के बीच आमने-सामने की टक्कर हो गई। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि दोनों बाइक बुरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गई। साथ ही इस घटना में दोनों बाइक चालक की मौके पर ही मौत हो गई। घटना की सूचना पर पहुंचे स्वास्थ्य कर्मियों ने तीनों घायल को जेएनकेटी मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया। वहीं मृतक मुकेश को मुरलीगंज सीएचसी और मो. वसीम को कुमारखंड सीएचसी ले जाया गया। जहां डॉक्टरों ने दोनों को मृत घोषित कर दिया। मृतक मुकेश कुमार के ससुर गुरुदेव मंडल ने बताया कि उनकी दोनों बेटी दामाद के साथ शुक्रवार को ही सिंहेश्वर मंदिर पूजा करने गए थे। वापस लौटने के क्रम में शाम होने पर वे लोग अपनी मौसी के घर तमोट परसा में रुक गए थे। शनिवार को वे लोग कुमारखंड के करारिया पुरैनी के लिए निकले थे, जहां रास्ते में बाइक दुर्घटनाग्रस्त हो गया। मुरलीगंज के प्रभारी थानाध्यक्ष बबलू कुमार ने बताया कि घटना की सूचना मिलते ही सभी घायलों को इलाज के लिए अस्पताल भेजा गया। वहीं दोनों शव को पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेजा दिया गया है। मामले की जांच की जा रही है।

## सड़क दुर्घटना में दंपती की हुई मौत

निज संवाददाता



**अररिया।** अररिया में फारबिसगंज-नरपतगंज एनएच-57 पर बढ़े पारा के पास अज्ञात वाहन की चपेट में आने से बाइक सवार पति-पत्नी गम्भीर रूप से घायल हो गए। जिसे स्थानीय लोगों के सहयोग से अनुमंडलीय अस्पताल फारबिसगंज ले जाया गया। जहां चिकित्सक ने प्राथमिक जांच के दौरान पति को मृत घोषित कर दिया। जबकि गंभीर रूप से घायल पत्नी की इलाज के दौरान मौत हो गई। दोनों पति-पत्नी की पहचान सुपौल जिला के सिमराही थाना क्षेत्र अंतर्गत मोतीपुर चकला गांव निवासी के रूप में हुई है। मृतकों में 35 वर्षीय मुकेश कुंवर व उनकी पत्नी राखी कुमारी है। नरपतगंज थाना की पुलिस ने दोनों शव को कब्जे में लेते हुए शनिवार को पोस्टमॉर्टम के लिए सदर अस्पताल अररिया लाया। पोस्टमॉर्टम के बाद परिजनों को अंतिम संस्कार के लिए शव सौंप दिया गया। मृतक मुकेश कुंवर के चचेरे भाई रती नाथ कुंवर ने कहा कि भाई अपनी पत्नी को लेकर फारबिसगंज डॉक्टर के पास दिखाने आए थे। डॉक्टर से दिखाकर शुक्रवार की देर संध्या दोनों पति-पत्नी अपने घर सुपौल जिला के सिमराही थाना क्षेत्र अंतर्गत मोतीपुर चकला गांव जा रहे थे। इसी दौरान नरपतगंज थाना क्षेत्र के बढ़े पारा पेट्रोल पंप पर पेट्रोल भरा कर जैसे ही एनएच-57 पर चढ़े अज्ञात वाहन की चपेट में आने से दोनों पति-पत्नी घायल हो गए। जिसे स्थानीय लोगों ने अनुमंडलीय अस्पताल फारबिसगंज ले गए। नरपतगंज थाना अध्यक्ष विकास कुमार से संपर्क करने की कोशिश की गई तो उन्होंने फोन का उत्तर नहीं दिया।

# बिहार में दिख रहा बीजेपी और एनडीए द्वारा किया गया सभी काम : गिरिराज सिंह

निज संवाददाता



**बेगूसराय।** बीजेपी नेता और केंद्रीय मंत्री गिरिराज सिंह ने राहुल गांधी के वायनाड से चुनाव लड़े जाने पर कहा कि कांग्रेस को केवल मुस्लिम वोटर पर भरोसा है। केरल में मुस्लिम मतदाता ज्यादा हैं। उन्होंने कांग्रेस को डूबती हुई नाव बताया तो राजद पर भी तीखा तंज कसा है। अमित शाह के बिहार दौरे को लेकर उठाए गए सवाल पर बेगूसराय में गिरिराज ने कहा कि आरजेडी को कुछ भी कहने का अधिकार नहीं है। बिहार को एनडीए की सरकार ने जो दिया है, उस पर राजद को कुछ कहने को अधिकार नहीं है। गिरिराज सिंह ने कहा कि 15 साल का डाटा निकाल बहस कर लें, उन्होंने विकास के बदले विनाश का काम किया था। इसलिए उन्हें बोलने का अधिकार नहीं है। बीजेपी और एनडीए द्वारा किया गया सब काम बिहार में दिख रहा है। उनको जितना मिलना है, मिला लें पता चल जाएगा। कांग्रेस ने शुक्रवार को लोकसभा चुनाव के लिए अपने 39 कैंडिडेट की लिस्ट जारी की है। इसमें अमेठी की घोषणा नहीं किए जाने पर गिरिराज सिंह ने कहा कि कांग्रेस को अमेठी की जनता पर भरोसा नहीं है। अमेठी ने इंदिरा गांधी के परिवार को सम्मान दिया। लेकिन कांग्रेस ने 5 साल अपने भाषण में सम्मान के बदले अमेठी की जनता को अपमानित किया।

कांग्रेस को सिर्फ मुस्लिम मतदाता पर भरोसा है, इसलिए तो राहुल गांधी ने वायनाड से फिर चुनाव लड़ने की घोषणा की और अमेठी को भूल गए। उन्हें अमेठी की जनता पर भरोसा नहीं है। स्मृति ईरानी 5 साल में जितनी बार अमेठी गई, उसका एक चौथाई भी गांधी परिवार अमेठी नहीं गया। अमेठी की जनता स्मृति ईरानी को अपनी बेटी और बहन के रूप में मानती है। उद्धव ठाकरे द्वारा महाराष्ट्र में जय भवानी और जय शिवाजी कहकर वोट डालने के सवाल पर गिरिराज सिंह ने कहा कि जय भवानी, जय शिवाजी, जय बजरंगबली और जय श्री राम का नारा बीजेपी का है। कहा कि जो लोग भटक गए हैं, कुछ भी बोलने का अधिकार नहीं है। बाल ठाकरे जी की आत्मा रो रही होगी, कुछ लोग तुष्टिकरण की ओर जा रहे हैं, वह सब कुछ भूल कर दूसरा काम कर रहे हैं, उन्हें जय भवानी और जय शिवाजी बोलने का अधिकार नहीं है। कांग्रेस नेताओं द्वारा लगातार भाजपा में शामिल होने के सवाल पर गिरिराज सिंह ने कहा कि कांग्रेस डूबती नाव है। इसलिए सब कांग्रेस छोड़कर भाग रहे हैं। महाराष्ट्र से लोग भाग गए हैं, सब जगह से लोग भाग रहे हैं। डूबती हुई नाव की पतवार जिसके हाथ में है, उस पर कांग्रेस के लोगों को भरोसा नहीं है।

## जिलाधिकारी ने किया पोषण मेला का उद्घाटन

**लखीसराय (नि.सं.)।** समाहरणालय स्थित सभागार में राष्ट्रीय पोषण कार्यक्रम के तहत पोषण मेला का आयोजित किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन डीएम रजनी कांत ने किया। इस दौरान कुपोषण दूर भगाने के उपाय पर चर्चा की गई। इसके साथ ही लाभुकों को जागरूक करने के लिए रैली निकाली गई। पोषण को लेकर जागरूक करने के लिए समेकित बाल विकास परियोजना (आईसीडीएस) की ओर से पोषण पखवाड़ा मनाया जा रहा है। पोषण मेला में अलग अलग प्रकार के अनाजों का स्टॉल लगाकर पोषण की महत्ता और फायदे के बारे में बताया गया। सीडीपीओ ममता ने बताया कि पखवाड़े में पोषण संबंधित गतिविधियों में पुरुषों को शामिल करने पर जोर दिया गया है। महिलाओं के साथ पुरुषों की भागीदारी से पोषण में सुधार संभव है। आहार में विविधता से बेहतर पोषण मिलता है। यदि पुरुष इसके प्रति गंभीर हो जाएं तब उनके परिवारों से कुपोषण आसानी से खत्म हो सकेगा।

## उत्पाद विभाग ने नमकीन और चिप्स की आड़ में 20 लाख की विदेशी शराब किया बरामद

निज संवाददाता



मुजफ्फरपुर। मुजफ्फरपुर में नमकीन और चिप्स की आड़ में विदेशी शराब के गोरखधंधे का उत्पाद विभाग ने खुलासा किया है। पूरा मामला मीनापुर थाना क्षेत्र के पानापुर ओपी का है। जहां, होली को लेकर चिप्स और नमकीन के पैकेट और बोरियों के आड़ में लाई जा रही विदेशी शराब की एक बड़ी खेप को उत्पाद विभाग की टीम ने जब्त किया है। जब्त की गई विदेशी शराब की कीमत करीब 20 लाख बताई जा रही है। उत्पाद विभाग के इंस्पेक्टर शिवेंद्र कुमार ने बताया कि शराब की डिलीवरी होने की गुप्त सूचना पर इलाके की घेराबंदी कर ट्रक समेत विदेशी शराब की इस बड़ी खेप को जब्त कर लिया गया है। हालांकि, इस छापेमारी की भनक लगते माफिया मौके से भागने में सफल रहे। वहीं, दूसरी कार्रवाई अहियापुर थाना क्षेत्र के चंदवारा के छिंटभगवतीपुर में की गई। जहां एक मकान में छापेमारी कर पुलिस ने 35 कॉटन व्हिस्की को बरामद किया है। उत्पाद विभाग के अनुसार पकड़े गए विदेशी शराब की इस बड़ी खेप को होली में खपाने की तैयारी थी। लेकिन उत्पाद विभाग और पुलिस की सजगता ने शराब माफियाओं के मंसूबे पर पानी फेर दिया है।

## पत्नी की हत्या मामले में पति को 10 साल की सजा, तीन साल बाद आया फैसला

निज संवाददाता

**बेतिया (पश्चिमी चम्पारण)।** बेतिया में मायके से दहेज नहीं लाने से नाराज पति द्वारा पत्नी को जान से मार देने एवं साक्ष्य मिटाने के उद्देश्य से लाश को जला देने के एक मामले की सुनवाई करते हुए एडीजे अशोक कुमार मांझी ने कांड के नामजद आरोपी पति मंजीत कुमार पासवान को दोषी पाते हुए दस वर्ष कठोर कारावास की सजा सुनाई है। साथ ही न्यायाधीश ने सजायाफ्ता पति को दस हजार रुपए जुर्माना भी देने का आदेश दिया है। सजायाफ्ता पति शिकारपुर थाना क्षेत्र के धनकुटवा गांव का रहने वाला है। अपर लोक अभियोजक दीपक कुमार सिंह ने बताया है कि घटना वर्ष 2021 की है। उन्होंने बताया कि 18 अप्रैल 2021 को पूर्वी चंपारण जिला के मुफस्सिल थाना क्षेत्र के मधुबनी घाट की शर्मीली देवी की शादी मंजीत पासवान से हुई थी। दहेज मिलने व बारात के स्वागत के बाद भी ससुराल वाले संतुष्ट नहीं हुए। वहीं शर्मीली देवी पर कम दहेज लाने के ताने मारने लगे। उसपर और दहेज, लाने के लिए दबाव बनाने लगे। बात नहीं बनने पर शर्मीली देवी की हत्या कर साक्ष्य नष्ट करने के उद्देश्य से लाश को जलाने लगे। गुप्त सूचना पर लड़की का भाई पवन कुमार अपने गांव के लोगों के साथ घटना स्थल पर पहुंचे तो मंजीत पासवान और उनके खास सगे संबंधी उन्हें देखकर भाग खड़ा हुए। विचारण के दौरान गवाहों की गवाही, दस्तावेजी साक्ष्य, एवं दोनों पक्षों के बहस सुनने के बाद न्यायाधीश ने अभियुक्त को को दहेज हत्या में दोषी पाते हुए सजा सुनाई है।

# आग लगने से एक दर्जन से अधिक घर जलकर राख, 20 लाख का नुकसान

निज संवाददाता



**बेगूसराय।** बेगूसराय में एक दर्जन से अधिक घरों में आग लग गई। घर में रखा सारा सामान जलकर राख हो गया। इस दौरान लोगों ने किसी तरह से अपनी जान बचाई। घटना भगवानपुर थाना क्षेत्र के नौला चौक स्थित मुसहरी टोला की है। ग्रामीणों ने बताया कि खाना बनाते समय गैस लीकेज की वजह से पहले एक घर में आग लगी। देखते ही देखते कई घरों को चपेट में ले लिया। आग की लपटें काफी तेज थी, किसी को कुछ समझ में नहीं आया। सारा सामान जलकर राख हो गया। कुछ भी नहीं बचा। घर से भागकर लोगों ने किसी तरह से अपनी जान बचाई। मामले की सूचना में फायर ब्रिगेड की टीम मौके पर पहुंची।

घंटों मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया, लेकिन तबतक काफी देर हो चुकी थी। करीब 20 लाख रुपए का नुकसान हुआ है। पीड़ितों का रो-रोकर बुरा हाल है। जानकारी मिलते ही वीरपुर सीओ भाई वीरेंद्र भी घटनास्थल पर पहुंचे। पीड़ित परिवार से मुलाकात कर मदद का आश्वासन दिया। उन्होंने कहा कि जांच की जा रही है। पीड़ित परिवार को सरकारी सहायता दी जाएगी।

## अपराध की योजना बना रहे दो लोग गिरफ्तार, देसी कट्टा और बाइक जब्त



निज संवाददाता

**मधुबनी।** अंधरामठ थाना की पुलिस ने शुक्रवार की रात गुप्त सूचना पर धरहारा हाई स्कूल के पास दो अपराधियों को गिरफ्तार किया है। फुलपरास डीएसपी ने प्रेस वार्ता कर बताया कि स्कूल के पास कुछ अपराधियों के इकट्ठा होने का सूचना मिली थी। इसके बाद टीम बनाकर जब छापेमारी की गई तो पता चला कि वह लोग किसी घटना की योजना बना रहा थे। वहां से दो लोगों को गिरफ्तार किया गया है और उनके पास से दो देसी कट्टा और एक बाइक बरामद हुआ है। गिरफ्तार अपराधी की पहचान लाल मुखिया उम्र 41 साल और सुरेंद्र मुखिया उम्र 35 साल है। यह लोग धरहरा गांव के निवासी है। इसके अलावा इनका आपराधिक इतिहास जांच कर न्यायिक हिरासत में भेजने की तैयारी की जा रही है।

## हत्याकांड मामले में दो युवक गिरफ्तार

निज संवाददाता



**पूर्णिया।** पूर्णिया में शादी समारोह से घर लौट रहे शख्स की हत्या की गुत्थी पुलिस ने सुलझा ली है। तमानगंज निवासी गुड्डू साह की हत्या बदमाशों ने नहीं बल्कि उसके दो दोस्तों ने आपसी रंजिश में की थी। पुलिस ने हत्याकांड से शामिल दोनों दोस्तों को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस की गिरफ्त में आए दोनों दोस्तों ने अपना जुर्म कुबूल लिया है। जिसके बाद हत्याकांड में शामिल दोनों युवकों को गिरफ्तार कर जेल भेजा जा रहा है। पकड़े गए युवकों की पहचान कसबा थाना क्षेत्र के तमानगंज निवासी बौकु साह के बेटे रबिन कुमार और 2 स्व० बैजु साह के बेटे रबिन साह के रूप में हुई है। घटना की जानकारी देते हुए सदर एसडीपीओ पुष्कर कुमार ने बताया कि 7 मार्च की सुबह सदर थाना क्षेत्र के हुसैनाबाद 17-18 रेलवे गुमटी के बीच रेलवे ट्रैक के पूरब में कसबा थाना क्षेत्र के तमानगंज निवासी विनोद साह के बेटे गुड्डू साह (35) का शव मिला। युवक की चाकू गोदकर हत्या की गई थी और फिर शव को रेल की पटरी पर फेंक दिया गया था। परिजनों ने तब पुलिस को बताया था कि मृतक ने अपने मर्डर से पहले घर वालों को कॉल कर ये बताया था, कि उनके दोनों साथी रबिन कुमार और रबिन साह उसे मार रहे हैं। हत्याकांड को अंजाम देने के बाद उसके दोनों साथी गांव छोड़कर फरार हो गए थे। मामले की गंभीरता को देखते हुए एसपी उपेंद्र नाथ वर्मा के निर्देश पर एक विशेष टीम का गठन किया गया और फिर पुलिस ने आरोपियों की खोजबीन शुरू कर दी। खोजबीन के क्रम में दोनों युवकों को धर दबोचा गया। पकड़े गए युवकों ने बताया कि तीन एक ही समुदाय से हैं और तीनों शादी शादी समारोह और पार्टियों में हलवाई का काम करते थे। शादी के कामकाज करने को दोनों रबिन और गुड्डू साह के बीच आपसी रंजिश चल रहा था। इसी का बदला लेने के लिए रबिन कुमार और रबिन साह ने शादी से लौटने के क्रम में गुड्डू साह की चाकू गोदकर हत्या कर दी और फिर शव को हुसैनाबाद 17-18 रेलवे गुमटी के बीच रेलवे ट्रैक पर फेंक दिया था।

### कुख्यात अपराधी गिरफ्तार

**मुजफ्फरपुर (नि. सं.)।** मुजफ्फरपुर जिले के साहेबगंज में पुलिस की सजगता से लूट की एक बड़ी घटना को पुलिस ने विफल कर दिया। इस दौरान लूट की योजना बने रहे एक कुख्यात अपराधी पिंटू यादव को पुलिस ने राजेपुर से हथियार के साथ गिरफ्तार किया है। इसकी जानकारी सरैया एसडीपीओ कुमार चंदन ने दी है। कुख्यात अपराधी पिंटू यादव की गिरफ्तारी की पुष्टि करते हुए एसडीपीओ सरैया ने बताया कि कुख्यात अपराधी पिंटू यादव पर मुज़फ़्फ़रपुर जिले में लूट के आधा दर्जन मामले दर्ज है। जबकि इसके ऊपर असम में भी लूट और छीनतई के कई मामले दर्ज है। अभी हाल ही में सरैया में हुई ज्वेलरी दुकान और करजा में एक सीएसपी केंद्र में हुई लूट की घटना में भी यह अपराधी शामिल रहा था। जहां केंद्र में सीसीटीवी फुटेज में हथियार लहरा रहे छह युवकों की तस्वीर कैद हुई थी। एसडीपीओ कुमार चंदन ने बताया कि पुलिस को साहेबगंज थाना क्षेत्र के राजेपुर में कुछ अपराधियों के मौजूद होने की गुप्त सूचना मिली थी।

## सेवा समाप्त करने के खिलाफ डाटा एंट्री ऑपरेटरों ने दिया धरन

निज संवाददाता

**गोपालगंज।** गोपालगंज सदर अस्पताल समेत विभिन्न स्वास्थ्य केंद्रों में कार्यरत डाटा ऑपरेटरों की सेवा समाप्त करने के खिलाफ डाटा एंट्री कर्मियों ने सदर अस्पताल के राज्य स्वास्थय समिति कार्यालय के सामने अनिश्चितकालीन धरना-प्रदर्शन किया। कर्मियों ने समायोजन की मांग पूरी नहीं होने तक हड़ताल करने की बात कही। इस दौरान जिले के विभिन्न प्रखंडों के स्वास्थ्य विभाग में कार्यरत डाटा ऑपरेटर शामिल हुए और अपनी मांगों के समर्थन में आवाज बुलंद की। डाटा एंट्री ऑपरेटर विकास कुमार वर्मा ने बताया कि हमलोग विगत कई वर्षों से विभिन्न एजेंसी के साथ कार्य करते आ रहे हैं। जब भी एजेंसी बदलती है तो हमलोगों का टंकन टेस्ट लिया जाता है। परन्तु हमलोग पूर्व में उर्मिला इन्टरनेशनल सर्विसेज प्रालि से नियुक्त किए गए हैं। क्योंकि उर्मिला इन्टरनेशनल का एकरारनामा 26 मार्च 2024 को समाप्त हो रहा है और एकरारनामा के विस्तार का प्रस्ताव राज्य स्वास्थ्य समिति ने दिया है। कम्पनी ने 28 फरवरी को हम सभी को मेल किया कि हमारे संस्थान की ओर से पूर्व में निर्गत सभी नियुक्ति पत्र निरस्त समझी जाएगी। नए कार्यादेश के मापदंड के अनुसार हिन्दी/ अंग्रेजी टंकन और MS Office की परीक्षा आयोजित की जानी है। जिसमें आप सभी को उर्तीण होना अनिवार्य होगा। उन्होंने बताया कि 29 जुलाई 2021 को एजेंसी ने पत्र निर्गत किया था जिसमें डाटा एंट्री ऑपरेटर की टंकन की परीक्षा के संबंध में कहा गया। प्रदर्शनकारियों ने कहा कि विचार किया जाए कि हम सभी उक्त एजेंसी से ही पूर्व में कार्यरत हैं तो पुनः टंकन जांच की क्या आवश्यकता है।

नगर में दो रूटों पर होगा बसों का परिचालन

# अब इलेक्ट्रिक बसों से दरभंगा जिलेवासी कर सकेंगे सफर, जून तक जिले को मिलेगी 50 इलेक्ट्रिक बसें

निज संवाददाता




**दरभंगा।** दरभंगा जिलेवासियों को प्रदूषणरहित सुरक्षित यात्रा के लिए इलेक्ट्रिक बसों की सौगात मिलने वाली है। इसे लेकर बिहार राज्य पथ परिवाहन विभाग ने कवायद तेज कर दी है। जानकारी के अनुसार, पीएम इ-बस सेवा बीजना के कात 50 बसों की खरीद की प्रक्रिया चल रही है। जून माह तक 37 सीटर बसों का परिचालन विभाग दरभंगा ट्रांसपोर्ट कार्यालय को उपलब्ध करा देगा। इनमें से 10 बसों का संचालन शहर के भीतर सीटी बस सेवा के रूप में किया जायेगा। अन्य बसों का संचालन जिले के भीतर तथा बाहर के रूटों पर होगा, बस डिपो पर एक साथ 100 बसों की पार्किंग व अन्य सुविधा विकसित की जाएगी।

रोजाना 100 बसों का यहां से संचालन किया जाएगा। जिसमें 50 पुरानी होगी। नगर में सिटी बस सेवा का संचालन दो रूट पर किया जायेगा। पहला रूट दिल्ली मोड़, सरकारी बस स्टेंड कादिराबाद, दरभंगा स्टेशन, अललपट्टी, बेंता, कमिश्नरी कार्यालय से ट्रांसपोर्ट कार्यालय लहेरियासराय तक होगा। वापसी में बसें शोभन होते हुए दिल्ली मोड़ तक पहुंचेगी। दूसरा रूट सरकारी बस स्टैंड दिल्ली मोड़ से शोभन होते हुए एकमी, कर्पूरी चौक, नाका छह, पांच, आयकर चौराहा, बेला मोड़, बाघघर मोड़, दिल्ली मोड़ सरकारी बस पड़ाव तक निर्धारित किया गया है। बिहार राज्य पथ परिवहन निगम के क्षेत्रीय प्रबंधक शंकर झा ने बताया कि आमजन को प्रदूषण मुक्त सुरक्षित यात्रा के मद्देनजर सिटी बसों का संचालन किया जायेगा। जून माह तक 550 इलेक्ट्रिक बसों की आपूर्ति की जायेगी। सुलभ परिचालन को लेकर विभाग की ओर से कवायद तेज हो गयी है।

### शादी में हर्ष फायरिंग एक युवक घायल

**बेगूसराय (नि.सं.)।** बेगूसराय के मटिहानी थाना क्षेत्र में बारात में हर्ष फायरिंग के दौरान चली गोली से एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल युवक साफापुर निवासी सुबोध यादव के बेटे राकेश कुमार यादव (22 वर्ष) को इलाज के लिए बेगूसराय के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। मटिहानी थाना प्रभारी ने बताया कि घटना की जानकारी मिली है। लिखित आवेदन दिए जाने के बाद कार्रवाई की जाएगी। घटना के संबंध में बताया जा रहा है कि साफापुर निवासी उपेंद्र यादव के बेटा लालू कुमार की शादी मनियप्पा में बबलू यादव की बेटी से होनी थी। बारात दरवाजा पर आने के बाद सभी युवक शमियाना के बाहर डांस कर रहे थे। इसी दौरान शंकर यादव के बेटे ने हर्ष गोली चलाई। जिसमें एक गोली राकेश के बांह में लग गया।

## आग लगने से 10 एकड़ में गन्ना जलकर राख

निज संवाददाता



गोपालगंज। गोपलागंज के सदर प्रखंड के जागिरी टोला पंचायत के रामनगर गांव के पास गन्ने के खेत में आग लग गई। घटना में करीब 10 एकड़ में गन्ना जल गया। फायर बिग्रेड की गाड़ी ने आग पर काबू पाया। पुलिस पूरे मामले की जांच में जुटी है। सदर प्रखंड के रामनगर जागिरी टोला गांव निवासी दर्जनों किसानों ने गन्ने की खेती की थी, जो तैयार हो चुका था। कुछ गन्ने की कटाई भी शुरू हो चुकी थी। इसी बीच अचानक गन्ने के खेत आग लग गई। किसान अपने स्तर से आग पर काबू पाने की कोशिश करने लगे, लेकिन उनकी कोशिश नाकाम होती जा रही थी। कुछ किसानों ने इसकी सूचना तत्काल पुलिस और फायर ब्रिगेड को दी। सूचना पाकर मौके पर फायर ब्रिगेड की गाड़ी पहुंची। पर खेत तक नहीं जा पा रही थी। रेतीले खेत में बड़ी गाड़ी नहीं जा पा रही थी।

छोटी गाड़ी को स्थानीय लोगों ने धक्का देकर खेत तक पहुंचाया। जिसके बाद आग पर काबू पाया जा सका। घटना में जागीरी टोला पंचायत के रामनगर गांव निवासी विरेंद्र सिंह का तीन बीघा, रामाशंकर सिंह का दो बीघा, कामेश्वर सिंह का दो बीघा समेत अन्य किसानों के कुल 10 बीघा में लगा गन्ना जल कर राख हो गया। अगलगी की सूचना के बाद पहुंची पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। जादोपुर थानाध्यक्ष ने बताया कि आग पर काबू पा लिया गया है। फिलहाल आग लगने के कारणों की जानकारी नहीं मिल सकी है। मामले की जांच की जा रही है।

# विचार-मंथन

संपादकीय

## बागियों पर कार्रवाई

हिमाचल प्रदेश में विधानसभा अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानिया द्वारा दलबदल कानून के तहत सत्तारूढ़ कांग्रेस के छह बागी विधायकों की सदस्यता रद्द किए जाने के फैसले ने इस कानून की प्रासंगिकता को एक बार फिर रेखांकित किया है। गौरतलब है, ये विधायक पार्टी व्हिप के खिलाफ वोट करने के दोषी करार पाए गए थे। स्पीकर के इस फैसले से राज्य सरकार की स्थिरता पर फिलहाल कोई असर नहीं पड़ने जा रहा, शायद इसीलिए कांग्रेस ने इतना सख्त फैसला भी किया है। दरअसल, बहुमत में रहते हुए राज्यसभा चुनाव में मिली शर्मनाक पराजय से पार्टी की भारी किरकिरी तो हुई ही, राज्य की सुक्खू सरकार का भविष्य भी संकट में दिखने लगा था, क्योंकि सरकार के एक मंत्री विक्रमादित्य सिंह का असंतोष भी सामने आ गया था। ऐसे में, लाजिम ही पार्टी की पहली प्राथमिकता सरकार की स्थिरता सुनिश्चित करने की थी। डीके शिवकुमार और भूपेंद्र हुडा जैसे अनुभवी नेताओं को उतारने से ही साफ हो गया था कि शिमला में हालात ठीक नहीं हैं। ऐसे में, सियायी जुगत से एक तरफ बजट पारित कराकर सरकार के लिए कुछ वक्त जुटाया गया, तो नाराज वीरभद्र परिवार का भी मान-मनुहार किया गया। उसके बाद बागियों के खिलाफ कार्रवाई की रणनीति अपनाई गई। वैसे तो आम चुनाव के आस-पास विधायकों, सांसदों और नेताओं के पाला बदलने की एक पुरानी परंपरा रही है। मगर संसदीय लोकतंत्र में विधायी पदों पर बैठे लोगों को यह छूट कतई नहीं मिलनी चाहिए कि वे अपने राजनीतिक हितों या दूसरे स्वार्थों को साधने के लिए जनादेश से खिलवाड़ करें। ये विधायक जिस पार्टी के चुनाव-चिह्न पर विधानसभा पहुंचे थे, उसके साथ विश्वासघात करने से पहले इन्होंने क्या अपने मतदाताओं को भरोसे में लिया था? यह सिर्फ पार्टी ही नहीं, मतदाताओं के साथ भी धोखा है। दुनिया में कोई भी लोकतंत्र या राजनीतिक दल अनुशासन के बगैर कामयाब नहीं हो सकता। इसलिए, कांग्रेस की सख्ती समझी जा सकती है। पार्टी ने बिहार विधानसभा अध्यक्ष नंद किशोर यादव से भी पाला बदलने वाले अपने दो विधायकों की सदस्यता रद्द करने की मांग करने में जो तत्परता दिखाई है, वह भी एक संकेत है कि अनुशासनहीनता को लेकर अब वह अधिक गंभीर है। हिमाचल के बागियों के आचरण को एक तरफ रख दें, तो प्रदेश की पार्टी अध्यक्ष प्रतिभा सिंह ने जो बातें कही हैं, वे कांग्रेस नेतृत्व की कार्यशैली पर सवाल खड़े करती हैं। बकौल प्रतिभा, आलाकमान तक पार्टी विधायकों ने महीनों पहले अपनी कुछ शिकायतें रखीं थीं, मगर उनकी कोई सुनवाई नहीं हुई। यह दौर जैसी आक्रामक राजनीति का है।

## सनातन संस्कृति को प्रधानमंत्री मोदी की ओर से एक अनमोल उपहार है सुदर्शन सेतु

(मृत्युंजय दीक्षित)

सनातन की प्राचीनता से वर्तमान को परिचित कराते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गुजरात यात्रा के दौरान यहाँ के पंचकुई समुद्र तट पर स्कूबा ड्राइविंग करके भगवान श्रीकृष्ण की जलमग्न प्राचीन द्वारका नगरी के दर्शन करते हुए जल के अंदर पूजा की और इतिहास में एक अमर क्षण जोड़ दिया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कार्यकाल में आरम्भ सनातन हिन्दू संस्कृति का अमृतकाल प्रतिदिन नयी आभा प्राप्त कर रहा है। 22 जनवरी 2024 को अयोध्या में दिव्य, भव्य एवं नव्य राम मंदिर के उद्घाटन से अबूधाबी के मंदिर और उसके उपरांत उत्तर प्रदेश के संभल जिले में कल्कि धाम का शिलान्यास अमृतकाल के महत्वपूर्ण ऐतिहासिक बिंदु हैं। अयोध्या में राम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा के बाद जिस प्रकार प्रधानमंत्री मोदी के आह्वान से संपूर्ण विश्व के सनातन हिंदू समाज ने दीपावली मनाई वह अद्भुत और ऐतिहासिक है। अयोध्या में प्राण प्रतिष्ठा के पूर्व प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 11 दिन तक कठोरता से यम नियम का पालन किया और उन सभी मंदिरों में गये जिनका रामायण काल से किसी न किसी प्रकार से संबंध रहा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी जिस भी मंदिर में जाते हैं उसके विस्तार तथा आसपास के क्षेत्रों के विकास का वृहद चित्र खींकर आते हैं। यह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रयासों का ही परिणाम है कि आज भारत प्रत्येक तीर्थ में श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ रही है। सनातन की प्राचीनता से वर्तमान को परिचित कराते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गुजरात यात्रा के दौरान यहाँ के पंचकुई समुद्र तट पर स्कूबा ड्राइविंग करके भगवान श्रीकृष्ण की जलमग्न प्राचीन द्वारका नगरी के दर्शन करते हुए जल के अंदर पूजा की और इतिहास में एक अमर क्षण जोड़ दिया। स्वाभाविक रूप से अब प्रत्येक सनातनी हिंदू जलमग्न द्वारका के दर्शन कर स्वयं को धन्य करना चाहेगा और जलमग्न द्वारका तीर्थ भी श्रद्धालुओं की यात्रा सूची में आ जाएगा। इस अवसर पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने द्वारका शारदापीठ में शंकराचार्य स्वामी सदानंद जी महाराज का आशीर्वाद लिया।

> *आईपीएल के टॉप कॉन्ट्रैक्ट के बराबर है। वहीं, बोर्ड की एनुअल रिटेनर्स की लिस्ट में श्रेयस अय्यर और ईशान किशन के नाम नहीं हैं। दरअसल, बीसीसीआई इन दोनों के रवैये से खुश नहीं था। श्रेयस ने भारत-इंग्लैंड टेस्ट सीरीज के दौरान फिटनेस से जुड़ी शिकायत की थी। वहीं, ईशान किशन का कहना था*

प्रधानमंत्री ने बताया कि जलमग्न द्वारका के विषय में पुरातत्व वेत्ताओं द्वारा और पुराणों में बहुत कुछ लिखा गया है। हमारे शास्त्रों के अनुसार द्वारका सुंदर द्वारों और ऊंचे भवनों वाली ये पुरी पृथ्वी पर शिखर के सामान होगी, मान्यता है कि स्वयं भगवान विश्वकर्मा ने ही द्वारका नगरी का निर्माण किया था। नौसेना के गोताखोरों की सहायता से प्रधानमंत्री ने प्रार्थना की, हाथ जोड़े और भगवान श्रीकृष्ण को मोरपंख अर्पित किया। बाहर आने पर प्रधानमंत्री ने कहा कि द्वारका जी में मैं पुरातन भव्यता और दिव्यता का अनुभव कर रहा था। इस यात्रा के दौरान प्रधानमंत्री ने द्वारका में देश के सबसे लंबे पुल का लोकार्पण किया जिससे इस क्षेत्र में विकास और पर्यटन के एक नये महायुग का प्रारम्भ होगा, इस पुल का नामकरण 'सुदर्शन सेतु' किया गया है। सुदर्शन सेतु की विशेषताएं यह एक ऐतिहासिक सिग्नेचर ब्रिज है जिसकी प्रेरणा गीता है और स्रोत सूर्य की ऊर्जा। 7 अक्तूबर 2017 को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इस पुल की आधारशिला रखी थी। पूर्व में इस पुल का नाम सिग्नेचर ब्रिज था जिसे अब सुदर्शन सेतु कर दिया गया है। यह ओखा को समुद्र के बीच टापू जैसे रूप से उभरे बेट द्वारका से जोड़ता है। सुदर्शन सेतु की सबसे बड़ी विशेषता यह है कि यहां दोनों ओर भगवद्गीता के श्लोकों और श्रीकृष्णकी छवियों को उकेरा गया है। इसमें फुटपाथ के ऊपरी हिस्से पर सौर पैनल लगाये गये हैं जिससे एक मेगावाट सौर ऊर्जा का उत्पादन किया जाता है। ओखा मैनलैंड को बेट द्वारका द्वीप से जोड़ने वाले इस सेतु से इस क्षेत्र में कनेक्टिविटी को एक नई दिशा मिलेगी। अभी तक तीर्थयात्रियों को बेट द्वारका जाने के लिए नाव पर निर्भर रहना होता था और मौसम खराब हो जाने पर प्रतीक्षा करनी पड़ती थी। सुदर्शन सेतु का निर्माण हो जाने के बाद तीर्थयात्रियों की यह समस्या समाप्त हो जाएगी। सुदर्शन सेतु वस्तुतः सनातन संस्कृति को प्रधानमंत्री का उपहार है। प्रधानमंत्री के जलमग्न द्वारका के दर्शन करने और फिर जनसभा करने से यह स्पष्ट हो गया कि अभी इस क्षेत्र का और अधिक व्यापक स्तर पर विकास होने वाला है। यह सुदर्शन सेतु 2.32 किमी लंबा है तथा पुल पर 2.50 मीटर चौड़े फुटपाथ हैं। यह 27.20 मीटर चौड़ा पुल चार लेन का है। यह 979 करोड़ रुपये की लागत से तैयार किया गया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जहाँ भी जाते हैं वो स्थान तीर्थ यात्रियों और पर्यटकों की यात्रा सूची में ऊपर आ जाता है केदारनाथ, लक्षद्वीप, सिक्किम, पार्वती कुंड, काशी, अयोध्या, इसके ज्वलंत प्रमाण हैं और अब जलमग्न द्वारका भी इस सूची में स्थान बनाने को व्यग्र है। जैसे ही प्रधानमंत्री ने जलमग्न द्वारका की अपनी यात्रा के चित्र व वीडियो इंटरनेट पर साझा किये वैसे ही द्वारका नगरी के विषय में घर घर चर्चा होने लगी। प्रधानमंत्री अपने प्रत्येक कार्य से कई संकेत व संदेश देते हैं। विश्लेषकों का मानना है कि बेट द्वारका का सन्देश है कि मथुरा में श्रीकृष्ण जन्मभूमि का भी जल्द ही उद्धार होने जा रहा है। बीसीसीआई खिलाड़ियों की मैच फीस बढ़ाने की सोच रहा है। रोहित शर्मा ने फ्रेंचाइजी क्रिकेट को नैशनल ड्यूटी से ऊपर रखा है और फीस में अंतर कम करने की सलाह दी है। खिलाड़ियों के बीच रेड बॉल क्रिकेट के आकर्षण को बढ़ाने के लिए फीस बढ़ाने के सार्थक परिणाम हो सकते हैं। भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) टेस्ट और घरेलू क्रिकेट के लिए मैच फीस बढ़ाने पर विचार कर रहा है, जो अच्छी पहल है। मीडिया में आई खबरों के मुताबिक, यह बढ़ोतरी तीन गुना तक हो सकती है। यानी अगर कोई खिलाड़ी एक पूरा रणजी सीजन खेलता है, तो करीब 75 लाख रुपये मिलेंगे उसे। इसी तरह, एक साल के सारे टेस्ट मैच खेलने पर वह 15 करोड़ रुपये तक मैच फीस पा सकता है, जो कि आईपीएल के टॉप कॉन्ट्रैक्ट के बराबर है। वहीं, बोर्ड की एनुअल रिटेनर्स की लिस्ट में श्रेयस अय्यर और ईशान किशन के नाम नहीं हैं। दरअसल, बीसीसीआई इन दोनों के रवैये से खुश नहीं था। श्रेयस ने भारत-इंग्लैंड टेस्ट सीरीज के दौरान फिटनेस से जुड़ी शिकायत की थी। वहीं, ईशान किशन का कहना था कि वह मानसिक रूप से तैयार नहीं हैं। हालांकि मेडिकल स्टाफ को श्रेयस बिल्कुल फिट लगे, जबकि टेस्ट के लिए तैयार न होने वाले ईशान आईपीएल के अपने कप्तान हार्दिक पंड्या के साथ ट्रेनिंग करते नजर आए। दोनों ही खिलाड़ियों ने टेस्ट को लेकर नैशनल ड्यूटी को तरजीह नहीं दी।

## ताकत भी देती है प्रेगनेंसी, टॉनिक होता है नवजात

आम तौर पर मां बनने की इच्छा और मां बनने के बाद की जिम्मेदारियों को लड़कियों के करियर की सबसे बड़ी बाधा माना जाता है। लेकिन दुनिया की जानी मानी प्रफेशनल टेनिस प्लेयर नाओमी ओसाका के लिए यही सबसे बड़ी ताकत साबित हुईं। वह मेंटल हेल्थ इशूज को लेकर गेम से ब्रेक ले चुकी थीं, लेकिन मां बनने के बाद उन्होंने अपना खोया हुआ जज्बा वापस हासिल किया और खुद को टेनिस कोर्ट में फिर से सर्वश्रेष्ठ सिद्ध करने के अभियान में शामिल हो गईं। ओसाका के करियर में बतौर खिलाड़ी बेहतरीन प्रदर्शन करने की इच्छा और बतौर इंसान बेहतर दुनिया बनाने का संकल्प दोनों एक-दूसरे से गुंथे नजर आते हैं। उन्होंने बैक-टु-बैक दो ग्रैंड स्लैम (2018 में यूएस ओपन और 2019 में ऑस्ट्रेलियन ओपन) जीते। लेकिन 2020 में मात्र चार टूर्नामेंट में भागीदारी की। वजह सिर्फ कोरोना महामारी नहीं थी। अगस्त 2020 में डब्ल्यूटीए 1000 के दौरान उन्होंने सेमीफाइनल से अपना नाम वापस ले लिया क्योंकि अमेरिका में एक अश्वेत युवक जैकब ब्लेक पर पुलिस फायरिंग के खिलाफ जागरूकता फैलाना चाहती थीं। हालांकि बाद में जब अधिकारियों ने उनके मकसद को समर्थन दिया तो वह टूर्नामेंट में बनी रहीं। यही नहीं, यूएस ओपन के दौरान अपने सातों मैचों में वह अलग-अलग ब्लैक मास्क पहने नजर आईं। हर मास्क पर हाल में मारे गए एक अमेरिकी अफ्रीकी का नाम था। यूएस ओपन उन्होंने जीता। यह उनके करियर की तीसरी अहम खिताबी जीत थी। चौथी खिताबी जीत जनवरी 2021 में मेलबर्न पार्क में मिली। मगर उसी साल फ्रेंच ओपन शुरू होने से तीन दिन पहले उन्होंने घोषणा कर दी कि वह पोस्ट मैच मीडिया कॉन्फ्रेंस में नहीं जाएंगी।

## इसरो की उपलब्धियों को किया चीन के नाम! डीएमके की मंत्री की यह चूक है या चालाकी?

(नवीन कुमार पाण्डेय)

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, उनकी सरकार और उनकी पार्टी बीजेपी के विरोधी अक्सर कहते हैं- मोदी विरोध, देश विरोध नहीं है। लेकिन ऐसे सबूतों की ढेर लग गई है कि दरअसल मोदी विरोधी, बहुत हद तक देश विरोधी भी हो गए हैं। हैरानी की बात यह है कि लगातार आपत्तियों के बावजूद मोदी विरोध की आड़ में देश विरोध का एजेंडा आगे बढ़ रहा है। इसमें ज्यादातर विपक्षी दल शामिल हैं। सोचिए, मोदी विरोध का स्तर इतना गिर गया है कि भारत की उपलब्धि का श्रेय चीन को दिया जाने लगा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बुधवार को कुलेशखरपट्टीनम में भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संस्थान के नए लॉन्च कॉम्प्लेक्स की नींव रखी। यह देश के लिए कितने गौरव की बात है, लेकिन तमिलनाडु की मंत्री ने इस उपलब्धि का श्रेय चीन को दे दिया। तमिलनाडु में उसी पार्टी की सरकार है जिसने द्रविड़ियन पॉलिटिक्स के नाम पर समाज में खूब जहर घोला और एक खास तबके के प्रति नफरत की मोटी दीवार खड़ी कर दी। एमके स्टालिन सरकार के मुखिया हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने तिरुनेलवेली की रैली में डीएमके की मंत्री की इस हरकत पर जबर्दस्त आक्रोश जाहिर किया। उन्होंने कहा तमिलनाडु सरकार पर दो आरोप मढ़े। पीएम ने कहा कि एक तो स्टालिन सरकार खुद कोई खास काम नहीं करती और दूसरे के किए काम का श्रये लेने में जुट जाती है। पीएम ने दूसरा आरोप मढ़ा कि डीएमके सरकार केंद्र सरकार की योजनाओं पर अपना स्टीकर चिपकाते-चिपकाते अब इसरो की उपलब्धियां दिखाने के लिए चीन का स्टिकर लगा दिया। पीएम बोले, 'डीएमके सरकार भारत की तरक्की बर्दाश्त नहीं कर पा रही है। वह इसरो लॉन्च पैड का क्रेडिट लेने के लिए अखबार के एड में भी चीन का स्टिकर चिपका रहे हैं।' प्रधानमंत्री ने साफ कहा कि डीएमके को अंतरिक्ष अभियानों में भारत की कामयाबी पच नहीं पा रही है। डीएमके सरकार की पशुपालन मंत्री ने अपने विज्ञापन में चीन का झंडा लगाया तो बीजेपी प्रदेश अध्यक्ष अन्नामलाई ने भी जबर्दस्त रोष प्रकट किया। उन्होंने सोशल मीडिया प्लैटफॉर्म एक्स पर चीन के झंडे वाले उस विज्ञापन की तस्वीर दिखाकर कहा कि इसी रवैये ने इसरो को तमिलनाडु से दूर कर दिया। उन्होंने लिखा, 'द्रमुक मंत्री तिरु अनिता राधाकृष्णन ने आज प्रमुख तमिल दैनिकों को यह विज्ञापन दिया जिसमें चीन के प्रति द्रमुक की प्रतिबद्धता और हमारे देश की संप्रभुता के प्रति उनकी पूर्ण उपेक्षा साफ झलकती है। भ्रष्टाचार के खिलाफ आवाज उठाने वाली पार्टी डीएमके, कुलशेखरपट्टिनम में इसरो के दूसरे लॉन्च पैड की घोषणा के बाद से स्टिकर चिपकाने के लिए बेताब है।' अन्नामलाई ने आगे बताया कि कैसे डीएमके ने अतीत में भी कई गलत काम किए। उन्होंने लिखा, 'इतनी भारी हताशा से साबित होता है कि वो अपने अतीत के कुकर्मों को दफनाने की किस शिद्दत से कोशिश कर रहे हैं। लेकिन हमें उन्हें याद दिलाना चाहिए कि डीएमके ही थी जिसके कारण सतीश धवन अंतरिक्ष केंद्र आज आंध्र प्रदेश में है, न कि तमिलनाडु में। जब इसरो के पहले लॉन्च पैड की परिकल्पना की गई थी तो तमिलनाडु इसरो की पहली पसंद थी। तमिलनाडु के मुख्यमंत्री तिरु अन्नादुरई, जो कंधे में गंभीर दर्द के कारण बैठक में शामिल नहीं हो सके, ने बैठक के लिए अपने एक मंत्री मथियाझागन को नियुक्त किया।' उन्होंने आगे बताया, 'इसरो के अधिकारियों को काफी देर तक इंतजार कराया गया।

### सुडोकू पहेली क्रमांक- 5305

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 4 | 7 | | | 3 | | | 5 |
| | | | 6 | 8 | 7 | | 4 | |
| | | | 2 | 4 | | 9 | | 7 |
| | | 6 | | | | | 1 | 8 |
| | | | | 1 | | | | |
| 2 | 7 | | | | | 5 | | |
| 8 | | 5 | | 6 | 1 | | | |
| | 9 | | 8 | 5 | 2 | | | |
| 1 | | | 9 | | | 8 | 5 | |

नियम : प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक अंक भरे जाने आवश्यक हैं, इनका क्रमवार होना आवश्यक नहीं है। आड़ी व खड़ी पंक्ति में एवं 3x3 के वर्ग में अंक की पुनरावृत्ति न हो, पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते।

### सुडोकू पहेली क्र. 5304

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 4 | 7 | 9 | 5 | 3 | 8 | 2 | 6 |
| 9 | 5 | 3 | 8 | 6 | 2 | 4 | 7 | 1 |
| 6 | 2 | 8 | 1 | 7 | 4 | 9 | 5 | 3 |
| 3 | 6 | 9 | 7 | 1 | 8 | 5 | 4 | 2 |
| 4 | 1 | 2 | 3 | 9 | 5 | 6 | 8 | 7 |
| 7 | 8 | 5 | 4 | 2 | 6 | 1 | 3 | 9 |
| 2 | 9 | 1 | 5 | 8 | 7 | 3 | 6 | 4 |
| 5 | 3 | 6 | 2 | 4 | 1 | 7 | 9 | 8 |
| 8 | 7 | 4 | 6 | 3 | 9 | 2 | 1 | 5 |

### वर्ग पहेली 5305

**संकेत: बाएं से दाएं**

1. अनंत आकाश, उच्चाकाश (4)
5. इश्क, प्रेम (2)
6. देह की वह भाग सिर को धड़ से जोड़ता है, कंठस्वर (2)
7. कयास, अनुमान, अटकल (3)
8. क्षेत्रफलन, को यह भी कहते है (3)
10. संलग्न होने वाला, जो लगने योग्य हो (2)
11. पशु, प्राणी जो चौपाएं हों, जीवधारी (4)
13. व्यायाम, वर्जिश, ड्रिल, शरीर को बनाने की क्रिया (4)
16. नमक रखने का पात्र (5)
19. नाम धारण करने वाला, नामयुक्त, संज्ञावान (3)
21. मूल्य, कीमत, मोल (2)
22. लिखने वाला, लेखक, क्लर्क, लिपिक (3)
23. बिना पकी भोजन सामग्री, संपूर्ति (3)

**ऊपर से नीचे**

1. बॉडीगार्ड, शरीर की रक्षा करने वाला (5)
2. पति-पत्नी का कानूनी रूप से संबंध विच्छेद (3)
3. माफी, दक्ष की ग्यारह पुत्रियों में से एक, दंडमुक्ति (2)
4. शतरंज का सबसे छोटा मोहरा (2)
5. चंद्रमा, शशि, मयंक, रजनीपति (4)
7. एक छोटा मीठा फल, गुलजार के निर्देशन में संजीव कुमार, मौसमी चटर्जी, देवन वर्मा की हास्य फिल्म (1982)(3)
9. दरीबा, मार्के, शॉपिंग सेंटर (3)
10. चरसा खींचने का मोटा रस्सा, लौंग (2)
12. नमन, अभिनति, झुकान (3)
14. जो कही हुई बात मानने का तैयार हो (4)
15. खुदा का दिया हुआ (4)
17. मगर (3)
18. वृक्ष की इस छाल से औषधि निर्माण भी होता है (2)
19. किसी नगर या कस्बे का प्रवेश स्थल (2)
20. किसी समय, किस वक्त (2)

### वर्ग पहेली 5304 का हल

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| मुं | ब | ई | | का | मा | य | नी |
| ह | म | श | क्ल | | र | ह | ल |
| दि | | दू | ब | | को | | |
| खा | दि | त | | ग | नी | म | त |
| ई | शा | | मु | श्त | | घा | न |
| | सू | ची | | | रे | | |
| अ | च | ल | | ति | | आ | ज |
| | क | | त | ल | ब | गा | र |

## आज का राशिफल

### मेष
आज धन में वृद्धि होगी और कारोबार से जुड़ी योजनाएं सफल होंगी। किस्मत आपका साथ देगी और आपके धन में वृद्धि होगी। मान प्रतिष्ठा को बढ़ाने में भाग्य आपका साथ देगा और कारोबार में वृद्धि होगी। उत्तम प्रकार की धन संपत्ति आपको प्राप्त होगी। आपको आज हर कार्य में सुख शांति प्राप्त होगी और कोई अपना आपके घर आपसे मिलने आएगा।

### वृष
आज का दिन सुख समृद्धि बढ़ाने वाला माना जा रहा है। आपके सुख में वृद्धि होगी और रुके कार्य पूर्ण होंगे। आज का दिन कोई विशेष व्यवस्था करने में बीतेगा। आपका भौतिक और सांसारिक दृष्टिकोण आज के दिन बदल सकता है। सावधानी से वही काम करें जिसके पूरे होने की आपको उम्मीद हो। आपका आत्मविश्वास बढ़ेगा।

### कर्क
आज आर्थिक लाभ होगा और आज आपके भाग्य में वृद्धि होगी। आज का दिन आपके लिए अधिक व्यस्तता का संकेत दे रहा है। व्यापार व्यवसाय की तरफ ध्यान देने से आपके कार्य पूर्ण होंगे और आपके धन में वृद्धि होगी। दोपहर तक आप अपना बिखरा हुआ कारोबार सही तरीके से समेट लें और उसमें किसी प्रकार का कोई जोखिम आज न उठाएं।

### सिंह
आज आर्थिक लाभ होगा और आपके कोष में वृद्धि होगी। आज के दिन आपका कोई बड़ा कार्य पूर्ण होगा। घरेलू स्तर पर भी मांगलिक कार्यों का आयोजन हो सकता है। धार्मिक कार्यों में रुचि पैदा होगी और आपके मन में आनंद बढ़ेगा। रात्रि का कुछ समय परिवार के साथ बिताएं तो अच्छा रहेगा और आपकी पैसों से जुड़ी योजनाएं पूर्ण होंगी।

### मिथुन
आज भाग्य में वृद्धि होगी और आपकी धन से जुड़ी योजनाएं सफल होंगी। आपको अकस्मात् बड़ी मात्रा में धन की प्राप्ति होगी और कोष में वृद्धि होगी। अपने बलबूते पर ही अपनी समस्याओं का समाधान निकालने का प्रयास करें। इससे कोई स्थाई सफलता मिल जाएगी।

### कन्या
आज आर्थिक लाभ होगा और आज आपकी धन से जुड़ी योजनाएं पूर्ण होंगी। आपके भाग्य में वृद्धि होगी और नौकरी में कामयाबी मिलेगी। धन कीर्ति में वृद्धि होगी और शत्रु चिंता का दमन होगा। आपको चारों ओर से हर मामले में सफलता की प्राप्ति से हर्ष होगा और आपके आनंद में वृद्धि होगी।

### तुला
आज का दिन लाभ का संकेत दे रहा है और आपको उत्तम संपत्ति की प्राप्ति होगी और रुके कार्य पूर्ण होंगे। आज कारोबारियों की कमाई होने के साथ ही कुछ खर्च भी संभव है। संतान पक्ष से हर्षवर्धक समाचार मिलेगा और आपके धन में वृद्धि होगी। परिवार में आमोद - प्रमोद का वातावरण रहेगा और आपके काफी समय से रुके कार्य पूर्ण होंगे।

### वृश्चिक
आज आर्थिक लाभ होगा और आपके कारोबार से जुड़ी योजनाएं सफल होंगी। आपको हर कार्य में भाग्य का साथ मिलेगा और आपके धन में वृद्धि होगी। नौकरी या कार्य व्यवसाय के क्षेत्र में चुप रहना ही अच्छा है। आपको आज किसी प्रकार के बहस और टकराव से दूर रहने की सलाह है। बहस और टकराव से बचें।

### मकर
आज भाग्य में वृद्धि का दिन है और आपके रुके कार्य पूर्ण होंगे। आपके धन सम्मान में वृद्धि होगी और भाग्य साथ देगा। आज का दिन आनंद में बीतेगा और आपके घर में समृद्धि बढ़ेगी। किसी निकट मित्र की सलाह व सहयोग से आप अपने बिगड़े काम ठीक से कर सकते हैं, समय का लाभ उठाएं। आपके जीवन में सुख समृद्धि बढ़ेगी।

### कुंभ
आज आर्थिक लाभ होगा और आपके जीवन में सुख समृद्धि बढ़ेगी। आज के दिन आपके सभी रुके कार्य पूर्ण होंगे और आपके सुख में वृद्धि होगी। आज के दिन आपका कोई अपना आपके कार्य को पूर्ण करने में विशेष योगदान देगा। किसी विशेषज्ञ की सलाह आपके लिए आगे चलकर उपयोगी सिद्ध होगी। आज का दिन आपके लिए आनंद में बीतेगा।

### धनु
आज आर्थिक लाभ होगा और आपके धन में वृद्धि होगी। बिजनस में आपको कामयाबी मिलेगी और कारोबार में चमक बढ़ेगी। जो लोग अपना बिजनस करते हैं उनको विशेष सफलता प्राप्त होगी। आज का दिन भागदौड़ और चिंता में बीतेगा। पत्नी के स्वास्थ्य का ध्यान रखें, नहीं तो आपकी परेशानी और समस्या बढ़ सकती है। अतिथि और मेहमान भी कुछ लंबा पड़ाव डाल सकते हैं।

### मीन
आज लाभ का दिन है और आपके भाग्य में वृद्धि होगी। हर कार्य बिना किसी बाधा के पूरा होगा। आपको कहीं स्थान परिवर्तन के बारे में सोचना पड़ सकता है। इसमें आपका भाग्य आपका साथ देगा। आज आपको कारोबार में मनचाही सफलता मिलेगी और आपके घर में सुख समृद्धि बढ़ेगी। कहीं से आपको आय के नए स्रोत मिल सकते हैं और आपकी योजनाएं पूर्ण होंगी।

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक श्रीराम अम्बष्ट द्वारा भास्कर प्रिंटिंग प्रेस, (डी वी कार्पो. लि.) उड़ान टोला, दानापुर कैंट, शिवाला रोड, खगौल, पटना में मुद्रित एवं सोन वर्षा वाणी बिल्डिंग, क्लब रोड, औरंगाबाद (बिहार) से प्रकाशित
संपादक- श्रीराम अम्बष्ट, उप संपादक- साकेत अम्बष्ट फोन/फैक्स-06186-226116 मो.-9934957121, E-mail : sonevershavani@gmail.com, RNI-BIHHIN/1998/3009

बिहार समेत देश-दुनिया की ताजा-तरीन खबरों को जानने के लिए लॉगऑन करें :
www.sonvarshavani.com
ई-पेपर
sonvarshavani.com/epaper


घटना के बाद राष्ट्रीय राजमार्ग-139 पर यातायात पूरी तरह ठप

# ट्रक और कंटेनर में टक्कर, ट्रक चालक की मौत, दो लोग घायल



निज संवाददाता

अरवल। अरवल जिले के राष्ट्रीय राजमार्ग-139 पर सदर थाना के समीप देर रात कंटेनर और ट्रक की आमने-सामने की टक्कर हो गई। हादसे में ट्रक चालक की मौत हो गई। कंटेनर चालक गाड़ी खाली कर दिल्ली लौट रहा था। ट्रक चालक पटना की ओर जा रहा था। देर रात दोनों गाड़ियों की आमने-सामने की टक्कर हो गई। लोगों ने दोनों ट्रक चालकों को सदर अस्पताल में इलाज के लिए भर्ती कराया। इलाज के दौरान सदर अस्पताल में नालंदा जिला के रहने वाले विकास कुमार (32) ट्रक चालक की मौत हो गई। बलिया निवासी कंटेनर चालक दिलीप कुमार (25) को पीएमसीएच रेफर कर दिया गया है। इसके अलावा कंटेनर के खलासी को मामूली चोट आई है। जिसका इलाज सदर अस्पताल में ही किया जा रहा है। घटना नींद में होने की वजह से बताई जा रही है।

घटना के बाद राष्ट्रीय राजमार्ग-139 पर यातायात पूरी तरह ठप हो गया। पिछले 6 घंटे से नेशनल हाईवे पर जाम लगा हुआ है। जाम की वजह से बंगाल, झारखंड, छत्तीसगढ़ और उत्तर प्रदेश से आने वाली कई सवारी गाड़ियां जाम में फंसी हुई है। यातायात पूरी तरह बदहाल हो गई। जाम की वजह से 8 किलोमीटर तक दोनों तरफ वाहनों की लंबी कतार लगी हुई है। पुलिस ने मृतक ट्रक चालक के परिजनों को सूचना दे दी है। परिजन के आने के बाद शव का पोस्टमॉर्टम कराया जाएगा।

## ट्रेन की चपेट में आने से युवक की मौत गांव लौटने के दौरान हुआ हादसा



निज संवाददाता

**शिवसागर (रोहतास)**। रोहतास के शिवसागर थाना क्षेत्र के रेसेंदुआ के पास ट्रेन की चपेट में आने से युवक की मौत हो गई। मौके पर जुटे ग्रामीणों ने इसकी सूचना पुलिस को दी। पुलिस ने शव की पहचान खगड़िया जिले के मोहम्मद जसीम के पुत्र मोहम्मद निसाद के रूप में की गई। जिसके बाद परिजनों को सूचना दी गई। सूचना मिलते ही परिजन आनन-फानन में सासाराम के लिए चल दिए। यहां परिजनों के आने पर पुलिस ने शव का पोस्टमॉर्टम करा कर उन्हें सौंप दिया। पंडित दीनदयाल गया रेल खंड के रेसेंदुआं गांव के समीप की घटना है। पोस्टमॉर्टम हाउस पहुंचे मृत युवक के बड़े भाई मोहम्मद गयास ने बताया कि उनका छोटा भाई बिजनेस को लेकर सासाराम आया था। गांव लौटने के क्रम में दुर्घटना में मौत हो गई। पुलिस से सूचना मिलने पर हमलोग शव लेने आए हैं। शिवसागर थानाध्यक्ष ने बताया कि युवक के शव का कब्जे में लेते हुए सदर अस्पताल सासाराम में पोस्टमॉर्टम कराया। जिसके बाद युवक की लाश को परिजनों को सौंप दिया गया।

# लोक अदालत में 415 मामलों का निष्पादन डेहरी कोर्ट में 1.40 करोड़ का सेटलमेंट

निज संवाददाता

**सासाराम (रोहतास)**। राष्ट्रीय लोक अदालत का उद्घाटन शनिवार को जिला जज अरूण कुमार श्रीवास्तव, एडीएम चंद्रशेखर प्रसाद सिंह, बार एसोसिएशन अध्यक्ष राजेश कुमार और अन्य न्यायिक पदाधिकारियों ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। जिला जज ने कहा कि लोक अदालत में लोगों का धन और समय दोनों की बचत होती है। उन्होंने जनता से अपील की है कि मामले को लोक अदालत में निपटाने की कोशिश करे। इसमें जो समय की बचत होगी उसे अपने परिवार में दीजिए। लोक अदालत में शनिवार को 415 सुलहनीय मामलों का निष्पादन किया गया। इसमें एक करोड़ 40 लाख 4354 रुपए का सेटलमेंट किया गया। इसमें एक करोड़ 39 लाख 99 हजार 354 रुपए बैंकिंग व पांच हजार रुपए आपराधिक वाद में अर्थ दंड की वसूली हुई। बता दे कि लोक अदालत कुल 11 बेंच का गठन किया गया था।


Govt. of Bihar

**Public Health Engineering Department**

**Public Health Engineering Division, Aurangabad**

**SHORT TERM RE-TENDER NIT No –44 / 2023-24 (SBNQ)**

**National Competitive Bidding**

**(Through e-procurement mode on www.eproc2.bihar.gov.in)**

| | | |
|---|---|---|
| 1 | Designation and Address of Advertiser | Executive Engineer P.H. Division, Aurangabad |
| 2 | Date of issue of Tender Notice | 09.03.2024 |
| 3 | Period of sale (downloading) of tender Bid Document | 19.03.2024 to 30.03.2024 up to17:00 Hrs. through www.eproc2.bihar.gov.in |
| 4 | Date, time & place of pre-bid meeting | 18.03.2024 at 11.30 hrs. hrs in the Office of Executive Engineer, P. H. Division, Aurangabad |
| 5 | Last date and time of receipt (uploading) of tender | 30.03.2024 up to 17:00 Hrs on www.eproc2.bihar.gov.in |
| 6 | Last date and time of submission of hard copy of EMD (in original). | 01.04.2024 up to 15:00 hrs in the Office of Executive Engineer of concerned P.H. Division.<br>A . Executive Engineer P.H. Division Aurangabad<br>B. Superintending Engineer P.H. Circle Sasaram<br>C. Zonal Chief Engineer, Patna Zone, Patna |
| 7 | Date and time of opening of technical bid | 01.04.2024 at 16:00Hrs on www.eproc2.bihar.gov.in |
| 8 | Date and time of opening of financial bid | To be informed later after the approval of technical bid. |
| 9 | Name of Work: Design, Construction, Supply, Testing and Commissioning of Piped Water Supply Schemes for habitations left out under "Har Ghar nal Ka Jal" nischay yojna in areas having ground water issues; with Electric Driven Pumps in the District of **Aurangabad,** Bihar on turn-key basis with 6 months Trial Run Period and Comprehensive Operation and Maintenance of 60 months under Mukhyamantri Grameen Peyjal Nishchay Y ojna (Non Quality Affected). | |

| Group No. | Block | Panchayat | Ward | Habitation | No. of Schemes in group | Estimated Cost (Rs in Lakh) | Earnest Money (Rs in Lakh) | Cost of Tender Document (Non-Refundable) (in Rs) | BSEDC Bid Processing Fee (in Rs) | Complettion Period (In Month) |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 | 10 | 11 |
| 1 | Aurangabad-1 | Bela | 2 | Devi Bigha | 8 | 298.68 | 5.98 | 10000 | 3540 | 6 month |
| | | | 3 | Tiwari Bigha | | | | | | |
| | | | 6 | Bechan Bigha | | | | | | |
| | | | | Gajadhar Bigha | | | | | | |
| | | | 7 | Ambedkar Nagar | | | | | | |
| | | | | Bhashkar Nagar | | | | | | |
| | | | | Vishambhar Bigha | | | | | | |
| | | | 9 | Bela Nadi Par | | | | | | |
| 2 | Aurangabad-2 | Khaira Bind | 1 | Ragal Bigha | 9 | 291.35 | 5.83 | 10000 | 3540 | 6 month |
| | | | 2 | Lakhnikhap | | | | | | |
| | | | | Mahadalit tola | | | | | | |
| | | | 4 | Bharthauli Bigha | | | | | | |
| | | | 9 | Babhandih | | | | | | |
| | | Karma Bhagawan | 3 | Bankepur | | | | | | |
| | | | | Bara Bigha 1 | | | | | | |
| | | | | Bara Bigha 2 | | | | | | |
| | | | | Noniya Bigha | | | | | | |
| 3 | Deo-4 | East Ketaki | 7 | Cheta Bigha | 7 | 219.44 | 4.39 | 10000 | 3540 | 6 month |
| | | | 9 | Babu Bigha | | | | | | |
| | | | 6 | Lalit Nagar | | | | | | |
| | | Ishror | 4 | Doman Bigha | | | | | | |
| | | | | Sahay Bigha | | | | | | |
| | | | 5 | Juda Bigha | | | | | | |
| | | | | Bedahi | | | | | | |
| 4 | Deo-5 | Banua Khaira | 2 | Banua Bigha | 11 | 334.5 | 6.69 | 10000 | 5900 | 6 month |
| | | | 3 | Madhupur | | | | | | |
| | | | | Yadav Tola | | | | | | |
| | | | 9 | Bali Bigha | | | | | | |
| | | | | Mohan Bigha | | | | | | |
| | | Karma Dulare | 2 | Lilji | | | | | | |
| | | | | Bahadur Dih | | | | | | |
| | | | | Pakadbandh | | | | | | |
| | | | 5 | Dolwa Tikar | | | | | | |
| | | | | Budhlewa | | | | | | |
| | | | | Charewan | | | | | | |
| 5 | Madanpur-1 | Bania | 1 | Sondih Bigha | 9 | 239.50 | 4.79 | 10000 | 3540 | 6 month |
| | | | 6 | Tiwari Bigha | | | | | | |
| | | | 7 | Badhka Tand | | | | | | |
| | | | 8 | Karamdih | | | | | | |
| | | | | Pandey Bigha | | | | | | |
| | | | 9 | Koiri Bigha | | | | | | |
| | | Beri | 4 | Rehar Par | | | | | | |
| | | | | Dharshan Nagar | | | | | | |
| | | | 10 | Hari Nagar | | | | | | |
| 6 | Madanpur-6 | Nima-Anjan | 14 | Dubey Bigha | 9 | 285.11 | 5.71 | 10000 | 3540 | 6 month |
| | | | 11 | Sahiyar | | | | | | |
| | | | | Koilwa | | | | | | |
| | | | | Chhali Dohar | | | | | | |
| | | | 12 | Kanidih | | | | | | |
| | | | | Tilaiya | | | | | | |
| | | | 13 | Aazad Bigha | | | | | | |
| | | | | Munshi Bigha | | | | | | |
| | | | | Chhotki Chhechhani | | | | | | |
| 7 | Nabinagar-1 | Kerka | 3 | Pirauta | 9 | 270.63 | 5.42 | 10000 | 3540 | 6 month |
| | | | | Tikri | | | | | | |
| | | | 11 | Narayanpur | | | | | | |
| | | | 13 | Bhola bigha | | | | | | |
| | | | 12 | Saleya north | | | | | | |
| | | | | Saleya south | | | | | | |
| | | | 4 | Kerka | | | | | | |
| | | | 8 | Rambagh | | | | | | |
| | | | | Kushwaha nagar | | | | | | |
| 8 | Rafiganj-2 | Charkawan | 1 | Jamuniya-Bigha | 10 | 335.03 | 6.71 | 10000 | 5900 | 6 month |
| | | Kajpa | 3 | Jamirganj | | | | | | |
| | | | 14 | Anant-Bigha | | | | | | |
| | | Poger | 3 | Pathak-Bigha | | | | | | |
| | | | 10 | Salempur | | | | | | |
| | | | 11 | Sarda-Bigha | | | | | | |
| | | Pouthu | 10 | Anchha | | | | | | |
| | | | | Malaah-Bigha | | | | | | |
| | | | 12 | Pouthu-Bazar | | | | | | |
| | | | 15 | Pouthu-Bigha | | | | | | |
| 9 | Rafiganj-3 | Balar | 4 | Math-Parariya | 8 | 268.60 | 5.38 | 10000 | 3540 | 6 month |
| | | | 2 | Baljori-Bigha | | | | | | |
| | | | | Bhewri | | | | | | |
| | | | 12 | Sivnagar | | | | | | |
| | | Bhadwa | 4 | Narhar-Bigha | | | | | | |
| | | | 7 | Lodipur | | | | | | |
| | | | 2 | Simrajamshed Tola | | | | | | |
| | | | 8 | Bibipur | | | | | | |

10. For support related to e-tendering process, bidders may contact at following address "E-procurement helpdesk , M Junction services limited, R J Complex, 2nd floor Khajpura, Patna-800014. Toll Free No.- 18005726571, may visit the link "Vendor info" at www.eproc2support@bihar.gov.in

For further details please visit : **www.state.bihar.gov.in/prdbihar**

PR. No. 019313 (PHED) 2023-24

नशे की मार, बर्बाद करे सुखी परिवार।

**Executive Engineer**
**P. H. Division, Aurangabad.**


# एडीएम ने चलंत चापाकल मरम्मत दल को हरी झंडी दिखाकर किया रवाना

- मार्च में ही पहाड़ी क्षेत्र में पेयजल की समस्या
- तय समय में कार्य पूरा करने के निर्देश

निज संवाददाता



**सासाराम (रोहतास)**। मार्च में ही जिले के पहाड़ी क्षेत्रों में पेयजल की समस्या शुरू हो गई है। समस्या को दूर करने की कवायद में जिला प्रशासन जुट गया है। जिले में खराब पड़े चापाकल की समय से मरम्मत कराने को लेकर शनिवार को मरम्मत दल रवाना किया गया। एडीएम चंद्रशेखर सिंह ने चलंत चापाकल मरम्मत दल को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। एडीएम ने कहा कि जिला प्रशासन गर्मी के मौसम में होने वाली पेयजल समस्या का हल निकालने के प्रति प्रतिबद्ध है। पीएचईडी के माध्यम से खराब चापाकल का मरम्मत का कार्य शुरू किया गया है। विभागीय अधिकारियों को निर्देश दिया गया है कि निर्धारित समय के अंदर कार्य पूरा किया जाए। कहा कि पीएचईडी एक-एक चापाकलों व स्टैंड पोस्ट की जांच कर उसे दुरुस्त कराए। अगर आम लोगों की ओर से सार्वजनिक चापाकल व स्टैंड पोस्ट खराब होने की सूचना मिली तो इसके लिए संबंधित अधिकारी पूरी तरह जवाबदेह माने जाएंगे। उनपर कार्रवाई की जाएगी। मौके पर पीएचईडी के कार्यपालक अभियंता समेत अन्य अधिकारी मौजूद थे। एडीएम ने कहा पहाड़ी क्षेत्र के प्रखण्डों पर विशेष फोकस किया जा रहा है। जल संकट की समस्या से निपटने के लिए नियंत्रण कक्ष की स्थापना की गई है। जिसका मोबाइल नंबर 8544428995 है। जिसे सार्वजनिक किया गया है। जल संकट होने पर नियंत्रण कक्ष से संपर्क कर सकते।

## वाहन दुर्घटनाओं में बच्ची सहित सात लोग घायल

**भभुआ (कैमूर) (नि.सं.)**। जिले के विभिन्न थाना क्षेत्रों में हुई वाहन दुर्घटनाओं में बच्ची सहित सात लोग घायल हो गए। घायलों में चैनपुर थाना क्षेत्र के सिरबिट गांव निवासी कांचू मुसहर की आठ वर्षीया पुत्री हेवंती कुमारी, सोनहन थाना क्षेत्र के हरला गांव के बल्ली प्रसाद, पहरइचा के रामदरश तिवारी, भभुआ शहर के वार्ड 24 निवासी दीपक कुमार, पतेलवा के शेख रइस, दामोदरपुर के मंगलम पांडेय व कुड़ासन गांव निवासी देवानंद शामिल हैं। इनमें हेवंती की हालत गंभीर बनी हुई है। भगवानपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मोड़ के सामने ई रिक्शा की चपेट में आने से हेवंती गंभीर रूप से घायल हो गई। स्थानीय स्तर पर उसका उपचार कराया गया। लेकिन, कोई सुधार नहीं होने पर चिकित्सक की राय पर उसके परिजनों द्वारा उसे सदर अस्पताल लाया गया, जहां के चिकित्सक द्वारा उसका इलाज कर उसकी गंभीर हालत को देख हायर सेंटर रेफर कर दिया। परिजनों ने बताया कि बच्ची अपने माता-पिता के साथ भगवानपुर ईंट भट्ठा से अपने ननिहाल मकरीखोह गांव जा रही थी।

## पुलिस ने देसी हथियार बना रहे बाप सहित तीन बेटा को किया गिरफ्तार



निज संवाददाता

**सोनहन (कैमूर)**। सोनहन थाना की पुलिस ने हथियार बनाने की फैक्ट्री का उद्भेदन किया है। एसपी ललित मोहन शर्मा ने बताया कि गुप्त सूचना मिली थी कि अमाढी में देसी पिस्टल बनाने का काम चल रहा है। इसके बाद टीम बनाकर रात में कार्रवाई की गई। इसमें बाप के साथ तीन बेटा को गिरफ्तार किया गया है। इनके पास से 1 देसी पिस्टल, 27 पीस खोखा और हथियार बनाने की अन्य सामग्री बरामद की गई। बाप का नाम केशोनाथ राम है, जब उससे पूछताछ की गई तो उसने बताया कि इस काम में उसका तीन बेटा भी शामिल है। उसके पहले बेटे का नाम कुबेर राम, दूसरे का नाम पिन्टू राम और तीसरे बेटे का नाम छोटे लाल राम है। इसके साथ ही इन लोगों ने एक कारीगर मुखलाल मिस्त्री नाम का जो कि पटना का रहने वाला है। इस उसको भी बुलाया था। इसके लिए एक पिस्टल पर 3,000 और एक देसी राइफल पर 5,000 मजदूरी तय किया था।

## संदिग्ध स्थिति में ससुराल में नव विवाहिता का शव बरामद

निज संवाददाता



**दुर्गावती (कैमूर)**। दुर्गावती थाना क्षेत्र के अकोढी मेला गांव में संदिग्ध स्थिति में एक नव विवाहिता का शव मिला है। मृत महिला के पिता ने बताया कि ससुराल के लोगों ने पहले पेट में दर्द होने की बात बताई फिर मौत हो गई ऐसी जानकारी दी। जबकि उन लोगों ने मारपीट कर उसकी हत्या कर दी है। इससे पहले भी दो बार उन लोगों ने बेटी को परेशान किया था। इधर कुछ दिनों से ज्यादा परेशान करने लगे थे। वहीं मृतका के ससुर ने बताया कि महिला के पेट में पहले से ही दर्द होता था। दवा भी चल रहा था और फिर अचानक दर्द बढ़ा। जब उसे अस्पताल भेज रहे थे तब उसकी मौत हो गई। किसी ने उसके साथ कोई मारपीट नहीं किया है। सूचना पर पहुंची दुर्गावती थाना की पुलिस ने शव का पोस्टमॉर्टम के लिए सदर अस्पताल भभुआ भेज दिया है। इसके अलावा पुलिस ने मृतका के पिता के आवेदन पर दहेज के लिए हत्या का मामला दर्ज कर लिया है। इसमें पति,सास और ससुर को नामजद अभियुक्त बनाया गया है। बता दे कि मृत महिला दुर्गावती थाना क्षेत्र के अकोढी मेला गांव के विकेश कुमार की 21 साल की पत्नी सोनी देवी है। एक साल पहले महिला की शादी हुई थी और इनका दो माह की एक बच्ची है। मृत महिला का मायका चैनपुर थाना क्षेत्र के डीह भुजैना गांव में है।

# स्कूल में परिजनों ने प्रधानाचार्य और शिक्षिका को बनाया बंधक

निज संवाददाता

**मेहंदिया (अरवल)**। मेहंदिया थाना क्षेत्र के प्राथमिक विद्यालय बख्तर में शनिवार को छुट्टी के दौरान हंगामा देखने को मिला। विद्यालय में पढ़ने वाले छात्र-छात्राओं के परिजनों ने विद्यालय के बाहर जमकर हंगामा किया और प्रधानाचार्य के साथ एक शिक्षिका को बंधक बना लिया। घटना की जानकारी मिलने के बाद मेहंदिया थाना अध्यक्ष राहुल अभिषेक और सब इंस्पेक्टर चंदन झा मौके पर पहुंचे और ग्रामीणों को समझा बूझकर मामले को शांत कराया। इसके बाद प्रधानाचार्य और शिक्षिका को ताला खोल कर बाहर निकाल। बच्चों के परिजनों ने आरोप लगाया कि पिटाई से बच्चे चीखने चिल्लाने लगे थे। इस लिए विद्यालय में ही प्रधानाचार्य अन्नपूर्णा कुमारी और शिक्षिका को बंद कर दिया गया।

वहीं अन्नपूर्णा कुमारी ने बताया कि बच्चों को डांट लगा रही थी तभी परिजन आ गए और स्कूल में बंधक बनाकर मारपीट करने लगे। वहीं जिला शिक्षा पदाधिकारी बिंदु कुमारी ने बताया कि मामला संज्ञान में आया है और जांच टीम गठित कर दी गई है। जांच के बाद ही आगे की कार्रवाई की जाएगी। इसके अलावा मामले को लेकर पुलिस भी जांच कर रही है। थाना अध्यक्ष ने कहा कि दोनों पक्ष की ओर से थाने में लिखित शिकायत दर्ज कराई गई है।



## संक्षिप्त समाचार

### जिंदा रहते करवाया अपना अंतिम संस्कार, बोला- गंगा मैया की कृपा से किया ये कार्य, ग्रामीणों को कराया भोज

**चित्रकूट , एजेंसी।** किसी के मरने के बाद होने वाली तेरहवीं के बारे में आपने कई बार सुना होगा, लेकिन क्या आपने जिंदा व्यक्ति के तेरहवीं के बारे में सुना है। जी हां, यूपी के चित्रकूट में एक ऐसा मामला सामने आया है, जिसके बारे में सुनकर यकीनन आप हैरान रह जाएंगे। चित्रकूट में एक शख्स ने पहले अपना खुद का अंतिम संस्कार कर लिया और तेरह दिन बाद अब व्यक्ति ने अपना तेरहवीं संस्कार भी कर लिया है। चित्रकूट जिले के छीबो गांव निवासी रविशंकर सिंह (45) ने अपने जीते जी 24 फरवरी को एक आचार्य को बुलाकर मृत्यु के बाद होने वाली अपना अंतिम संस्कार करवा लिया था। उसके बाद व्यक्ति ने गुरुवार सात मार्च को अपनी तेरहवीं संस्कार का कार्यक्रम भी किया है, जिसमें व्यक्ति ने अपने पूरे गांव में लोगों को निमंत्रण दिया था। रविशंकर ने बताया कि अभी तक उनकी शादी नहीं हुई है। वह पहले प्रयागराज में रहकर मार्बल पत्थर की घिसाई का काम करते थे। उन्होंने अपने घर में पहले कीर्तन और फिर रामायण करवाई और उसके बाद गंगा माई की कृपा से अपना जीते जी अंतिम संस्कार की पूजा करवा ली। जब उनसे पूछा गया या कि क्या परिवार वाले यह नहीं करते। उन्होंने कहा कि वह भी कर देंगे पर भगवान की यही इच्छा है। आगे बताया की अब वह गया जी भी अकेले ही जाएंगे। वहीं, कार्यक्रम में शामिल होने आए राज नारायण शुक्ला सहित अन्य लोगों ने बताया की वह छीबो गांव के रवि शंकर सिंह की तेरहवीं कार्यक्रम में शामिल होने आए है। उनके द्वारा पहले अपने जीते जी अपना अंतिम संस्कार करवाया गया। फिर उसके बाद अपनी तेरहवीं कार्यक्रम का निमंत्रण पूरे गांव में दिया गया था। सभी लोग उनके निमंत्रण में शामिल होने के लिए आए हैं। उनके द्वारा आज पहले शांति पाठ करवाया गया। इसके बाद ब्राह्मणों को भोजन करवा के पूरे गांव के लोगो को तेरहवीं का खाना खिलाया गया है।

### खरखौदा में भाई ने बहन के प्रेमी को मारी गोली, घायल, इस बात से था नाराज

**मेरठ , एजेंसी।** मेरठ के खरखौदा क्षेत्र में गांव फखरपुर कबट्टा में एक युवती द्वारा गांव के ही युवक से कोर्ट मैरिज करने पर उसके भाई ने प्रेमी को गोली मार दी। गोली प्रेमी के हाथ में लगी है। युवक को गंभीर हालत में केएमसी हॉस्पिटल में भर्ती कराया है। वहीं युवक के पिता ने थाने में तहरीर दी है। जानकारी के अनुसार कबट्टा निवासी टीकाराम के अनुसार उसके पुत्र गौरव का गांव की ही एक युवती से प्रेम प्रसंग चल रहा था, जिसकी जानकारी उन्होंने युवती के परिजनों को दी थी। छह माह पहले दोनों ने गाजियाबाद में कोर्ट मैरिज कर ली, जिस कारण युवती के परिजन नाराज थे। नाराज परिजनों ने प्रेमी युगल की हत्या की धमकी दी थी। जिसकी शिकायत पुलिस प्रशासन के आला अधिकारियों से की गई थी। गौरव कोर्ट मैरिज के बाद से ही गाजियाबाद में रह रह कर ऑटो चलाकर जीवन यापन करने लगा। शुक्रवार रात को गौरव बीमार मां को देखने अपने गांव कबट्टा आया था। कुछ समय रुकने के बाद करीब दस बजे गाजियाबाद के लिए घर से निकला। कुछ दूर पहुंचते ही युवती के भाई ने अपने साथियों के साथ मिलकर गौरव पर ताबड़तोड़ फायरिंग कर दी। एक मकान में शरण लेकर गौरव ने अपनी जान बचाई लेकिन एक गोली उसके दाहिने हाथ में लग गई।

### आपस में जोड़े जाएंगे आगरा और पूर्वांचल एक्सप्रेस वे

**लखनऊ, एजेंसी।** प्रदेश में दो लिंक एक्सप्रेसवे के निर्माण को उप्र एक्सप्रेसवेज औद्योगिक विकास प्राधिकरण (यूपीडा) की बोर्ड बैठक में मंजूरी दे दी गई। इसे बनाने के लिए कंपनियों को फाइनल कर दिया गया है। दो साल के अंदर दोनों लिंक एक्सप्रेसवे तैयार हो जाएंगे। लखनऊ-आगरा एक्सप्रेसवे को पूर्वांचल एक्सप्रेसवे से जोड़ने के लिए लिंक एक्सप्रेसवे को मंजूरी मिल गई है। इस ग्रीनफील्ड एक्सप्रेसवे की डीपीआर और परियोजना विकास के लिए तीन कंपनियों ने आवेदन किया था। एमएसवी इंटरनेशनल ने परामर्श शुल्क के रूप में 4.87 लाख रुपये प्रति किमी की मांग की थी। एमएस पार्क फ्यूचेरिस्टिक ने 1.50 लाख रुपये और पायनियर इंफ्रा ने 1.75 लाख रुपये प्रति किमी का आवेदन किया था। सबसे कम बिडर के रूप में ये जिम्मेदारी एमएस पार्क को दी गई। इसी तरह चित्रकूट लिंक एक्सप्रेसवे की प्री-फिजिबिलिटी रिपोर्ट और डीपीआर को लेकर भी मंजूरी दी गई।

# रामलला के सूर्य अभिषेक की योजना में तेजी, सीबीआरआई रुड़की के वैज्ञानिकों ने देखा राम जन्मभूमि परिसर

**अयोध्या , एजेंसी।** राममंदिर निर्माण समिति की दो दिवसीय बैठक शुक्रवार को शुरू हुई। इसमें शामिल होने के लिए राम मंदिर निर्माण समिति के अध्यक्ष नृपेंद्र मिश्र और सीबीआरआई रुड़की के वैज्ञानिक भी अयोध्या पहुंचे हैं।

वैज्ञानिकों ने नृपेंद्र मिश्र और मंदिर निर्माण की कार्यदायी संस्था के इंजीनियरों के साथ मंदिर परिसर का निरीक्षण किया। दोपहर बाद बैठक में निर्माण कार्यों की समीक्षा की गई। साथ ही सूर्य की किरणों से रामलला के अभिषेक की योजना को गति देने पर मंथन हुआ। रामलला के दिव्य-भव्य मंदिर निर्माण में केंद्रीय भवन अनुसंधान संस्थान (सीबीआरआई) रुड़की के वैज्ञानिक भी अहम भूमिका निभा रहे हैं।

उनकी ओर से राममंदिर की नींव के अलावा संरचनात्मक डिजाइन, सूर्य तिलक और संरचनात्मक स्वास्थ्य निगरानी का कार्य किया जा रहा है। सीबीआरआई के वैज्ञानिक रामनवमी पर सूर्य रश्मियों से रामलला के तिलक की योजना पर भी काम कर रहे हैं।

**रामनवमी को प्रभु श्रीराम की प्रतिमा के मस्तक पर सूर्य रश्मियों से होगा तिलक:** प्रत्येक साल रामनवमी के दिन प्रभु श्रीराम की प्रतिमा के मस्तक पर सूर्य रश्मियों से तिलक होगा। अब राममंदिर का शिखर बनने लगा है और जल्द ही दूसरा तल को भी आकार देने का काम शुरू हो जाएगा। ऐसे में सूर्य किरणों के अभिषेक के लिए उपकरण कहां और कैसे लगाए जाएं, इसको लेकर वैज्ञानिकों ने शुक्रवार को मंथन किया है। तय हुआ है कि राममंदिर के तीसरी मंजिल से लेकर गर्भगृह में स्थापित रामलला की मूर्ति तक पाइपिंग और आप्टो मैकेनिकल सिस्टम से सूर्य की किरणें पहुंचाई जाएं। इसके लिए उच्च गुणवत्ता के चार शीशे व चार लेंस का इस्तेमाल किया जाएगा। दो शीशे निचले तल पर लगाए जा चुके हैं। दो शीशे तीसरी मंजिल पर लगाए जाएंगे। इस साल रामनवमी पर रामलला का सूर्य किरणों से अभिषेक होगा या नहीं, इस पर वैज्ञानिक अभी कुछ कहने को तैयार नहीं हैं।



**राममंदिर निर्माण की योजना का रखा प्रजेंटेशन:** बैठक में इंजीनियरों ने राममंदिर निर्माण की आगे की योजना का प्रजेंटेशन नृपेंद्र मिश्र के समक्ष रखा। परकोटा, तीर्थयात्री सुविधा केंद्र के निर्माण की प्रगति पर भी चर्चा हुई। बैठक में राममंदिर के ट्रस्टी डॉ अनिल मिश्र, सीबीआरआई के निदेशक प्रो आर प्रदीप कुमार, वैज्ञानिक डॉ देबदत्ता घोष आदि मौजूद रहे।

**सप्त मंडपम के डिजाइन पर मंथन:** राम जन्मभूमि परिसर में सप्त मंडपम का निर्माण किया जाना है। इसमें भगवान राम के समकालीन सात पात्रों के मंदिर बनाए जाने हैं। इसके डिजाइन, ड्राइंग आदि को लेकर मंथन किया गया। सप्त मंडपम का निर्माण परिसर में किस स्थल पर होगा, इसको लेकर भी चर्चा की गई। सात मंदिरों में महर्षि वाल्मीकि, वशिष्ठ, अगस्त्य, विश्वामित्र, निषादराज, शबरी व अहिल्या के मंदिर बनाए जाने हैं। जल्द ही सप्त मंडपम का कार्य शुरू करने की तैयारी है।

### अब परिषदीय विद्यालयों के विद्यार्थी भी बनेंगे एथलीट, खेलकूद सामग्री के लिए जारी हुआ बजट

**लखनऊ , एजेंसी।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के खेलो इंडिया-फिट इंडिया अभियान को प्रदेश के परिषदीय विद्यालयों में गति दी जाएगी। यहां पढ़ने वाले बच्चों को अब खेलकूद में भी आगे बढ़ाया जाएगा। इनको पारंपरिक खेलों के साथ ही एथलेटिक्स, बैडमिंटन, शतरंज व कैरम आदि में भी दक्ष बनाया जाएगा। खेलकूद सामग्री खरीदने के लिए 89.43 करोड़ रुपये का बजट जारी किए गए हैं। परिषदीय विद्यालयों की दशा व दिशा सुधारने के लिए कई स्तरों पर काम हो रहे हैं। इसी के तहत अब खेलकूद गतिविधियों को बढ़ाया जाएगा। जिससे यहां के बच्चे राज्य के साथ-साथ राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिताओं व पैरालंपिक में भी दम दिखाने के लिए तैयार किए जा सकें। शासन के निर्देशानुसार हर उच्च प्राथमिक व कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय में स्पोर्ट्स क्लब का गठन किया जाएगा। इसमें खेलकूद प्रभारी शिक्षक और खेलों में रुचि रखने वाले 10 विद्यार्थी होंगे। इस क्लब के जरिये पारंपरिक खेलों खो-खो, कबड्डी, फुटबॉल, वॉलीबाल व हैंडबाल को प्रोत्साहित किया जाएगा। वहीं, विद्यालय स्तर पर शतरंज, कैरम, बैडमिंटन, एथलेटिक्स, ब्लाइंड क्रिकेट व दिव्यांगों से जुड़ी खेलकूद गतिविधियां होंगी। इन विद्यालयों के विद्यार्थी भी राज्य और राष्ट्र स्तरीय प्रतियोगिताओं में शामिल होंगे। इससे पहले अंतरविद्यालय स्तर की प्रतियोगिताएं होंगी। महानिदेशक स्कूल शिक्षा कंचन वर्मा ने बताया है कि विद्यालयों में खेलकूद सामग्री खरीदने के लिए 89 करोड़ 43 लाख रुपये का बजट जारी किया गया है। उन्होंने सभी बीएसए को निर्देश दिए कि विद्यार्थियों व शिक्षकों के सुझाव से सामग्री खरीदते हुए खेलकूद गतिविधियां आयोजित करें। पीएमश्री विद्यालयों में खेल उपकरण खरीदने के लिए धनराशि पहले ही जारी की जा चुकी है, इसमें वह शामिल नहीं है।

## मायावती का अकेले लोकसभा चुनाव लड़ने का एलान, लिखा- बहुजन समाज के हित में बीएसपी का फैसला अटल

**लखनऊ , एजेंसी।** बहुजन समाज पार्टी की अध्यक्ष मायावती ने आगामी लोकसभा चुनाव को लेकर बड़ी घोषणा की है। उन्होंने एलान किया है कि बहुजन समाज पार्टी अकेले लोकसभा चुनाव लड़ेगी। उन्होंने किसी तीसरे मोर्चे और किसी के साथ गठबंधन करने के अटकलों पर भी विराम लगा दिया है।



दरअसल, इंडिया गठबंधन से करीबी बढ़ने की चर्चाएं चल रहीं थीं। बहुजन समाज पार्टी की अध्यक्ष मायावती ने शनिवार को सोशल मीडिया एक्स पर पोस्ट कर बड़ा एलान किया है। पोस्ट में उन्होंने अकेले ही लोकसभा चुनाव लड़ने का एलान किया है।

मायावती ने लिखा कि बीएसपी देश में लोकसभा का आमचुनाव अकेले अपने बलबूते पर पूरी तैयारी व दमदारी के साथ लड़ रही है। ऐसे में चुनावी गठबंधन या तीसरा मोर्चा आदि बनाने की अफवाह फैलाना यह घोर फेक व गलत न्यूज़। मीडिया ऐसी शरारतपूर्ण खबरें देकर अपनी विश्वसनीयता न खोए। लोग भी सावधान रहें।

ख़ासकर यूपी में बीएसपी की काफी मज़बूती के साथ अकेले चुनाव लड़ने के कारण विरोधी लोग काफी बैचेन लगते हैं। इसीलिए ये आए दिन किस्म-किस्म की अफवाहें फैलाकर लोगों को गुमराह करने का प्रयास करते रहते हैं। किन्तु बहुजन समाज के हित में बीएसपी का अकेले चुनाव लड़ने का फैसला अटल।

मायावती इसके पहले भी कई बार लोकसभा चुनाव के लिए किसी भी तरह के गठबंधन में शामिल होने से इनकार करती रही हैं। उन्होंने चुनाव के लिए अभी तक प्रत्याशियों की घोषणा भी नहीं की है जिसके कारण उनके इंडिया गठबंधन में शामिल होने के कयास लगाए जा रहे हैं।



### भाजपा-रालोद के कई नेता सपा में हुए शामिल, अखिलेश यादव ने दिलाई सदस्यता

**लखनऊ , एजेंसी।** भाजपा व रालोद के कई नेता शनिवार को अपने समर्थकों के साथ समाजवादी पार्टी में शामिल हो गए। सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने उन्हें पार्टी की सदस्यता दिलाई और सबका स्वागत किया। डॉक्टर सीताराम राजपूत भाजपा छोड़कर समाजवादी पार्टी में अपने समर्थकों के साथ शामिल हो गए। इसके अलावा, आरएलडी के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष रहे लतेश विधूड़ी, परवेज आलम, बसपा के इलियास अंसारी, कुशीनगर, पूर्व विधायक सुभाष चंद्र श्रीवास्तव, हरदोई के तिलक चंद्र वर्मा, औरैया के पूर्व विधायक मदन गौतम और सुबोध यादव सपा में शामिल हो गए।

### अयोध्या को मिली दूसरी वंदे भारत ट्रेन, 12 मार्च से शुरू होंगी सेवाएं

**अयोध्या, एजेंसी।** रामनगरी को दूसरी वंदे भारत की सौगात मिल गई है। 12 मार्च को सेवाएं शुरू हो जाएंगी। इसके लिए शुक्रवार दोपहर अयोध्या कैंट स्टेशन से इसका ट्रॉयल भी हुआ। दोपहर करीब यह ट्रेन यहां से गुजरी। बाराबंकी से लेकर जौनपुर के बीच रेल लाइन दोहरीकरण का कार्य अंतिम चरण में है। अब तक सिंगल लाइन होने की वजह से वाराणसी से अयोध्या होते हुए लखनऊ तक कई प्रमुख ट्रेनों का संचालन नहीं हो पा रहा था। अब रेल लाइन दोहरीकरण का कार्य लगभग पूरा होने के साथ ही इस रूट पर महत्वपूर्ण ट्रेनों के संचालन की उम्मीद जगने लगी है। रेलवे ने बीते दिनों पटना से वाराणसी व अयोध्या होते हुए लखनऊ तक वंदे भारत एक्सप्रेस चलाने का निर्णय लिया। 160 किलोमीटर प्रतिघंटे के रफ्तार से चलने वाली यह एक्सप्रेस सुबह पटना से चलकर अयोध्या होते हुए लखनऊ पहुंचेगी।

## सेना की दवाओं की बाजार में बिक्री

### महेंद्र को रिमांड पर लेकर जयपुर और ग्वालियर गई टीम, दवा बाजार में खलबली

**आगरा , एजेंसी।** आगरा के थाना हरीपर्वत पुलिस ने सेना की दवाएं बाजार में खपाने वाले गिरोह के मुख्य आरोपी महेंद्र को जेल से कस्टडी रिमांड पर लिया है। पुलिस टीम उसे जयपुर और ग्वालियर लेकर गई। आरोपी के साथ कई ठिकानों पर दबिश दी, लेकिन अधिकतर गोदाम और दुकान पर ताले लटके मिले। इसके अलावा पुलिस की विवेचना में कई और नाम आए हैं। इसमें नाई की मंडी और कोतवाली के दवा व्यापारी हैं। मुकदमे में इनके नाम बढ़ाए जाएंगे।

एंटी नारकोटिक्स टास्क फोर्स और हरीपर्वत पुलिस ने गिरोह की धरपकड़ की थी। 40 लाख की दवाएं भी बरामद की थीं। आरोपियों में ग्वालियर निवासी महेंद्र कुमार, कोतवाली निवासी फरहान बेग, नाला बुढ़ान सैय्यद निवासी नीरज राजौर, बल्केश्वर स्थित सीताराम कॉलोनी निवासी अजय गोयल, बेलनगंज निवासी संस्कार गुप्ता, शेख बुलाखी निवासी प्रवेश राजपूत, नॉर्थ ईदगाह निवासी राजेश भाटिया उर्फ राजा को गिरफ्तार कर जेल भेजा था। पुलिस ने महेंद्र कुमार उदवानी को बृहस्पतिवार को 3 दिन की कस्टडी रिमांड पर लिया। महेंद्र जयपुर के सप्लायर के माध्यम से सेना के लिए आपूर्ति की गई दवाएं लेकर आता था। इसके बाद फरहान बेग को बेचता था।

### पत्नी से विवाद के बाद सात माह की दुधमुंही बेटी को पटक कर मार डाला

**कुशीनगर , एजेंसी।** कुशीनगर के खड्डा थाना क्षेत्र के रामपुर गोनहा गांव के जंगलल टोला में पत्नी से मारपीट के बाद बृहस्पतिवार रात एक युवक ने अपनी सात माह की बेटी को जमीन पर पटक कर मार डाला। बेटी की हत्या के बाद युवक फरार है। गांव वालों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने मृत बच्ची के पिता, दादा समेत तीन के खिलाफ केस दर्ज किया है। दो लोगों को हिरासत में लेकर पुलिस पूछताछ कर रही है।

बताया जा रहा है कि रामपुर गोनहा गांव के जंगल टोला निवासी विवेक पुत्र लक्षन की पत्नी ऋशु बृहस्पतिवार रात अपनी सात माह की बच्ची को सुलाकर भोजन बना रही थी। इसी बीच विवेक का छोटा भाई मोनू (8) पहुंचा और सो रही बच्ची को जगा दिया। इससे बच्ची रोने लगी। यह देख ऋशु नाराज हो गई और मोनू की पिटाई कर दी।

मोनू के रोने की आवाज सुनकर घर के बाहर पड़ोसी रामबली के साथ बैठे उसके ससुर लक्षन अंदर आए और मोनू को पीटने पर बहू को डांटने लगे। बात बढ़ गई और लक्षन व ऋशु में मारपीट होने लगी। शोरगुल सुनकर रामबली बीच बचाव करने आए, तभी विवेक भी पहुंच गया। बताया जा रहा है कि वह नशे में था।

पिता और पत्नी को मारपीट करता देख वह आग बबूला हो गया। उसी गुस्से में पत्नी की पिटाई कर दी और रो रही सात माह की बच्ची को जमीन पर पटक दिया, जिससे मौके पर ही उसकी मौत हो गई।

उधर, शोर सुनकर दरवाजे पर गांव वालों की भीड़ जुट गई। पुलिस को सूचना दी गई। करीब एक घंटे बाद पहुंची पुलिस ने गांव वालों और ऋशु का बयान दर्ज किया। रात में ही बच्ची का शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस ने पति विवेक, ससुर लक्षन और पड़ोसी रामबली पर हत्या का केस दर्ज कर लिया है। रामबली और लक्षन को हिरासत में लेकर पुलिस पूछताछ कर रही है।

## ग्राम सभा की भूमि पर लगेंगे उद्योग, बनेंगे मिनी क्लस्टर, गांवों में मिलेगा रोजगार

**लखनऊ, एजेंसी।** ग्रामीण इलाकों में उद्योग लगाने के लिए ग्राम सभा की जमीनों का अधिग्रहण किया जाएगा। ग्राम सभा की पांच एकड़ या इससे अधिक जमीन चिह्नित कर उद्योग निदेशालय को मुफ्त में दी जाएगी। इन जमीनों को मिनी इंडस्ट्रियल एरिया की तर्ज पर विकसित किया जाएगा। उद्यमियों को जमीन का आवंटन संबंधित जिले के सर्किल रेट से होगा। जिस गांव की जमीन अधिग्रहीत की जाएगी, प्राथमिकता के आधार पर उस ब्लॉक के उद्यमियों को पहले जमीन दी जाएगी।



गांव से पलायन रोकने के लिए ग्रामीण इलाकों को ही उद्योगों से लैस करने की योजना बनाई गई है। गांव-गांव में इंडस्ट्री के तहत इसका खाका तैयार किया गया है। इससे एक तरफ एमएसएमई इकाइयों को शहरों की तुलना में सस्ते दाम पर जमीन मिलेगी तो दूसरी तरफ ग्रामीणों को अपने ही गांव के आसपास रोजगार मिल सकेगा। इसके तहत ग्रामीण इलाकों में ग्राम सभा की जमीन को लघु औद्योगिक आस्थान (मिनी इंडस्ट्रियल क्लस्टर) के रूप में विकसित किया जाएगा। कम से कम पांच एकड़ जमीन पर क्लस्टर बसाए जाएंगे। राजस्व विभाग ग्राम सभा की जमीन एमएसएमई विभाग को उपलब्ध कराएगा।

इस जमीन को उद्योगों के लिए तैयार करने का जिम्मा उद्योग व उद्यम प्रोत्साहन निदेशालय को दिया गया है। कामन ट्रीटमेंट प्लांट, इफ्युलिएंट ट्रीटमेंट प्लांट, सड़क, सीवर, अबाध बिजली व पानी सहित सभी सुविधाओं से लैस करने के बाद ये जमीन संबंधित जिले के सर्किल रेट से उद्यमियों को दी जाएगी। सभी एक्सप्रेसवे सहित निर्माणाधीन एक्सप्रेसवे से पांच किमी की दूरी में आने वाली ग्राम सभा की जमीन का भी अधिग्रहण किया जाएगा। इन्हें विकसित कर उद्यमियों को सौंपा जाएगा।

अनुमान के मुताबिक इस पहल से पहले चरण में कम से कम 500 नए मिनी क्लस्टर का जन्म होगा और 11 हजार करोड़ का निवेश होगा। कम से कम 25000 नई इकाइयों बनेंगी। इनमें करीब ढाई लाख लोगों को सीधे रोजगार मिलेगा।

# रामगढ़ताल में भाजपा पार्षद के बेटे ने की थी फायरिंग

### पुलिस ने इस जगह से पिस्टल भी कर ली बरामद

**गोरखपुर, एजेंसी।** रामगढ़ताल इलाके में मैरिज हाउस के बाहर फायरिंग करने के मामले में पुलिस ने भाजपा पार्षद के बेटे समेच पांच आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पहले पकड़े गए तीन आरोपियों से पूछताछ के बाद पार्षद के बेटे को मय पिस्टल के उसके घर से गिरफ्तार किया गया।

इस मामले में पहले से दर्ज फायरिंग के केस में तीन आरोपियों को जेल भिजवाया गया है, जबकि पार्षद के नाबालिग बेटे को किशोर न्यायालय में पेश किया गया जहां उसे दो दिन बाद काउंसिलिंग के लिए बुलाया गया है। उसके साथी को जेल भेज दिया गया।



पकड़े गए आरोपियों की पहचान आजाद चौक जयपुरिया स्कूल के पास रहने वाले प्रिंस सिंह उर्फ सौरभ, उसके भाई सौरभ उर्फ गौरव चन्द और आदित्य ओझा के रूप में हुई है। जानकारी के मुताबिक, रामगढ़ताल थाना क्षेत्र के इंद्रानगर निवासी अभिनव सिंह ने नवंबर 2023 में फायरिंग कर हत्या की कोशिश का केस दर्ज कराया था। उन्होंने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि 28 नवंबर 2023 को वह अपने साथी अभिजित सिंह, अतुल शाही, शाहिल सिंह, आयुष नायक के साथ मित्र शशांक की बहन की शादी में मधुर शहनाई मैरिज हॉल में गए थे। रात में करीब 11 बजे लॉन से निकलकर बाहर रोड पर गाड़ी में बैठने जा रहे थे कि उसी दौरान बंधे की और से दो बाइक पर सवार होकर चार लोग आए।

आरोप है कि प्रिंस सिंह, सम्राट सिंह, आदित्य ओझा सहित चार लोगों ने पुरानी रंजिश को लेकर एक राय होकर हमला बोल दिया। असलहा से गोली चलाने लगे। शोर मचाने पर सभी भाग गए। पुलिस ने इस मामले में हत्या के कोशिश की धारा में केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी थी।

एसओ रामगढ़ताल इत्यानंद पांडेय की अगुवाई में आजाद नगर चौकी प्रभारी प्रदीप पांडेय की टीम ने प्रिंस सिंह, उसके भाई और साथी को पकड़ लिया। तलाशी के दौरान प्रिंस सिंह उर्फ सौरभ के कब्जे से एक अवैध पिस्टल, एक कारतूस बरामद हुआ। इस मामले में पुलिस ने 3/25 आयुध अधिनियम के तहत अलग से केस दर्ज किया है। वहीं आदित्य ओझा के कब्जे से दो कारतूस बरामद हुए। इन सभी से पूछताछ के बाद ही पुलिस ने पार्षद के बेटे और उसके दोस्त पर भी कार्रवाई की है।

### बेटे को दुष्कर्म में गिरफ्तार होने का झांसा देकर 4.70 लाख ठगे- केस दर्ज

**गोरखपुर , एजेंसी।** गोरखपुर के तिवारीपुर इलाके में रहने वाले अशोक कुमार श्रीवास्तव से ठग ने बेटे को झूठे दुष्कर्म के केस में फंसने पर गिरफ्तार होने का झांसा देकर 4.70 लाख रुपये की जालसाजी की। आरोप है कि जालसाज ने एआई टेक्नोलॉजी की मदद से बेटे की आवाज में बात भी की थी, जिससे विश्वास हो गया। अब जालसाजी की जानकारी होने के बाद पीड़ित ने केस दर्ज कराया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। जानकारी के मुताबिक, अंधियारीबाग उत्तरी निवासी अशोक कुमार श्रीवास्तव ने दी तहरीर में लिखा है कि व्हाट्सएप पर मेरे पास फोन आया। फोन करने वाले ने खुद को पुलिस बताया और बोला कि आपका बेटा दुष्कर्म के केस में पकड़ा गया है। उसे क्राइम ब्रांच में बैठाया गया है, लेकिन मैं जानता हूं कि आपके लड़के का दुष्कर्म के केस में कोई हाथ नहीं है, लेकिन दोस्तों के साथ आने के कारण फंस गया है। आरोप है कि जालसाज ने दो मोबाइल फोन नंबर नोट कराया है, उस पर तीन बार में ऑनलाइन रुपये मंगा लिए। फिर उसके बाद ऑनलाइन सीमा समाप्त होने के बाद नकद रुपये अपने बैंक एकाउंट में मंगवा लिया। इस दौरान एआई टेक्नोलॉजी के जरिए लड़के से मेरी बात आवाज बदल कर कराई, जिसके कारण मैं उसके बातों में आ गया और यह धोखाधड़ी हो गई।

जालसाज ने यह भी कहा था कि किसी के कॉल को न उठाना। बाद में बेटे से बातचीत होने के बाद जालसाजी की जानकारी हुई। एसपी सिटी कृष्ण कुमार बिश्नोई ने बताया कि तहरीर के आधार पर पुलिस ने केस दर्ज कर लिया है। जांच के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# हाउस ऑफ़ हिमालयाज ब्रांड की शुरूआत जल्द से जल्द की जाये : मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी

## हाउस ऑफ़ हिमालयाज ब्रांड से आमजन, स्वयं सहायता समूहों आदि को भी जोड़ा जाये

**बोले सीएम :**

- हाउस ऑफ़ हिमालयाज ब्रांड के अन्तर्गत जो भी उत्पाद रखे जायें, उनकी गुणवत्ता, पैकेजिंग आदि पर विशेष ध्यान रखा जाये

सुनील तिवारी



**देहरादून।** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी की अध्यक्षता में शनिवार को सचिवालय स्थित विश्वकर्मा भवन सभागार में हाउस ऑफ़ हिमालयाज ब्रांड को राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर स्थापित किये जाने तथा उत्तराखंड के उत्पादों की अभिवृद्धि हेतु एक्टिव प्लान, इम्प्लीमेंटेशन तथा स्ट्रेटजी के सम्बन्ध में एक समीक्षा बैठक आयोजित हुई। मुख्यमंत्री को समीक्षा बैठक में अधिकारियों ने प्रस्तुतीकरण के माध्यम से हाउस ऑफ़ हिमालयाज ब्रांड को राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर स्थापित किये जाने तथा उत्तराखंड के उत्पादों की अभिवृद्धि हेतु किये जा रहे प्रयासों की विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने बताया कि हाउस ऑफ़ हिमालयाज ब्रांड के अन्तर्गत देवभूमि उत्तराखण्ड के लोकल उत्पादों-झिंगोरा, लाल चावल, राजमा, गहत दाल, हल्दी पावडर, बुरांश, शहद, तोर दाल, काले सोयाबीन, बासमती चावल, दालचीनी, सेव जाम, मशरूम व लहसून का अचार सहित प्रथम चरण में 21 उत्पादों को तथा द्वितीय चरण में 22 उत्पादों को ग्लोबल बनाने के लिये कार्य किया जायेगा, जिसमें ग्राम्य विकास, वन, कृषि, उद्योग, सहकारिता सहित नीदरलैण्ड बेस्ड कम्पनी वूमन ऑन विंग्स का भी सहयोग प्राप्त होगा। मुख्यमंत्री ने बैठक में कौन-कौन से प्रोडक्ट होंगे, उत्पादों की खरीददारी, कहां-कहां पर इनके स्टोर होंगे, इसमें कौन-कौन से पदाधिकारी होंगे आदि के सम्बन्ध में विस्तार से चर्चा करते हुये इनकी स्वीकृति प्रदान की। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिये कि हाउस ऑफ़ हिमालयाज ब्रांड के अन्तर्गत जो भी उत्पाद रखे जायें, उनकी गुणवत्ता, पैकेजिंग आदि पर विशेष ध्यान देते हुये इस ब्राण्ड से आमजन, स्वयं सहायता समूहों आदि को भी जोड़ा जाये तथा जल्द से जल्द इसकी शुरूआत की जाये। इस पर अधिकारियों ने बताया कि गुणवत्ता कण्ट्रोल के लिये एक टीम गठित की जायेगी, जो इस ब्राण्ड के अन्दर आने वाले उत्पादों की निरन्तर मॉनिटरिंग करेगी। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने हाउस ऑफ़ हिमालयाज ब्रांड के अन्तर्गत आने वाले उत्पादों का लोकार्पण भी किया। इस अवसर पर कैबिनेट मंत्री गणेश जोशी, सुबोध उनियाल, मुख्य सचिव राधा रतूड़ी, प्रमुख सचिव आर0के0 सुधांशु, सचिव राधिका झा, विनय शंकर पाण्डेय, विनोद कुमार सुमन सहित संबंधित पदाधिकारी एवं अधिकारीगण उपस्थित थे।

## संक्षिप्त समाचार

### किसानों के विद्रोह पर आधारित डैकत ऑफ़ धौलपुर का मुम्बई में हुआ प्रीमियर

**मुंबई, एजेंसी।** देशभर में इस शुक्रवार को रिलीज़ होने जा रही फ़िल्म डकैत ऑफ़ धौलपुर का बुधवार की रात को मुम्बई के अंधेरी में स्थित सिटी मॉल के पीवीआर सिनेमा में एक भव्य प्रीमियर का आयोजन किया गया था. इस ख़ास मौके पर फ़िल्म की पूरी स्टार कास्ट और क्रू के अलावा फ़िल्म इंडस्ट्री की दिग्गज हस्तियों ने भी अपनी मौजूदगी दर्ज कराई. ग़ौरतलब है कि प्रीमियर में मौजूद सभी लोगों ने फ़िल्म देखने के बाद इसकी खूब प्रशंसा की. एम/एस बाबा सिने एंटरटेनमेंट की प्रस्तुति डकैत ऑफ़ धौलपुर के प्रीमियर का नज़ारा देखते ही बन रहा था. फ़िल्म से जुड़ा हर शख़्स बेहद खुश नज़र आ रहा था. फ़िल्म की स्पेशल स्क्रिनिंग के मौके पर फ़िल्म के प्रमुख कलाकारों में फ़िल्म के हीरो, मनोज चतुर्वेदी, हीरोइन राधा अजमेरा, संतोष याग्निक, सुधीर शुक्ला जैसे तमाम कलाकार मौजूद थे. फ़िल्म के निर्देशक अफ़ज़ल ख़ान, संगीतकार लोकेश कुशवाह व हरीश शर्मा, गीतकार दिनेश परिहार, एसोसियट डायतेक्टर आशुतोष यादव ने भी इस मौके पर अपनी उपस्थिति दर्ज कराई. उल्लेखनीय है कि फ़िल्म की स्पेशल स्क्रीनिंग के मौके पर मीडिया जगत से जुड़े तमाम पत्रकार को भी विशेष रूप से फ़िल्म के मेकर्स ने आमंत्रित किया था.फ़िल्म डकैत ऑफ़ धौलपुर के एक्टर, राइटर और प्रोड्यूसर मनोज चतुर्वेदी ने फ़िल्म के स्क्रीनिंग पर मौजूद तमाम हस्तियों के मौजूद रहने और फ़िल्म के प्रति अपना समर्थन दिखाने के लिए सभी शुक्रिया अदा किया और पत्रकारों का भी विशेष रूप से आभार जताया.

### रेलवे ने की दिल्ली से 6 स्पेशल ट्रेनें चलाने की घोषणा



नईदिल्ली, एजेंसी। होली के अवसर पर यात्रियों की भीड़ को ध्यान में रखते हुए उत्तर रेलवे द्वारा विशेष रेलगाड़ियां चलाई जाएंगी। इस कड़ी में छह विशेष रेलगाड़ियों की घोषणा की गई है। जल्द ही अन्य के परिचालन को लेकर भी अनुमति दी जा सकती है। रेलवे सूत्रों ने बताया कि नई दिल्ली से उधमपुर (शहीद कैप्टन तुषार महाजन रेलवे स्टेशन) के बीच विशेष रेलगाड़ी (04033/04034) का परिचालन किया जाएगा। नई दिल्ली से यह गाड़ी आगामी 22 और 29 मार्च को उधमपुर के लिए चलेगी, जबकि 23 और 30 मार्च को यह गाड़ी उधमपुर से चलेगी। नई दिल्ली से कटरा के लिए विशेष रेलगाड़ी (04075/04076) का परिचालन किया जाएगा। नई दिल्ली से यह गाड़ी 24 से 31 मार्च के बीच प्रत्येक बुधवार और रविवार को चलेगी। वहीं, वापसी में कटरा से यह गाड़ी 25 से 1 अप्रैल के बीच प्रत्येक गुरुवार और सोमवार को चलेगी। दोनों दिशाओं में यह गाड़ी कुल 6 फेरे लगाएगी। दिल्ली से बनारस के लिए विशेष रेलगाड़ी (04080/04079) द्वारा कुल 10 फेरे लगाए जाएंगे। दिल्ली से यह गाड़ी 21 से 30 मार्च के बीच सोमवार, गुरुवार और शनिवार को चलेगी। वहीं, बनारस से यह गाड़ी 22 से 31 मार्च के बीच प्रत्येक मंगलवार, शुक्रवार और रविवार को चलेगी। नोएडा। मोरना स्थित नोएडा डिपो से होली पर विशेष बसें 20 मार्च से चलेंगी। बीते वर्षों की भीड़ को देखकर इस बार पहले से भी ज्यादा फेरे बसें लगाएंगी। दस दिन तक नोएडा डिपो से 24 घंटे बसें मिलेंगी। डिपो से लंबी दूरी की बसें भी चलाई जाएंगी। डिपो के सहायक क्षेत्रीय प्रबंधक नरेश पाल सिंह ने कहा कि होली पर समीप स्थित शहरों की बसें तीन से चार और दूर के क्षेत्रों की बसें दो-दो अतिरिक्त फेरे लगाएंगी। डिपो से प्रयागराज, वाराणसी और गोरखपुर के लिए बस की सुविधा दी जाएगी।

## गैंगस्टर काला जठेड़ी की हाई सिक्योरिटी वाली शादी, बारात में कमांडो के साथ 250 जवान

**नईदिल्ली, एजेंसी।**
गैंगस्टर संदीप उर्फ काला जठेड़ी की 'हिस्ट्रीशीटर' अनुराधा चौधरी उर्फ 'मैडम मिंज' के साथ 12 मार्च को होने वाली शादी के मद्देनजर दिल्ली के एक बारात-घर में सुरक्षा के चाकचौबंद इंतजाम किए जाएंगे। द्वारका सेक्टर तीन में स्थित बारात-घर 'संतोष गार्डन' को संदीप के वकील ने 51 हजार रुपये में बुक कराया है। शादी समारोह के दौरान स्वाट (स्पेशल वेपन एंड टेक्निक्स) कमांडो समेत 250 पुलिस कर्मियों की तैनाती की जाएगी। सूत्रों ने बताया कि पुलिस कर्मियों की टीम में स्पेशल सेल, अपराध शाखा और हरियाणा की अपराध जांच एजेंसी (सीआईए) के कर्मी शामिल हैं।

पुलिस ने बताया कि संदीप के परिवार ने पुलिस के 150 मेहमानों की सूची साझा की है। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार, दिल्ली पुलिस ने संदीप के पिछले रिकॉर्ड को देखते हुए किसी भी घटना को रोकने के लिए एक रणनीति बनाई है। संदीप एक बार हरियाणा पुलिस की हिरासत से भाग चुका है और उसने दिल्ली पुलिस की हिरासत से अपने सहयोगी को भी भगाने की साजिश



रची थी। संदीप पर सात लाख रुपये का इनाम था।

हरियाणा के सोनीपत जिले के रहने वाले संदीप को दिल्ली की एक अदालत से शादी के लिए छह घंटे की पेरोल मिली है। वह चौधरी से शादी करेगा जिसके खिलाफ कई आपराधिक मामले दर्ज हैं। संदीप फिलहाल तिहाड़ जेल में बंद है। एक पुलिस अधिकारी ने कहा कि संदीप 2020 में फरीदाबाद की एक अदालत में ले जाते समय हरियाणा पुलिस की हिरासत से भाग गया था। उसके गिरोह के सदस्यों ने पुलिस को घेर लिया था और उनपर गोलीबारी की थी, जिसमें एक पुलिसकर्मी घायल हो गया था। अधिकारी ने कहा कि 2021 में, उसने अपने सहयोगियों के साथ दिल्ली के जीटीबी अस्पताल में गोलीबारी की और कुलदीप फज्जा नामक व्यक्ति को दिल्ली पुलिस की हिरासत से छुड़ाने में कामयाब रहा। उन्होंने बताया कि बाद में फज्जा को दिल्ली पुलिस के विशेष प्रकोष्ठ ने एक मुठभेड़ में ढेर कर दिया था। दिल्ली पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि इस बार हम कोई जोखिम नहीं उठाना चाहते। इसलिए तिहाड़ से लेकर द्वारका में विवाह स्थल तक पर्याप्त पुलिस बल की तैनाती की जाएगी। संतोष गार्डन तिहाड़ जेल से करीब सात किलोमीटर की दूरी पर स्थित है।

अदालत के आदेश के मुताबिक, संदीप को अपनी शादी के लिए सुबह 10 बजे से शाम चार बजे तक की पेरोल मिली। जोड़े को पारंपरिक रस्मों के लिए 13 मार्च को हरियाणा के सोनीपत के जठेड़ी गांव में उसके घर ले जाया जाएगा। पुलिस ने 'गैंगवॉर' की आशंका से भी इनकार नहीं किया है। अधिकारियों ने बताया कि कार्यक्रम स्थल और उसके आसपास करीब 250 पुलिसकर्मी तैनात रहेंगे।

## कॉलेज नशे का एपीसेंटर, चौकी के पास मिलता है गांजा; स्टूडेंट ने पुलिस अधिकारी कार्यक्रम में बताई सच्चाई

**नईदिल्ली, एजेंसी।**
हरियाणा के सोनीपत में पुलिस ने युवाओं को नशे से दूर रहने के लिए एक कार्यक्रम का आयोजन किया था। जिसमें एक छात्र ने पुलिस को आइना दिखा दिया। उसने बेबाकी से पुलिस अधिकारी से कहा कि जब फर्स्ट या सेकेंड ईयर का बच्चा गांजे के डीलर क ट्रैक डाउन कर सकता है तो पुलिस क्यों नहीं कर पा रही है? आज गांजा या नशे का कोई भी सामान मिलना टॉफी-लॉलीपॉप जितना आसान हो गया है। छात्र के पुलिस से पूछे गए इन तीखे सवालों का वीडियो सोशल मीडिया पर जमकर वायरल हो रहा है। जहां यूजर्स छात्र की हिम्मत की दाद दे रहे हैं और पुलिस के सामने सच्चाई रखने के लिए तारीफ कर रहे हैं। यह पूरा मामला हरियाणा के अशोका यूनिवर्सिटी का है।

हरियाणा पुलिस ने सोनीपत के अशोका यूनिवर्सिटी में नशा मुक्ति कार्यक्रम का आयोजन किया था। जिसमें चार यूनिवर्सिटी के छात्र पहुंचे थे। इसी कार्यक्रम के दौरान बाबा भीमराव अंबेडकर यूनिवर्सिटी के एक स्टूडेंट ने स्टेज पर मौजूद पुलिस अधिकारी से तीखे सवाल किए। छात्र अपनी सीट पर खड़े होकर सवाल कर रहा था जिसका वीडियो जमकर वायरल हो रहा है। छात्र ने कॉलेज के




पास गांजे की आसान पहुंच को रोकने में पुलिस की नाकामी को उजागर किया।

वायरल वीडियो में छात्र कहता है, सर हमने इतना बड़ा कार्यक्रम देखा है नशा मुक्ति अभियान का और यूनिवर्सिटी नशे का सबसे बड़ा एपीसेंटर है। सर आज हम चार यूनिवर्सिटी के बच्चे यहां बैठे हैं। आज गांजा मिलना या कोई नशीली सामग्री मिलना टॉफी-लॉलीपॉप जितना मिलना आसान है। सर अगर एक फर्स्ट या सेकेंड ईयर का बच्चा गांजे के डीलर को ट्रैक कर सकता है तो पुलिस क्यों नहीं कर पाती? क्या पुलिस ही पीछे छूट गई है? सर मेरा जो मानना है क्योंकि मैं भी सोसाइटी में रहता हूं, यूनिवर्सिटी का स्टूडेंट हूं, सर यहां सामने चौकी है और चौकी के सामने ही गांजा मिलता है। सर क्या आपको नहीं लगता ये पुलिस की नाकामी है? नशा मुक्ति को लेकर जब छात्र कॉलेज के ऑडिटोरियम में पुलिस से बेझिझक तीखे सवाल कर रहा था।

## हसन खां मेवाती की नूंह में लगेगी प्रतिमा, सीएम खट्टर करेंगे अनावरण; पानीपत की लड़ाई से है नाता

**नईदिल्ली, एजेंसी।**
नूंह में शनिवार को राजा हसन खां मेवाती का बलिदान दिवस मनाया जाएगा। राज्य सरकार की तरफ से नूंह के बड़कली चौक पर इसका आयोजन किया जाएगा, जबकि नगीना कॉलेज में राजा हसन खां मेवाती की प्रतिमा लगाई जाएगी। केंद्रीय मंत्री राव इंद्रजीत सिंह की अध्यक्षता में मुख्यमंत्री मनोहर लाल प्रतिमा का अनावरण करेंगे।

बुधवार को जारी बयान में मुख्यमंत्री के मीडिया सलाहकार मुकेश कुमार वशिष्ठ ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि नगीना के राजकीय कालेज में नौ मार्च को स्थापित की जाने वाली राजा हसन खां मेवाती की प्रतिमा को राजस्थान के मूर्तिकारों ने तैयार किया है। मूर्तिकार नरेश के मानेसर स्थित स्टूडियो में यह प्रतिमा तैयार हो रही है। घोड़े पर बैठे राजा हसन खां मेवाती बेहद आकर्षक लगते हैं। उन्होंने एक हाथ में भाला लिया हुआ है, जबकि कमर में तलवार लटकाई हुई है। मूर्तिकार नरेश की तीन पीढ़ियां मूर्तिकला से जुड़ी रही हैं। दिल्ली जयपुर राष्ट्रीय राजमार्ग के आस-पास स्थापित कई मूर्तियां इनके परिवार ने बनाई हैं। पिछले दिनों हिमाचल प्रदेश के सोलन में हनुमान की 150 फीट ऊंची मूर्ति इन्होंने बनाई थी। राज्यस्तरीय समारोह की तैयारियों का जायजा लिया नूंह के बड़कली



चौक पर नौ मार्च को आयोजित होने वाले राज्यस्तरीय राजा हसन खां मेवाती शहीदी दिवस समारोह की तैयारियों अंतिम चरण में हैं। उपायुक्त धीरेंद्र खड़गटा व पुलिस अधीक्षक नरेंद्र सिंह बिजारनिया ने तैयारियों का जायजा लिया। इस समारोह में नूंह के अलावा प्रदेश के अन्य हिस्सों से भी भारी संख्या में लोग पहुंचेंगे, इसलिए इस कार्यक्रम में आने वाले लोगों के लिए सभी जरूरी सुविधाएं व प्रबंध किए गए हैं। उपायुक्त व एसपी ने समारोह स्थल पर पार्किंग, आने-जाने के रास्ते, लोगों के बैठने की व्यवस्था आदि सभी प्रबंधों का निरीक्षण कर अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। राजकीय महाविद्यालय नगीना में स्थापित होने वाले राजा हसन खां मेवाती की प्रतिमा अनावरण स्थल का भी दौरा किया। राजा हसन खान मेवाती मेवात वंश के राजा थे, जिनकी राजधानी अलवर थी। दर्ज इतिहास के अनुसार जब पानीपत युद्ध के बाद बाबर दिल्ली और आगरा में अपनी सल्तनत चाहता था, तब महाराणा संग्राम सिंह (मेवाड़) और हसन खां (मेवात) बाबर के लिए कड़ी चुनौती बने थे।

## एनसीआर में पार्किंग के लिए आपको जेब करनी होगी ढीली

**नईदिल्ली, एजेंसी।**
गाजियाबाद में पांच स्थानों पर अगले सप्ताह से वाहन पार्किंग शुल्क दोगुना वसूला जाएगा। नगर निगम ठेकों का आवंटन इसी सप्ताह करेगा। यह शुल्क छह घंटे के लिए होगा। इससे ज्यादा समय तक वाहन खड़ा करने पर अधिक शुल्क देना होगा। 13 अन्य स्थानों पर पार्किंग के ठेके छोड़ने की तैयारी है।

मुख्य कर निर्धारण अधिकारी और पार्किंग प्रभारी डॉ. संजीव सिन्हा ने बताया कि शिवा टावर के बाहर 20 साइकिल और 60 दोपहिया, ठाकुरद्वारा फ्लाईओवर के नीचे 30 दोपहिया और 75 कारों के लिए पार्किंग का ठेका आवंटित किया है। पुरानी सब्जी मंडी में 20 साइकिल और 80 दोपहिया वाहन, नेहरू नगर यशोदा अस्पताल के बाहर 50 साइकिल, 150 दोपहिया और 100 कार, वैशाली सेक्टर-4 में श्रीकृष्ण वाटिका पर 20 साइकिल, 50 दोपहिया और 30 कारों के लिए ठेके का आवंटन किया है।

नवयुग मार्केट में पंजाब नेशनल और इलाहबाद बैंक के बाहर 120 वाहन, मोहन नगर सरदार पटेल संस्थान के बराबर में 100 ऑटो के लिए ठेका छोड़ा जाएगा। उन्होंने बताया कि वर्तमान में पार्किंग में साइकिल के लिए पांच, दोपहिया वाहन के 10 और कार के लिए 20 रुपये प्रति 12 घंटे दर निर्धारित हैं।



नई आवंटित पार्किंग में साइकिल के 10, दोपहिया वाहन के 20 और कार के 40 रुपये प्रति छह घंटे की दरें निर्धारित की गई है। छह घंटे से ज्यादा समय तक वाहन खड़ा करने पर साइकिल के 20, दोपहिया वाहन के लिए 40 और कार के 80 रुपये देने होंगे। नमो भारत ट्रेन के हर स्टेशन पर दस मिनट तक पार्किंग शुल्क नहीं लिया जाएगा। सभी आठों स्टेशन पर पार्किंग तैयार हैं। दस मिनट से ज्यादा वाहन खड़ा करने पर ही शुल्क लिया जाएगा। छह घंटे तक साइकिल खड़े करने के पांच रुपये, दोपहिया वाहन के दस और कार के 20 रुपये है। 12 घंटे वाहन खड़े करने पर दोगुणा शुल्क वसूला जाएगा। रात में पार्किंग में साइकिल खड़ी करने के 20 रुपये, दोपहिया के 60 रुपये और कार के 200 रुपये शुल्क है। सभी पार्किंग स्थल तैयार हो गए हैं।

## एनसीआर में घर का सपना होगा पूरा, आवासीय भूखंड के लिए लगेगी ऑनलाइन बोली

**नईदिल्ली, एजेंसी।**
नोएडा प्राधिकरण की तरफ से जनवरी महीने में निकाली गई 376 आवासीय भूखंड के लिए अगले सप्ताह ऑनलाइन बोली की प्रक्रिया होगी। ऑनलाइन बोली 11 से 16 मार्च के बीच लगाई जाएगी। योजना में एक भूखंड पाने के लिए 17 दावेदार मैदान में है। प्राधिकरण ने 376 आवासीय भूखंड की योजना 25 जनवरी 2024 को लॉन्च की थी। ये भूखंड सेक्टर-41, 43, 44, 47, 48, 49, 51, 52, 53, 56, 61, 70, 71, 72 में हैं।

इनके अलावा पहली बार नोएडा-ग्रेनो एक्सप्रेसवे के आसपास के सेक्टर-92, 99, 105, 108, 122 के खाली पड़े पड़े भूखंड शामिल गए हैं। अधिकारियों ने बताया कि योजना में करीब 150 नए भूखंड भी शामिल किए गए जिनका पहली बार आवंटन होगा। बाकी भूखंड वे हैं जो किसी वजह से सरेंडर किए जा चुके हैं या बकाया नहीं मिलने पर प्राधिकरण ने आवंटन निरस्त कर दिया है। अधिकारियों ने बताया कि इस योजना में करीब 6400 लोगों ने आवेदन




किया था।

प्राधिकरण अधिकारियों ने बताया कि अब जिन लोगों ने आवेदन किया था उनको भूखंड पाने के लिए ऑनलाइन बोली लगानी होगी। ऑनलाइन बोली की प्रक्रिया 11 से 16 मार्च के बीच होगी। अधिकारियों ने बताया कि लोगों को तय रिजर्व प्राइज से अधिक बोली लगानी होगी। अधिकारियों ने बताया कि सभी भूखंड के लिए पर्याप्त आवेदन आए या नहीं, यह शनिवार या फिर सोमवार को पता चलेगा। अब आवेदन का मौका नहीं मिलेगा।

अधिकारियों ने बताया कि इस योजना में तय समय समाप्त होने के बाद 30 ऐसे भूखंड सामने आए जिनके लिए कोई आवेदन नहीं आया या सिर्फ एक ही आवेदन आया। नियमों के तहत एक भूखंड के लिए कम से कम दो आवेदन जरूरी हैं। अधिकारियों ने बताया कि 14 भूखंड ऐसे हैं जिनके लिए किसी ने आवेदन नहीं किया। 16 ऐसे भूखंड हैं जिनके लिए एक आवेदन ही आया। इन भूखंडों को पाने के लिए आवेदन करने का फिर से मौका दिया गया।

## दिल्ली वालों का इंतजार हुआ पूरा, भैरों मार्ग अंडरपास की दोनों लेन खोली गई

**नईदिल्ली, एजेंसी।** राजधानी दिल्ली में रिंग रोड से भैरों मार्ग को जोड़ने वाले अंडरपास से अब दोनों तरफ ट्रैफिक संचालन शुरू कर दिया गया है। सोमवार को सिर्फ भैरों मार्ग से रिंग रोड होते हुए सराय काले खां की तरफ जाने वाले वाहनों के लिए अंडरपास खोला गया था। दो दिन बाद रिंग रोड पर आईपी डिपो की तरफ से भैरों मार्ग की तरफ जाने वाले वाहनों के लिए भी इसे खोला दिया गया था, लेकिन सड़क सुरक्षा से जुड़े कुछ कार्य के लिए इसे बंद किया गया था। अब नियमित ट्रैफिक के लिए खोल दिया गया है। लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों ने बताया कि शुरुआत में चार में से सिर्फ दो लेन पर ही ट्रैफिक संचालित किया जा रहा है। अभी अंडरपास के दूसरे हिस्से की दो लेन खुलने में करीब दो महीने का वक्त लगेगा, जब तक ट्रैफिक संचालित करने की यह व्यवस्था लागू रहेगी। इसके खुलने से प्रगति मैदान टनल के अंदर वाहनों का दबाव कम होगा, क्योंकि इंडिया गेट सर्किल की तरफ से आने वाले लोग मथुरा रोड से होते हुए भैरों मार्ग पर आ सकते है। यहां से सीधे अंडरपास पकड़कर रिंग रोड पर निकल पाएंगे। मौजूदा वक्त में टनल के अंदर मरम्मत, सफाई और पेंटिंग का कार्य चल रहा है, जिसके चलते टनल की एक दो लेन में बैरियर लगाकर काम करना होता है।

## संक्षिप्त समाचार



## उज्बेकिस्तान के अब्दुसत्तारोव नें जीता प्राग मास्टर्स शतरंज का खिताब

**प्राग , चेक गणराज्य , एजेंसी।** प्राग मास्टर्स शतरंज 2024 का खिताब आखिरकार उज़्बेक्सितान के अब्दुसत्तारोव नोदिरबेक नें अपने नाम कर लिया । अब्दुसत्तारोव नें अंतिम राउंड में रोमानिया के रिचर्ड रापोर्ट के खिलाफ आसानी से बाजी ड्रॉ खेलते हुए 6.5 अंक बनाकर पहला स्थान हासिल किया , उनकी यह जीत कितनी बड़ी रही इसका अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है की उन्होने 5 अंक बनाकर सयुंक्त दूसरे स्थान पर रहे भारत के आर प्रज्ञानन्दा , ईरान के परहम मघसूदलू और चेक गणराज्य के थाई डाइ वान से कुल 1.5 अंक ज्यादा बनाए ।

अब्दुसत्तारोव नें 9 राउंड के बाद 2873 रेटिंग के प्रदर्शन करते हुए अपनी रेटिंग में 15 अंक जोड़ते हुए लाइव रेटिंग में 2765 अंक हासिल करते हुए विश्व रैंकिंग में चौंथा स्थान हासिल कर लिया है और फिलहाल 19 वर्षीय यह खिलाड़ी अपने खेल जीवन की सर्वोच्च रैंकिंग पर है । अंतिम राउंड में भारत के प्रज्ञानन्दा नें चेक गणराज्य के डेविड नवारा से , डी गुकेश नें ईरान के परहम मघसूदलू से और विदित गुजराती नें और चेक गणराज्य के थाई डाइ वान से ड्रॉ खेला ।

अन्य खिलाड़ियों में भारत के डी गुकेश , चेक गणराज्य के डेविड नवारा और रोमानिया के रिचर्ड रापोर्ट नें 4.5 अंक , पोलैंड के मार्टेस बार्तेल और जर्मनी के विंसनेट केमर नें 3.5 अंक और भारत के विदित गुजराती नें 3 अंक बनाए ।



यूरोप लीग

## डार्विन के दो गोल से लिवरपूल ने स्पार्टा को 5-1 से रौंदा, अंतिम-16 में रोमा ने ब्राइटर को हराया

**लंदन, एजेंसी।** इंग्लिश प्रीमियर लीग में शीर्ष स्थान पर चल रहे लिवरपूल ने यूरोपा लीग में स्पार्टा पर 5-1 से धमाकेदार जीत दर्ज की। अंतिम-16 के प्रथम चरण के मुकाबले में इस जीत से लिवरपूल ने क्वार्टर फाइनल में प्रवेश की उम्मीदों को मजबूत कर लिया है। लिवरपूल के लिए उरुग्वे के स्ट्राइकर डार्विन नुनेज ने दो गोल किए।

नुनेज ने 25 मीटर की दूरी से जोरदार शॉट लगाते हुए गोल भेदा, जिसका गोलकीपर पीटर विंडहाल के पास कोई जवाब नहीं था। उनसे पहले एलेक्सिस मैकएलिस्टर पेनाल्टी पर गोलकर लिवरपूल को शुरुआती बढ़त दिलाई थी। नुनेज का यह गोल मैनेजर जुर्गेन क्लॉप के संरक्षण में क्लब का यह 1000वां गोल था।

क्लॉप इस सत्र के बाद लिवरपूल का साथ छोड़ रहे हैं। इससे पहले नुनेज ने ईपीएल में स्टापेज समय में गोल कर नाटिंघम फॉरेस्ट पर 1-0 से जीत दिलाई थी। नुनेज ने 25 और 45वें मिनट में, लुइस डियाज ने 53वें और डोमनिक ने स्टापेज समय में गोल किया। रोमा ने ब्राइटन पर 4-0 से जीत दर्ज की।



इंडिया वर्सेस इंग्लैंड

# जेम्स एंडरसन ने बनाया वर्ल्ड रिकॉर्ड

● **टेस्ट क्रिकेट में 700 विकेट लेने वाले बने पहले तेज गेंदबाज**

**धर्मशाला, एजेंसी।** इंग्लैंड के सबसे अनुभवी तेज गेंदबाज जेम्स एंडरसन ने भारत के खिलाफ धर्मशाला टेस्ट में कुलदीप यावद का विकेट लेकर इतिहास रच दिया है। कुलदीप यावद के रूप में उन्होंने अपने टेस्ट करियर का 700वां शिकार किया। इसी के साथ एंडरसन टेस्ट क्रिकेट में 700 विकेट का आंकड़ा छूने वाले दुनिया के पहले तेज गेंदबाज और कुल तीसरे खिलाड़ी बने हैं।

जी हां, एंडरसन से पहले श्रीलंका और ऑस्ट्रेलिया के लीजेंड मुथैया मुरलीधरन व शेन वॉर्न टेस्ट क्रिकेट में ये कमाल कर चुके हैं। एंडरसन को यह उपलब्धि हासिल करने में 187 मैच की 348 पारियां लगी। एंडरसन के नाम टेस्ट क्रिकेट में बतौर तेज गेंदबाज सबसे ज्यादा गेंदें डालने का भी वर्ल्ड रिकॉर्ड है।

वह अभी तक 21 साल लंबे टेस्ट करियर में लगभग 40 हजार गेंदें डाल चुके हैं। टेस्ट क्रिकेट में सबसे ज्यादा विकेट चटकाने वाले गेंदबाजों की करें तो श्रीलंका के मुथैया मुरलीधरन 800 विकेट के साथ इस सूचे के टॉप पर हैं। वहीं शेन वॉर्न 708 विकेट के साथ इस सूची में दूसरे पायदान पर हैं। अब जेम्स एंडरसन 700 विकेट के क्लब में शामिल होने वाले तीसरे गेंदबाज बने हैं। अब देखने वाली बात यह होगी कि एंडरसन इस सूची में दूसरे पायदान पर पहुंच पाते हैं या नहीं।

एंडरसन भारत दौरे पर 690 टेस्ट विकेट के साथ आए थे। हैदराबाद टेस्ट में उन्हें खेलने का मौका नहीं मिला, इंग्लैंड उस मैच में एकमात्र तेज गेंदबाज मार्क वुड के साथ उतरी थी। उस मैच में इंग्लिश टीम ने जीत दर्ज कर सीरीज का शानदार आगाज किया था। विशाखापट्टनम टेस्ट में एंडरसन को प्लेइंग इ्लेवन में मौका मिला, इस मैच में उन्हें कुल 5 विकेट मिली।

विशाखापट्टनम के बाद इंडिया वर्सेस इंग्लैंड सीरीज का कारवा राजकोट और रांची में पहुंचा जहां 41 साल के इस तेज गेंदबाज का परफॉर्मेंस थोड़ा फीका रहा। राजकोट में एंडरसन को 1 ही शिकार मिला, वहीं रांची में उन्होंने 2 विकेट चटकाए। अब धर्मशाला टेस्ट में उन्होंने शुभमन गिल और कुलदीप यावद का विकेट लेकर टेस्ट क्रिकेट में 700 विकेट पूरे किए। एंडरसन अपने टेस्ट करियर में 26.56 की औसत और 57.03 के स्ट्राइक रेट के साथ 32 5-विकेट हॉल ले चुके हैं।

### टेस्ट क्रिकेट में सबसे ज्यादा विकेट चटकाने वाले गेंदबाज

मुथैया मुरलीधरन- 800
शेन वॉर्न- 708
जेम्स एंडरसन- 700
अनिल कुंबले- 619
स्टुअर्ट ब्रॉड- 604



# दीप्ति ने बनाया वर्ल्ड रिकॉर्ड

**नईदिल्ली, एजेंसी।** यूपी वॉरियर्स की दीप्ति शर्मा ने वुमेंस प्रीमियर लीग 2024 में उस समय इतिहास रचा जब उन्होंने दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ मुकाबले में अर्धशतक जड़ने के साथ-साथ हैट्रिक भी ली। वह वुमेंस टी20 क्रिकेट के इतिहास में ऐसा कारनामा करने वाली पहली क्रिकेट बनीं है।

जी हां, उनसे पहले कोई भी महिला क्रिकेटर एक टी20 मुकाबले में अर्धशतक जड़ने के साथ-साथ हैट्रिक नहीं ले पाई थी। वहीं दीप्ति डब्ल्यूपीएल के इतिहास में भी हैट्रिक लेने वाली पहली भारतीय महिला क्रिकेटर बनीं हैं। यह डब्ल्यूपीएल की मात्र दूसरी हैट्रिक है। इस लीग की पहली हैट्रिक लेने का रिकॉर्ड इस्सी वोंग के नाम है।

बात दीप्ति शर्मा की हैट्रिक की करें तो 14वें ओवर की आखिरी गेंद पर उन्होंने सबसे पहले दिल्ली कैपिटल्स की कप्तान मेग लैनिंग (60) को पवेलियन की राह दिखाई। इसके बाद 19वें ओवर की पहली दो गेंदों पर उन्होंने सदरलैंड और अनुराधा रेड्डी का शिकार किया। इस तरह दीप्ति डब्ल्यूपीएल में हैट्रिक लेने वाली पहली भारतीय महिला बनीं। दीप्ति यहीं नहीं रुकी, उन्होंने 19वें ओवर की चौथी गेंद पर शिखा पांडे के रूप में चौथा शिकार किया। दीप्ति ने इस मैच में 4 ओवर के कोटे में 19 रन खर्च कर 4 विकेट चटकाए।

इससे पहले दीप्ति ने बल्ले से कमाल दिखाया था। उनकी 59 रनों की पारी के दम पर यूपी की टीम पहले बल्लेबाजी करते हुए 138 रन बोर्ड पर लगाने में कामयाब रही थी। इस स्कोर का पीछा करते हुए दिल्ली की टीम 19.5 ओवर में 137 ही रन बना पाई। यूपी इसी के साथ डब्ल्यूपीएल के इतिहास का सबसे छोटा स्कोर डिफेंड करने में कामयाब रही। 1 रन की इस जीत के साथ यूपी ने प्लेऑफ में पहुंचने की अपनी उम्मीदों को बरकरार रखा है। टीम 6 पॉइंट्स के साथ टेबल में चौथे पायदान पर है।

# भारत ने धर्मशाला टेस्ट में इंग्लैंड की उड़ाई धज्जियां, सीरीज को 4-1 से किया अपने नाम

**धर्मशाला, एजेंसी।** भारतीय टीम ने इंग्लैंड के खिलाफ खेली जा रही 5 मैचों की टेस्ट सीरीज के आखिरी मुकाबले को पारी और 64 रनों के अंतर से अपने नाम करने के साथ सीरीज को भी 4-1 से जीतने में सफलता हासिल की। इस मुकाबले की पहली पारी में इंग्लैंड की टीम सिर्फ 218 रनों के स्कोर पर सिमट गई थी, इसके बाद टीम इंडिया की तरफ से शानदार बल्लेबाजी प्रदर्शन देखने को मिला जिसमें कप्तान रोहित शर्मा और शुभमन गिल शतकीय पारी खेलने में कामयाब रहे। भारतीय टीम ने अपनी पहली



पारी में 477 रनों का स्कोर बनाने में कामयाब रही और उसे पहली पारी के आधार पर 259 रनों की बड़ी बढ़त हासिल हुई। वहीं इंग्लैंड अपनी दूसरी पारी में सिर्फ 195 रन बनाकर सिमट गई और उसे इस शर्मनाक हार का सामना करना पड़ा।

### 112 साल बाद भारत टेस्ट में ऐसा करने वाली बनी पहली टीम

इस टेस्ट सीरीज के पहले मुकाबले में टीम इंडिया को हार का सामना करना पड़ा था। इसके बाद भारतीय टीम ने सीरीज में शानदार तरीके से वापसी करने के साथ उसे 4-1 से अपने नाम किया। वहीं टेस्ट क्रिकेट के इतिहास में 112 साल बाद ऐसा पहली बार हुआ है जब 5 मैचों की सीरीज में कोई टीम पहला मुकाबला हारने के बाद सीरीज को 4-1 से अपने नाम करने में कामयाब रही। इससे पहले ये कारनामा साल 1911-12 में इंग्लैंड ने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ टेस्ट सीरीज में किया था।

### 100वें टेस्ट में अश्विन ने दिखाया गेंद से कमाल



इंग्लैंड की टीम जब धर्मशाला टेस्ट मैच के तीसरे दिन अपनी दूसरी पारी में बल्लेबाजी करने उतरी तो टीम इंडिया के स्टार ऑफ स्पिनर और अपने टेस्ट करियर का 100वां मुकाबला खेल रहे रविचंद्रन अश्विन की गेंदों के आगे वह घुटने टेकते हुए दिखाई दिए।

अश्विन ने 21 के स्कोर तक इंग्लैंड के दोनों ओपनिंग बल्लेबाज जैक क्राउली और बेन डकेट को पवेलियन का रास्ता दिखा दिया था। इसके बाद उन्होंने ओली पोप, बेन स्टोक्स और बेन फॉक्स को अपना शिकार बनाने के साथ 5 विकेट हॉल भी पूरा किया। इंग्लैंड की टीम से सिर्फ जो रूट ही अधिक समय पिच पर बिता सके जिसमें उनके बल्ले से दूसरी पारी में 84 रन देखने को मिले। इंग्लैंड की टीम अपनी दूसरी पारी में सिर्फ 195 रनों के स्कोर पर सिमट गई। वहीं भारत की तरफ से इस पारी में अश्विन ने जहां 5 विकेट अपने नाम किए तो जसप्रीत बुमराह और कुलदीप यादव ने 2-2 विकेट जबकि रवींद्र जडेजा भी 1 विकेट लेने में कामयाब रहे।



## समय आ गया है कि अय्यर और किशन सच्चाई बताएं, रोबिन उथप्पा का बड़ा बयान

**नईदिल्ली, एजेंसी।** बीसीसीआई ने 2023-24 के लिए सेंट्रल कॉन्ट्रैक्ट जारी किया था तो उस समय से लेकर अब तक ये चर्चाओं का विषय बना हुआ है, क्योंकि विकेटकीपर ईशान किशन और बल्लेबाज श्रेयस अय्यर को इसमें शामिल नहीं किया गया।

ऐसा इसलिए हुआ, क्योंकि इन दोनों खिलाड़ियों ने रणजी ट्रॉफी से दूरी बनाई थी। हालांकि, श्रेयस अय्यर ने बाद में रणजी ट्रॉफी के सेमीफाइनल के लिए खुद को उपलब्ध बताया था, लेकिन वे क्वॉर्टर फाइनल में नहीं खेले थे। वहीं, ईशान किशन ने अपने संघ को ये तक नहीं बताया कि वे सेलेक्शन के लिए उपलब्ध हैं या नहीं।

इस पर अब पूर्व क्रिकेटर रोबिन उथप्पा का बयान सामने आया है। उनका कहना है कि जो सच्चाई है, वह श्रेयस अय्यर और ईशान किशन ही बता सकते हैं। रोबिन उथप्पा ने बात करते हुए कहा, मुझे लगता है कि हम एक व्यक्ति के रूप में और शायद आज, मैं खुद भी इन्हीं सवालों का जवाब चाहता हूं। मैं भी उत्तर जानना चाहता हूं। मुझे यह भी जानकर अच्छा लगेगा कि सच्चाई क्या है। इसमें ये दो खिलाड़ी भी स्टेकहोल्डर (हितधारक) हैं और इनको भी सच्चाई पता है। इसमें हितधारक स्वयं खिलाड़ी हैं और वे इससे जुड़े हुए हैं।

मुझे लगता है कि जब तक हम विशेष रूप से इन खिलाड़ियों से या विशेष रूप से चयनकर्ताओं से नहीं सुन लेते तब तक हम इस सब के बारे में केवल अटकलें ही लगाते रहेंगे। उन्होंने आगे कहा, मुझे लगता है कि हम सब जितना चाहें उतना अनुमान लगा सकते हैं, लेकिन मेरे लिए, मैं तब तक के लिए इस पर कुछ नहीं बोलना चाहूंगा, जब तक कि मैं वास्तव में निश्चित रूप से यह नहीं जान लेता कि क्या हुआ था और क्यों हुआ था। उथप्पा ने ये भी कहा है कि रणजी ट्रॉफी का स्तर गिर गया है। हालांकि, इंटरनेशनल प्लेयर ही चैलेंजिंग बना सकते हैं।

उन्होंने कहा, अगर मैं इसे बड़े परिप्रेक्ष्य से देखूं तो घरेलू क्रिकेट खेला जाना चाहिए, लेकिन मेरा यह भी मानना है कि घरेलू क्रिकेट चुनौतीपूर्ण होना चाहिए।

## हैमिल्टन मसाकाद्ज़ा ने जिम्बाब्वे क्रिकेट डायरेक्टर का पद छोड़ा



**हरारे, एजेंसी।** पूर्व क्रिकेटर हैमिल्टन मसाकाद्ज़ा ने जिम्बाब्वे क्रिकेट के डायरेक्टर का पद छोड़ दिया है। उनकी टीम 2024 के टी-20 वर्ल्ड कप के लिए क्वालिफाई नहीं कर सकी, इसीलिए मसाकाद्ज़ा ने यह फैसला लिया। 3 महीने पहले टीम के कोच डैव हटन ने भी अपना पद छोड़ दिया था। मसाकाद्ज़ा ने 2019 में क्रिकेट से रिटायरमेंट लिया था। उन्हें फिर इसी साल अक्टूबर में डायरेक्टर का पद सौंप दिया गया।

### युगांडा से हारना निराशाजनक

मसाकाद्ज़ा ने अपने रेजिग्नेशन लेटर में लिखा, मैंने जिम्बाब्वे क्रिकेट की सक्सेस और असफलता को देखने के बाद बहुत ध्यान से पद छोड़ने का फैसला किया। मेरे करियर में टीम को सफलता मिली लेकिन टी-20 वर्ल्ड कप के लिए क्वालिफाई नहीं कर पाना निराशाजनक है।

हम एकमात्र फुल मेंबर टीम है, जो टी-20 वर्ल्ड कप में हिस्सा नहीं लेगी। युगांडा के खिलाफ हारना टीम और मेरे करियर का सबसे खराब फेज है। मैं इस बात की पूरी जिम्मेदारी लेकर अपने पद को छोड़ता हूं। युगांडा ने जिम्बाब्वे को अफ्रीकन क्वालिफायर में हराकर टी-20 वर्ल्ड कप के लिए क्वालिफाई किया।

### 2 साल बाद अंडर-19 वर्ल्ड कप होस्ट करेगा जिम्बाब्वे

मसाकाद्ज़ा ने कहा, मेरे लिए यह फैसला लेना मुश्किल था लेकिन मैं अब भी जिम्बाब्वे क्रिकेट से जुड़ा रहूंगा। 2026 में होने वाले अंडर-19 वर्ल्ड कप और 2027 के वनडे वर्ल्ड कप की मेजबानी पर अब भी मेरा फोकस रहेगा। 2027 का वनडे वर्ल्ड कप जिम्बाब्वे, नामीबिया और साउथ अफ्रीका की मेजबानी में आयोजित होगा। जबकि 2026 का अंडर-19 वर्ल्ड कप जिम्बाब्वे और नामीबिया की मेजबानी में खेला जाएगा। 2022 में जिम्बाब्वे ने पाकिस्तान को टी-20 वर्ल्ड कप के ग्रुप स्टेज मुकाबले में हराया था।

## महिला खिलाड़ियों की आत्मसुरक्षा पर आयोजित होंगी वर्कशॉप

**नई दिल्ली, एजेंसी।** केंद्रीय खेल सचिव सुजाता चतुर्वेदी की अगुवाई में देश के भर के



साई के क्षेत्रीय केंद्रों और 23 राष्ट्रीय उत्कृष्टता केंद्रों (एनसीओई) में महिला दिवस मनाया गया। खेल सचिव इस दौरान सभी केंद्रों में मौजूद महिला खिलाड़ियों से वर्चुअली जुड़ीं। उन्होंने कहा कि सभी क्षेत्रीय केंद्रों और उत्कृष्टता केंद्रों में महिला खिलाड़ियों की सुरक्षा प्रमुखता होनी चाहिए। इसके लिए सभी केंद्र अपने स्तर आत्मसुरक्षा वर्कशॉप आयोजित कराएं। यही नहीं महिला खिलाड़ियों का मानसिक स्वास्थ्य भी बेहद जरूरी है। इसके लिए सभी केंद्र महिलाओं के मानसिक स्वास्थ्य पर भी काम करें। इस दौरान साई के सभी केंद्रों की महिला खिलाड़ियों ने खेल गतिविधियों का भी आयोजन किया।

फ्रेंच ओपन बैडमिंटन

## सात्विक-चिराग की जोड़ी सेमीफाइनल में पहुंची

**पेरिस, एजेंसी।** सात्विक-चिराग ने थाईलैंड के सुपाक जोमकोह और कित्तनुपांग केदरेन को 21-19, 21-13 से पराजित किया। सेमीफाइनल में उनका मुकाबला तीसरी वरीय कोरियाई जोड़ी कांग मिन हयूक सियो सियूंग जेई से होगा। शीर्ष वरीय भारतीय जोड़ी सात्विक साईराज रैंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी ने फ्रेंच ओपन सुपर 750 बैडमिंटन टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में प्रवेश कर लिया। हालांकि चार माह बाद वापसी कर रहीं पीवी सिंधू को एक घंटे 32 मिनट के संघर्ष के बाद टोक्यो ओलंपिक विजेता चीन की चेन यू फेई के हाथों हारना पड़ा। सात्विक-चिराग ने थाईलैंड के सुपाक जोमकोह और कित्तनुपांग



केदरेन को 21-19, 21-13 से पराजित किया। सेमीफाइनल में उनका मुकाबला तीसरी वरीय कोरियाई जोड़ी कांग मिन हयूक सियो सियूंग जेई से होगा। सात्विक-चिराग की शुरुआत बेहद खराब रही और दोनों 1-6 से पिछड़ गए। पहले गेम के मध्यांतर के समय उन्होंने स्कोर 8-11 कर दिया। इसके बाद जल्द ही दोनों ने 12-12 की बराबरी हासिल करते हुए अपना दबदबा बना लिया। अंत में 21-19 से उन्होंने गेम अपने नाम किया।

### तीन गेमों में सिंधू को मिली हार

दूसरी वरीय चेन यू फेई के हाथों सिंधू को 24-22, 17-21, 18-21 से हार मिली। दिग्गज प्रकाश पादुकोण बतौर कोच सिंधू के साथ इस टूर्नामेंट में कोर्ट पर बैठे हैं।

मिचेल ली और बेईवान झांग के खिलाफ भी प्रकाश की सलाह सिंधू के काम आई थी। यहां भी मुकाबला पहले दो मैचों की तरह संघर्षपूर्ण था, लेकिन चेन यू फेई सिंधू पर भारी पड़ीं।

## एक नजर

### 23.4 लीटर अंग्रेजी शराब हुआ जब्त

**औरंगाबाद) (का.सं.)।** औरंगाबाद के सिमरा थाना द्वारा विशेष छापामारी के तहत गड़वा सिमरा के पास से 01 मोटरसाइकिल पर लदे बोरी में बंद कुल-23.400 लीटर अंग्रेजी शराब जप्त किया गया। संदर्भ मे कांड दर्ज कर अग्रतर कार्रवाई की जा रही है।

### पिकअप से शराब बरामद

**नवीनगर (औरंगाबाद) (का. सं.)।** नवीनगर थाना क्षेत्र अंतर्गत घिरीसिंडी पुल के पास 01 पिकअप जिस पर भूसा से छुपा कर रखा हुआ कुल -164.16 लीटर अंग्रेजी शराब बरामद किया गया। नवीनगर थाना कांड संख्या-77/24 दर्ज कर अग्रतर कार्रवाई की जा रही है।

### अधिकारियों को गाली देना पूर्व मुखिया पर दर्ज हुआ एफआईआर

**कुटुम्बा (औरंगाबाद) (नि.सं.)।** कुटुम्बा प्रखंड के परता पंचायत के पूर्व मुखिया डा. मिथिलेश तिवारी का अधिकारियों एवं कर्मचारी को गाली देना भारी पड़ गया है ,उनका गाली गलौज करते एक आडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हुआ है। परता पंचायत के राजस्व कर्मचारी को मोबाइल पर जान मारने की धमकी देते हुए रिश्वत मांगने का आरोप लगा रहे हैं। आडियो में बीडीओ, सीओ को मारने पीटने की बात कर्मचारी के मोबाइल पर कर रहे हैं।

### विदेशी शराब समेत गाड़ी हुआ बरामद

**नवीनगर (औरंगाबाद) (नि.सं.)।** नवीनगर थाना क्षेत्र के मझियावां घिरसिंडी गांव के पुल के समीप से गुप्त सूचना के आधार पर छापेमारी के दौरान पिएसआई जितेन्द्र कुमार एवं सशस्त्र बल के द्वारा टाटा मैजिक वाहन के धान के भूसी भरे बोरा के अंदर छिपा कर रखे गए 19 कार्टून से झारखंड निर्मित 180 एमएल के 912 बोतल रॉयल ब्लू माल्ट व्हिस्की विदेशी बरामद किया गया है थानाध्यक्ष मनोज कुमार पांडेय ने बताया कि पुलिस को देख शराब धंधेबाज वाहन और विदेशी शराब छोड़कर भागने में सफल रहा वाहन और विदेशी शराब को जप्त कर थाना लाया गया है।

### समाजसेवी रामसुरेश सिंह की मनी पूण्यतिथि

**नवीनगर (औरंगाबाद) (नि. सं.)।** नवीनगर बिलासपुर गांव निवासी सामाजिक कार्यकर्ता स्व राम सुरेश सिंह की पूण्यतिथि पर निर्गुण भक्ति गीत का आयोजन किया गया कार्यक्रम की शुरुआत दीप जला पूजा अर्चना एवं रामसुरेश सिंह के तैल चित्र पर पुष्प अर्पित कर किया गया कांग्रेस नेता श्याम बिहारी सिंह सेवानिवृत्त प्रधानाध्यापक अवधेश प्रसाद सिंह मिथलेश सिंह पूर्व प्रमुख संजीव सिंह रामदहिन सिंह दुर्गा प्रसाद दरगाही समेत कई अन्य गणमान्य लोगों ने पूष्प अर्पित कर उनके द्वारा किये गये कार्यों की सराहना किया इसके साथ ही गायक कलाकार आयुष उपाध्याय मोहित तिवारी ने अपनी टीम के साथ भजन गीत से भाव विभोर कर दिया।

# जिंदगी की जंग हार गया सड़क दुर्घटना में घायल छात्र मनीष, वाराणसी के ट्रामा सेंटर में ली अंतिम सांस

कार्यालय संवाददाता



**औरंगाबाद।** पटना विश्वविद्यालय स्नाकोत्तर अंतिम वर्ष का छात्र मनीष कुमार उर्फ बादल औरंगाबाद जिले के मुफस्सिल थाने के भलुहारा निवासी सिकंदर यादव का 22 वर्षीय पुत्र था जो पटना में रहकर यूपीएससी की तैयारी के साथ भूगोल से स्नाकोत्तर कर रहा था जो 6 मार्च को अपनी मौसी के घर शादी समारोह में शामिल होने रफीगंज के अकौनी गांव में आया था।

जहां शादी की रस्म दरवाजा लगाने का कार्यक्रम चल रहा था इस बीच एक मित्र रफीगंज रेलवे स्टेशन पर बुलाया मनीष अपने मित्र को रिसीव करने अपाचे गाड़ी से रेलवे स्टेशन जाने के क्रम में किया खाग गांव के पास अज्ञात वाहन के टक्कर से सड़क के किनारे रखा हुए ट्रैक्टर के पर गिर पड़ा जिससे गंभीर रूप से घायल हो गया।

घटनास्थल से ग्रामीणों ने घर वालों को खबर कर एंबुलेंस के द्वारा सदर अस्पताल इलाज भेजा। सदर अस्पताल में इलाज की सूचना पर राजद जिला प्रवक्ता डॉ रमेश यादव राजद प्रदेश उपाध्यक्ष उदय उज्वल जिला पार्षद अनिल यादव राजद जिला उपाध्यक्ष संजय यादव विकास कुमार पैक्स अध्यक्ष राजीव कुमार सिंह सुशील कुमार पहुंचे और इलाज में सहयोग किया। सदर अस्पताल के चिकित्सक ने प्राथमिक उपचार कर गंभीर स्थिति को देखकर नारायण मेडिकल कॉलेज जमुहार रेफर कर दिया। जमुहार से भी ट्रामा सेंटर वाराणसी में रेफर किया गया जहां 9 मार्च को सुबह करीब 4:00 बजे जीवन का जंग मनीष हार गया।

मनीष के घायल होने की सूचना पर पटना विश्वविद्यालय के सैकड़ों की संख्या में छात्र वाराणसी के ट्रामा सेंटर पर पहुंचे और उनके पैतृक गांव से भी कई लोग वाराणसी पहुंचकर उनके हाल-चाल जानने की कोशिश की। यहां तक की पटना विश्वविद्यालय के छात्र स्वस्थ होने के लिए हवन भी कर रहे थे लेकिन प्रकृति को यह मंजूर नहीं हुआ सिकंदर कुमार एक छोटा किसान होकर बहुत आशा और उम्मीद के साथ अपने बच्चों की अच्छी पारिवारिक की और उन्हें उम्मीद था कि कि मनीष आगे पदाधिकारी बनकर हमारा मान सम्मान बढ़ाएगा परिवार का भरण पोषण करेगा।

परिजन एवं साथियों का रो-रो कर बुरा हाल है ट्रामा सेंटर में निधन के बाद वाराणसी में पोस्टमार्टम की क्रिया उपरांत शव को परिजनों को सौंप दिया गया। परिजन एवं छात्र साथी सभी मिलकर उनके गांव में अंतिम संस्कार करेंगे राष्ट्रीय जनता दल इस घटना के लिए गहरी शोक संवेदना प्रकट करती है और पीड़ित परिवार के साथ दुख की घड़ी में खड़ी है खड़ी रहेगी।

## तीन भाभियों ने मिलकर अपनी ही ननंद को पीट-पीट कर किया अधमरा



निज संवाददाता

**देव (औरंगाबाद)।** तीन भाभियों ने मिलकर अपनी ही ननंद को पीट-पीट कर अधमरा कर दिया। मारपीट में घायल ननद का इलाज औरंगाबाद सदर अस्पताल में भर्ती कर जारी है। घटना देव थाना क्षेत्र के चरईया गांव की है। मारपीट में घायल हुई युवती हेमंती देवी उक्त गांव की रहने वाली है। जानकारी के अनुसार हेमंती शादीशुदा है। लेकिन पति से तलाक हो जाने के कारण पिछले कुछ दिनों से वह अपने मायके में ही भाइयों के साथ रह रही थी।उसके भाई उसकी दूसरी शादी के लिए रिश्ता देख रहे थे। जो उसकी भाभियों को नागवार गुजर रहा था।उनका कहना था कि उसकी शादी में काफी रुपए खर्च होंगे। जिसके कारण उनके पति पर बोझ बढ़ेगा। इसी बात को लेकर उक्त तीनों ने लाठी डंडे से अपनी ननद का पिटाई कर दिया। परिजन तथा गांव वालों के द्वारा उसे इलाज के लिए सदर अस्पताल ले जाया गया।जहां ड्यूटी में तैनात चिकित्सकों ने भर्ती कर उसका इलाज किया। मारपीट में घायल युवती ने अपनी भाभी सोनी देवी, अंकिता देवी व चचेरी भौजाई रिंकू देवी पर मारपीट करने का आरोप लगाई है। सदर अस्पताल पहुंचे मारपीट में घायल युवती के परिजनों ने बताया कि मारपीट करने वाली तीनों महिलाओं के पति हरियाणा के निजी फैक्ट्री में कार्यरत हैं।

## सोशल मीडिया पर आपत्तिजनक तस्वीर वायरल करने वाला आरोपित धराया



कार्यालय संवाददाता

**औरंगाबाद।** सोशल मीडिया पर एक महिला का आपत्तिजनक फोटो वायरल करने वाले आरोपित को साइबर पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। आरोपित मामले में लंबे समय से फरार चल रहा था। गिरफ्तार आरोपित की पहचान मदनपुर प्रखंड के ईशापुर गांव का रहने वाला है। वहीं उसके पास से एक फोन व दो सिमकार्ड बरामद किया गया है। प्रेस वार्ता के दौरान साइबर थानाध्यक्ष सह डीएसपी डॉ अनु कुमारी ने बताया कि महिला का आपत्तिजनक तस्वीर वायरल करने वाले एक आरोपित को गिरफ्तार किया गया है, जो महिला का चचेरा देवर है। वैसे महिला ज़िला मुख्यालय में ही रहती है। पूर्व में भी उक्त युवक द्वारा महिला का आपत्तिजनक फ़ोटो सोशल मीडिया पर वायरल किया गया था। हालांकि उस दौरान महिला द्वारा आग्रह किये जाने पर युवक ने फ़ोटो को डिलीट कर दिया था, लेकिन कुछ दिन बाद पुनः युवक महिला का आपत्तिजनक फोटो सोशल मीडिया पर वायरल करने लगा। लोगों द्वारा समझाने बुझाने के बाद भी वह नही माना। इसके बाद महिला ने सात फरवरी को उक्त युवक के खिलाफ साइबर थाना में प्राथमिकी दर्ज कराई। मामले में साइबर थाना की पुलिस ने मामला दर्ज की जिसमें डीएसपी के नेतृत्व में एक टीम गठित की गयी। गिरफ्तारी के भय से युवक फरार चल रहा था। पता चला कि उक्त महिला के घर पर शादी समारोह की तैयारी चल रही थी। उस समय आरोपित युवक के घर पर होने की सूचना मिली। सूचना पर साइबर थाना की पुलिस ने आरोपित युवक को घर से गिरफ्तार किया। आरोपित ने अपनी अपराध को स्वीकारा किया है। पुलिस मामले में अग्रतर कार्रवाई करते हुए युवक को जेल भेज दिया। इस टीम में एसआई अशोक कुमार, मानसी भारती, घनश्याम दुबे, अजित कुमार, डीआईयू व साइबर थाना की टेक्निकल टीम शामिल थी।

# युवक ने नाबालिग के साथ किया दुष्कर्म, फिर गला दबाकर की हत्या


निज संवाददाता

**ओबरा (औरंगाबाद)।** औरंगाबाद जिले के ओबरा थाना क्षेत्र के एक गांव से सनसनीखेज मामला सामने आया है जहां पड़ोस में रहनेवाले 20 वर्षीय हवस के एक दरिंदे ने घर में अकेली रही नाबालिग के साथ दुष्कर्म की घटना को अंजाम दिया और फिर गला दबा हत्या कर डाली। घटना को अंजाम देने के बाद वह फरार हो गया। घटना की सूचना मिलते ही ओबरा थाना की पुलिस गांव पहुंची तथा शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए औरंगाबाद सदर अस्पताल भेज दिया। वही पुलिस गिरफ्तारी के लिए लगातार आरोपी के घर छापेमारी कर रही है।

बताया जाता है कि मृतिका की मां एक शादी समारोह में शामिल होने रोहतास जिले के गोठानी मठिया गांव गई हुई थी और पिता की मौत वर्षों पहले हो गई थी। एक भाई जिसकी उम्र 14 वर्ष जो ट्यूशन पढ़ाने गया हुआ था। घर में नाबालिग को अकेली पाकर आरोपी मौके का फायदा उठाकर घर में जा घुसा और उसके साथ बलात्कार किया और गला दबा हत्या को अंजाम दे डाला। तभी नाबालिग का छोटा भाई घर लौटा तो देखा कि बहन के गले में दुपट्टा बांधा हुआ है और वह लेटी हुई है। उसने जोर जोर से आवाज लगाई मगर बहन नहीं जगी। इसी क्रम में देखा कि एक युवक दौड़ते हुए भाग रहा है जिसे पकड़ने का भी प्रयास किया मगर वो भाग निकला। उसने शोर मचाकर घटना की जानकारी अन्य लोगों को दिया। इस बारे में जब ओबरा थानाध्यक्ष अजय कुमार से बात की गई तो उन्होंने बताया कि मृतका की मां के आवेदन पर थाना में बलात्कार, हत्या तथा पॉक्सो एक्ट के तहत प्राथमिकी दर्ज की गई है। घटनास्थल से हत्या में उपयोग किया गया दुपट्टा तथा आरोपी का चप्पल बरामद किया गया है। थानाध्यक्ष ने बताया कि मृतका के गले के पास निशान पाए गए हैं। पुलिस पूरे मामले की जांच कर रही है। उन्होंने बताया कि आरोपी को किसी भी हाल में बख्शा नहीं जाएगा।

# राष्ट्रीय लोक अदालत में हुआ रिकॉर्ड मामलों का निष्पादन

कार्यालय संवाददाता



**औरंगाबाद।** जिला विधिक सेवा प्राधिकार, औरंगाबाद के तत्वावधान में शनिवार को राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन व्यवहार न्यायालय, औरंगाबाद में तथा अनुमण्डलीय व्यवहार न्यायालय, दाउदनगर में किया गया। इस राष्ट्रीय लोक का मुख्य उद्घाटन समारोह जिला विधिक सेवा प्राधिकार, औरंगाबाद के सभागार में जिला एवं सत्र न्यायाधीश तथा प्राधिकार के अध्यक्ष अशोक राज, जिला पदाधिकारी श्रीकान्त शास्त्री, पुलिस अधीक्षक स्वप्ना मेश्राम, जिला विधिक सेवा प्राधिकार के सचिव, सुकुल राम, जिला विधि संघ के अध्यक्ष विजय कुमार पाण्डेय, अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष संजय कुमार सिंह के द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्जवलित कर विधिवत उद्घाटन किया गया। इस उद्घाटन समारोह में लोक अभियोजक शपुष्कर अग्रवाल, सहित काफी संख्या में न्यायिक पदाधिकारीगण, अधिवक्तागण बैंक, बीमा के पदाधिकारीगण अन्य विभागों के पदाधिकारीगण तथा बहुत संख्या में वादकारीगण उपस्थित रहें। पूरे कार्यक्रम का संचालन निधि जायसवाल न्यायिक दण्डाधिकारी,प प्रथम श्रेणी द्वारा किया गया। कार्यक्रम में आगंतुकों का स्वागत अभिभाषण जिला विधिक सेवा प्राधिकार के सचिव सुकुल राम द्वारा किया गया तथा राष्ट्रीय लोक अदालत के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा गया कि जितने भी वादकारीगण यहां आये हैं आप सभी के सहयोग से ही राष्ट्रीय लोक अदालत एक मुकम्मल स्थान को पायेगा उन्होंने इस अवसर पर राष्ट्रीय लोक अदालत के हर गतिविधि को जन-जन तक पहुचाने में मीडिया की भूमिका की सराहना करते हुए कहा कि आपके माध्यम से आज भी लोग राष्ट्रीय लोक अदालत में उपस्थित होते हैं तो उन्हें इसका उचित लाभ प्राप्त होगा। राष्ट्रीय लोक अदालत के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा गया कि अगर किसी का वाद राष्ट्रीय लोक अदालत के माध्यम से निस्तारित होता है तो इसका लाभ सिर्फ वादकारीगण को ही नहीं होता है बल्कि जिला प्रशासन और पुलिस प्रशासन सहित न्यायालय पर भी मुकादमों का बोझ कम होता है और यह कई तरह के विधि व्यवस्था को कायम रखने में सहायक होता है, साथ ही जिनका वाद समाप्त होता है दोनों पक्षों के बीच पूर्व से उत्पन्न तनाव खत्म हो जाता है। राष्ट्रीय लोक अदालत में सहयोग के लिए जिला पदाधिकारी और पुलिस अधीक्षक के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा गया कि पुलिस प्रशासन के सहयोग से काफी संख्या में नोटिस को ससमय तामिला कराने की कार्रवाई की गयी है जो इस जिला के लिए अपने आप में रिकार्ड है। इस अवसर पर इनके द्वारा उम्मीद जतायी गयी कि पिछले राष्ट्रीय लोक अदालत से ज्यादा इस बार राष्ट्रीय लोक अदालत का निस्तारण होगा। अपने दूसरे संबोधन में जिला अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष संजय कुमार सिंह द्वारा कहा गया कि आज का दिन सौहाद्र को बढ़ाने वाला दिन है और इस अवसर का ज्यादा से ज्यादा लोग लाभ उठायें।

## जम्होर के विभिन्न शिवालयों में महाशिवरात्रि पर श्रद्धालुओं की भीड़

निज संवाददाता

**जम्होर (औरंगाबाद)।** महाशिवरात्रि पूजा के मौके पर ग्राम जम्होर के विभिन्न शिवालयों में सुबह से ही श्रद्धालु भक्तों की लंबी कतार लगी रही।विष्णु धाम परिसर में अवस्थित शिवालय में महंत बालकानंद ब्रह्मचारी के नेतृत्व में षोडशोपचार विधि से पूजा पाठ की गई।जीवनबाग के शिव मंदिर,पुनपुन रोड राधा कृष्ण परिसर का शिव मंदिर,गया साहू जी द्वारा स्थापित शिव मंदिर,ललन बाबू का शिव मंदिर,लक्ष्मी सेठ का शिव मंदिर,मुख्य बाजार अवस्थित झूलन साहू का शिव मंदिर, हरिवंश पांडेय के पास अवस्थित शिव मंदिर,संत मरियम मिशन स्कूल के पास का शिवालय,कृष्णा मेहता के पास शिवालय, सिद्धनाथ बाबा के परिसर का शिव मंदिर,अनुग्रह नारायण रोड अवस्थित ठाकुरवाड़ी मंदिर परिसर का शिवालय, गायत्री मंदिर में स्थापित शिवालय,कजरू बाबा द्वारा स्थापित शिवालय,नथुनी बाबा के हनुमान मंदिर परिसर का शिवालय में विशेष पूजा अर्चना की गई। जम्होर विकास मंच के संयोजक सुरेश विद्यार्थी ने सभी मंदिरों का अवलोकन किया एवं बताया कि ग्राम जम्होर में विष्णु धाम से लेकर बाजार तक 51 मंदिरों की श्रृंखला है जिसमें एक दर्जन से अधिक शिव मंदिर स्थापित है।यह भी बताया कि महाशिवरात्रि के मौके पर भगवान शिव का पृथ्वी पर जितने भी शिवलिंग विराजमान हैं उन सबमें साक्षात वास हो जाता है महाशिवरात्रि पर की गई पूजा अर्चना विशेष फलदाई होती है।

## सिन्हा कॉलज में विभिन्न प्रकार के खेलों का हुआ आयोजन

कार्यालय संवाददाता



**औरंगाबाद।** शहर के सच्चिदानंद सिन्हा महाविद्यालय में विभिन्न प्रकार के खेलों का आयोजन हुआ जिसमें कबड्डी, कुश्ती, वॉलीबॉल और बैडमिंटन के साथ-साथ अन्य खेल शामिल है। कार्यक्रम में महिला एवं पुरुष दो वर्ग निर्धारित किए गए थे जिसमें सैकड़ो छात्र-छात्राओं ने भाग लिया। इस तरह से महाविद्यालय में नए उत्सव का शुभारंभ हो गया है जो 13 मार्च 2024 तक चलेगा। आपको बताते चलें कि तीन दिवसीय कार्यक्रम से एक दिन पूर्व केंद्रीय संचार ब्यूरो, गया द्वारा एक कार्यक्रम का आयोजन किया जाता है जिसके अंतर्गत आज यह कार्यक्रम आयोजित हुआ। विदित हो कि सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय भारत सरकार के केंद्रीय संचार ब्यूरो गया के द्वारा सच्चिदानंद सिन्हा कॉलेज में तीन दिवसीय कार्यक्रम का आयोजन होने जा रहा है जो 11, 12 एवं 13 मार्च को महाविद्यालय के छात्र-छात्राओं के साथ-साथ आकाशवाणी से आने वाले कलाकारों के द्वारा कार्यक्रम प्रस्तुत होंगे। तीन दिनों में विभिन्न प्रकार के कार्यक्रम जैसे खेल कूद, रंगोली, पेंटिंग, मेहंदी, कवि सम्मेलन, काव्य गोष्ठी, सेमिनार, वेबीनार आयोजित होंगे। इसमें भाग लेने वाले सभी प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र दिए जाएंगे और उन्हें अपने कला को निखारने का अवसर प्राप्त होगा। केंद्रीय संचार ब्यूरो गया से आए हुए इकबाल साहब एवं उनके सहयोगी दीपक कुमार जी ने बताया कि यह कार्यक्रम बहुत ही महत्वपूर्ण कार्यक्रम है और इस कार्यक्रम से बच्चों को बहुत कुछ सीखने का अवसर प्राप्त होगा। इसमें बहुत से तरह के कार्यक्रम चलते हैं जिसमें एक दिवस, दो दिवसीय, तीन दिवसीय एवं पांच दिवसीय। अभी हमलोग तीन दिवसीय कार्यक्रम का आयोजन करते हैं भविष्य में इस तरह के कार्यक्रम आयोजित होते रहेंगे। यह कॉलेज सच्चिदानंद सिन्हा कॉलेज सूबे का सर्वश्रेष्ठ कॉलेज है इसमें विभिन्न प्रकार के कार्यक्रम आयोजित होंगे। इस कार्यक्रम में कार्यक्रम समन्वय बहादुर भीम कुमार सिंह, कल्चरल समन्वयक नीतू सिंह, पीटीआई डॉक्टर जोगेंद्र कुमार सिंह, राजीव रंजन सिंह, अमित कुमार सिंह, प्रवीण दुबे, मनजीत कुमार, मीडिया प्रभारी शशिकांत कुमार, विकास कुमार इत्यादि शामिल हुए।

## महाशिवरात्रि पर देवकुंड में गाजे-बाजे के साथ निकाली गई भोलेनाथ की बारात



निज संवाददाता

**गोह (औरंगाबाद)।** प्रखंड के देवकुण्ड में महाशिवरात्रि पर बाबा भोलेनाथ की गाजे बाजे के साथ बारात निकाली गई। यह बारात मठाधीश कन्हैयानंद पुरी के नेतृत्व में बेहद आकर्षक भगवान भोलेनाथ की बारात निकाली गई। जिसमें भूत, प्रेत व पिशाच का रूप धारण कर लोग बाराती के रूप में शामिल हुए। महाशिवरात्रि पर निकाली गई शिव बारात का दर्शन करने के लिए जनसैलाब उमड़ पड़ा। जिन-जिन रास्तों से होकर बारात गुजरी, उन रास्तों के दोनों ओर भक्त खड़े होकर स्वागत करते रहे। मठ परिसर से निकली बारात में आगे-आगे सुशोभित रथ घोड़े के साथ ऐसी शोभा बढ़ा रही थी, मानो देवलोक का नजारा हो। डीजे व बैंड बाजा पर थिरकते हुए श्रद्धालु चल रहे थे। इनके पीछे शिव पार्वती, राधा-कृष्ण, हनुमान, च्यवन ऋषि, भूत-प्रेत, पिचाश, औघड़ के साथ नृत्य करते कलाकार चल रहे थे। बारात पूरे देवकुंड नगरी का भ्रमण करते हुए नौरंगा गांव से लौटकर बाबा दुधेश्वर नाथ मंदिर परिसर पहुंची। जहां वैदिक मंत्रोच्चार के बीच दुधेश्वरनाथ मंदिर में विवाह की रस्म अदा की। इस दौरान विभिन्न धार्मिक संगठन, व्यवसायियों व आसपास के सैकड़ों महिलाओं ने पुष्प वर्षा की। सुरक्षा को लेकर देवकुंड थानाध्यक्ष अनंत कुमार दल बल के साथ मुस्तैद रहे।

## नारी शक्ति फिटनेस रन के तहत दौड़ प्रतियोगिता का आयोजन



**बारूण (औरंगाबाद) (नि.सं.)।** बारुण प्रखंड के बरौली में नारी शक्ति फिटनेस कार्यक्रम के अंतर्गत दौड़ प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का आयोजन नेहरू युवा केंद्र औरंगाबाद के तत्वाधान में बरौली में किया गया। जिसमें 30 प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया। प्रतियोगिता के आयोजन के बाद सम्मान समारोह का आयोजन किया गया सम्मान समारोह के मुख्य अतिथि समाजसेवी मुकेश कुमार सिंह थे। विशिष्ट अतिथि आदित्य कुमार सौरभ कुमार एवं दिनेश कुमार सिंह थे। वक्ताओं ने संबोधन के क्रम में कहा कि महिला मातृशक्ति हर रूप में पूज्नीय एवं वंदनीय रही है। हमारी सनातन परंपरा भी इस बात का प्रमाण देती है, जहाँ मैत्रेयी, अनसुइया जैसी विदुषी महिलाओं ने अपनी बुद्धि एवं विद्वता का परिचय दिया। वही रानी दुर्गावती, लक्ष्मीबाई एवं अहिल्याबाई होल्कर जैसी सशक्त महिलाओं ने दुश्मनों को अपनी ताकत का लोहा मनवाया है। संबोधन के उपरांत सफल प्रतिभागियों को टीशर्ट टोपी एवं मोमेंटो देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर अंजली कुमारी, नेहा कुमारी, सुमन कुमारी ,प्रिया कुमारी, संगीता कुमारी ,रजनी कुमारी ,मनीषा सहित कई लोगों उपस्थित थे।

## विदेशी शराब समेत गाड़ी बरामद

**नवीनगर (औरंगाबाद)(नि.सं.)।** नवीनगर थाना क्षेत्र के मझियावां घिरसिंडी गांव के पुल के समीप से गुप्त सूचना के आधार पर छापेमारी के दौरान पिएसआई जितेन्द्र कुमार एवं सशस्त्र बल के द्वारा टाटा मैजिक वाहन के धान के भूसी भरे बोरा के अंदर छिपा कर रखे गए 19 कार्टून से झारखंड निर्मित 180 एमएल के 912 बोतल रॉयल ब्लू माल्ट व्हिस्की विदेशी बरामद किया गया है थानाध्यक्ष मनोज कुमार पांडेय ने बताया कि पुलिस को देख शराब धंधेबाज वाहन और विदेशी शराब छोड़कर भागने में सफल रहा वाहन और विदेशी शराब को जप्त कर थाना लाया गया है।

## 112 इमर्जेंसी रिस्पांस सिस्टम के तहत मिले 34 वैन

कार्यालय संवाददाता

**औरंगाबाद।** अब औरंगाबाद की पुलिस किसी भी घटना-दुर्घटना के घटित होने के बाद महज 20 मिनट के अंदर मौके पर पहुंचेगी। ऐसा संभव होने जा रहा है, पुलिस की 112 इमर्जेंसी रिस्पांस सिस्टम से। इस सिस्टम के तहत पहले औरंगाबाद को 112 नंबर सर्विस के महज 6 वाहन उपलब्ध कराए गए थे लेकिन राज्य सरकार द्वारा 34 नये वाहन उपलब्ध कराए जाने से इन वाहनों की कुल संख्या-40 हो गई है। इन वाहनों को औरंगाबाद जिले के सभी 40 थानों के हिसाब से प्रति थाना एक-एक वाहन उपलब्ध करा दिया गया है। राज्य सरकार द्वारा उपलब्ध कराए गए इन 112 नंबर के पुलिस वैन को शनिवार को पुलिस कप्तान स्वपना गौतम मेश्राम ने पुलिस लाइन से हरी झंडी दिखाकर अपने-अपने आवंटित थानों के लिए एक साथ रवाना किया। इस मौके पर हेडक्वार्टर डीएसपी नभ वैभव, आकाश कुमार समेत पुलिस महकमें के अन्य अधिकारी मौजूद रहे। प्रतीकात्मक रूप से हुटर और पुलिस सायरन बजाते 112 पुलिस वैनो को रवाना करने के बाद पुलिस अधीक्षक स्वपना गौतम मेश्राम ने कहा कि इमर्जेंसी रिस्पांस सिस्टम के तहत 34 नए वाहनों को उपलब्ध कराएं जाने के साथ ही पहले से उपलब्ध 6 वाहनों को मिलाकर इन वाहनों की कुल संख्या 40 हो गई है। इन वाहनों को थानावार सभी थानों को आबंटित कर उपलब्ध करा दिया गया है। इन वाहनों के लिए 8 घंटे की शिफ्ट के अनुसार 24 घंटे सेवा देने के लिए तीन शिफ्टों में चालक समेत पुलिस पदाधिकारी एवं पुलिस बलों की सेवाएं उपलब्ध कराई गई है। कहा कि इन वाहनों के उपलब्ध होने के बाद औरंगाबाद के किसी भी थाना क्षेत्र में किसी भी घटना-दुर्घटना के होने की 112 नंबर पर डायल कर सूचना दिए जाने के 20 मिनट के अंदर संबंधित थाना की इमर्जेंसी रिस्पांस सर्विस की पुलिस टीम मौके पर पहुंचेगी। उन्होंने कहा कि औरंगाबाद पुलिस को शीघ्र ही 112 सेवा के लिए बाइक्स भी उपलब्ध होने वाला है, जिसकी सेवा शहरी इलाको में गली-गली तक पुलिस की पहुंच सुनिश्चित करने में ली जाएगी। एसपी ने कहा कि इन वाहनों के माध्यम से पुलिस को अपराध नियंत्रण में सहुलियत होने के साथ ही अपराध में कमी तो आएगी। साथ ही लोगो को पुलिस भी त्वरित गति से बेहतर सेवाएं दे सकेगी।

BAYC Institute
स्थापित : 1972
बिहार एक्युप्रेशर योग कॉलेज
गांधी सेतु लिंक पथ, बिस्कोमान कॉलोनी गोलम्बर के पूरब, पटना-7



नामांकन प्रारंभ | नियमित / पत्राचार कोर्स
डॉक्टर बनें
एक्युप्रेशर, योग, इलेक्ट्रोपैथी, ट्रेडिशनल मेडिसिन

DIPLOMA COURSE
DAT Acupressure Theapy | DAYS Acupressure Yoga Science | DY Yoga अवधि : 02 वर्ष योग्यता : 10th | DEMS Electrohomeopathy Medicine Science अवधि : 02 वर्ष योग्यता : 10th

DEGREE COURSE
MBBA Bachelor of Magnet & Acupressure | BAYS Bachelor of Acupressure Yoga Science अवधि : 03 वर्ष योग्यता : 10+2 | BEMS Bachelor of Electrohomeopathy Medicine Science | MBAS Bachelor of Medicine in ALT. Science अवधि : 4½ वर्ष योग्यता : 10+2
MD (Acu Yoga) | MD (TM) अवधि : 01 वर्ष योग्यता : मेडिकल ग्रेजुएट | MD (EH) अवधि : 02 वर्ष योग्यता : BEMS
BA (Yoga) | MA (Yoga) | Yoga Teacher Course

PROFESSIONAL
BLIS | MLIS | BBA | MBA

TRADITIONAL
BA | MA HINDI | POLITICAL SCIENCE SOCIOLOGY | HISTORY

Proposed Campus

Bihar State Govt. University & Central University UGC DEB MHRD Govt. of India Recognised
Direct Admission | Regular Classes | Online Classes | Experienced Faculties
» एक्यूप्रेशर चिकित्सा की उत्तम व्यवस्था यथा गर्दन, कंधा, कमर, घुटना दर्द, गठिया, डायबिटिज आदि |



डॉ. अजय प्रकाश
सचिव

कॉलेज से उत्तीर्ण हजारों विद्यार्थी सरकारी संस्थानों, गैर सरकारी संस्थानों एवं निजी संस्थान खोलकर सेवा दे रहे हैं|



डॉ. सर्वदेव प्रसाद गुप्त
अध्यक्ष

Apply Online : www.bayc.in
9572607696, 9304942855, 9334278279
परीक्षा सूचना : एक्युप्रेशर, योग, इलेक्ट्रो होमियोपैथी, ट्रेडिशनल मेडिसिन, हर्बल मेडिसिन, कम्युनिटी मेडिकल कोर्स की परीक्षा शीघ्र प्रारम्भ होने वाली है| सम्बंधित छात्र/छात्राएं कॉलेज कार्यालय में संपर्क करें|
Email : baycpatna@gmail.com | Website : www.indianacupressure.com

ESTD-2014
UDISE CODE-10340301904
Reg. No. BEP/SSA/AU-259
बिहार सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त
STAR BRAINS ACADEMY
A Fully English Medium School
Based on C.B.S.E. Board, New Delhi
Class From Play to Xth
Facilities
» Smart Class
» Computer Class
» Vehicle on All Route
» Sports, Music & Dance
» Play Ground
» Everyday Doubt Clearing Class
» Corridors Under CCTV Surveillance
» Hostel Facilities
» Teacher's from kerela



ADMISSION IS GOING ON
Director
Dhananjya Kumar
(MBA)
La'dev Complex, S.K. Nagar, Aurangabad (Bihar)
Mob.:- 8539970212. 888251 15546
Email: info@starbrainsacademy | www. starbainsacademy.in